CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 34° C
न्यूनतम : 21° C

मुरादाबाद, गुरुवार 14 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 268 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 | 26 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**बुजुर्गों, विधवाओं व दिव्यांगों के साथ अन्याय कर रही है मोदी सरकार : खड़गे** पेज 2



**पैट कमिंस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना** खेल टाइम्स



**स्त्री को खुद लिखनी होगी अपनी परिभाषा** सम्पादकीय



**ट्रम्प के रक्षा बजट पर मचा बवाल, ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान** पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### मुलायम सिंह के छोटे बेटे प्रतीक का निधन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) संरक्षक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह 38 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह करीब छह बजे प्रतीक यादव को लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभी तक मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

### अमूल दूध 2 रुपये प्रति लीटर महंगा

**नई दिल्ली।** डेयरी और एफएमसीजी क्षेत्र से उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। अमूल ने अपनी दूध की कीमतों में इजाफा करने का फैसला किया है, जिसका सीधा असर आम आदमी के मासिक बजट पर पड़ेगा। अमूल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पूरे भारत में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की मूल्य वृद्धि है, जो देश के सभी बाजारों में समान रूप से लागू की जा रही है।

# हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, यह जीवन जीने का तरीका

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हिंदू धर्म को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का तरीका है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति के हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई विशेष धार्मिक कर्मकांड करना अनिवार्य नहीं है। यहां तक कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर या झोपड़ी में दीपक जलाता है, तो वही उसकी आस्था और धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है। यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने की। पीठ धार्मिक स्वतंत्रता, महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश और विभिन्न समुदायों की धार्मिक प्रथाओं से जुड़े मामलों पर सुनवाई कर रही है। इनमें सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, एमएम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, आगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। सुनवाई के 15वें दिन जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, एक हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डा. जी. मोहन गोपाल ने अदालत के समक्ष कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म को पहले एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था और बाद में 1966 में एक फैसले में कहा गया कि हिंदू वह है, जो धर्म और दर्शन से जुड़े सभी मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है। डा. गोपाल ने अदालत से कहा कि उन्होंने हमसे कभी नहीं पूछा। हममें से किसी ने भी ऐसा नहीं कहा। मुझे वेदों के प्रति सर्वोच्च सम्मान और गहरी श्रद्धा है, लेकिन क्या आज हर वह व्यक्ति जिसे हिंदू माना जाता है, वास्तव में वेदों को धर्म और दर्शन में सर्वोच्च मानता है? इस पर न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इसीलिए हिंदू धर्म को जीवन जीने का तरीका कहा जाता है। किसी हिंदू के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है, ताकि वह हिंदू बना रहे। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति को कर्मकांडों का पालन करना जरूरी नहीं है और किसी की आस्था के रास्ते में कोई बाधा नहीं डाल सकता।

### नीट पेपर रद्द : NTA को बदलने की मांग

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि एनटीए द्वारा नीट यूजी 2026 परीक्षा के आयोजन में व्यवस्थित विफलता हुई है। याचिका में मांग की गई है कि नीट को बदला जाए या उसका पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाए। साथ ही, नीट-यूजी 2026 की नई परीक्षा न्यायिक निगरानी में कराई जाए। याचिका में यह मांग की गई है कि वह केंद्र सरकार को एनईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए एनटीए को एक अधिक मजबूत, तकनीकी रूप से उन्नत और स्वायत्त निकाय से बदलने का निर्देश दे।

### CBSE 12वीं के नतीजे घोषित बेटियां फिर अव्वल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया, लेकिन इस बार 12वीं के वार्षिक परिणाम में पिछले साल की तुलना में गिरावट दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष कुल पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इस बार पंजीकृत 17.80 लाख छात्रों में से 17,68,968 छात्र परीक्षा में बैठे, जिनमें से 15,07,109 छात्र सफल रहे। इस वर्ष का कुल पास प्रतिशत 85.20 फीसदी रहा, जबकि वर्ष 2025 में यह आंकड़ा 88.39 प्रतिशत था। इस प्रकार पिछले साल के मुकाबले परिणामों में स्पष्ट गिरावट देखी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 12वीं के नतीजों में इस बार भी छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले बाजी मारी है। इस वर्ष छात्राओं का कुल पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 82.13 दर्ज किया गया। इस प्रकार, सफलता के मामले में लड़कियां लड़कों से 6.73 प्रतिशत आगे रही हैं। हालांकि, पिछले साल की तुलना में छात्राओं के प्रदर्शन में भी गिरावट आई है।

# उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में होगी स्वैच्छिक चकबंदी

## महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट के 19 पदों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- लघु जल विद्युत परियोजना की नीति में संशोधन पर मुहर
- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने प्रदेश में चकबंदी को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विभागों से संबंधित फैसले भी लिए हैं।

कैबिनेट ने चकबंदी को लेकर जो फैसला लिया है उसके मुताबिक पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी होगी। हर जिले में 10 गांव का लक्ष्य रखा गया है। 75 प्रतिशत ग्रामीणों की सहमति जरूरी होगी। डिजिटल माध्यम से चकबंदी होगी। आपत्ति का निस्तारण भी होगा। राजस्व परिषद समीक्षा अधिकारी सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी। कम्प्यूटर का ज्ञान के बजाय 8000 की टाइपिंग स्पीड, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, विंडोज का भी ज्ञान जरूरी। सगंध पौध केंद्र का नाम परफ्यूमरी अनुसंधान संस्थान होगा। सुप्रीम कोर्ट के तहत दो पद और होंगे। मेडिकल कॉलेज में कमेटी तीन साल के लिए संविदा पर रखती थी। अब सचिव स्तर पर ही होगा। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के ढांचे का पुनर्गठन होगा। 29 से बढ़ाकर 40 पद किए गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में 277 कार्मिक 2009 से लगे हैं, उनको समान कार्य समान वेतन -शेष पृष्ठ दो पर

Shobhit
Institute of Engineering & Technology
Deemed to-be-University
EDUCATION EMPOWERS

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

TIME TO SHINE
WITH SUEducation

UGC 12B Status Granted

37 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

Admission Notice 2026-27

School of Computational Sciences and Engineering
B.Tech. Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Machine Learning | Data Science | Cyber Security
Cloud Computing | Full Stack Development
M.Tech. Computer Science & Engineering
BCA (Bachelor of Computer Applications)
Artificial Intelligence & Machine Learning | Cyber Security
Internet of Things | Data Science
MCA (Master of Computer Applications)
Cloud Computing | IoT | Network and Information Security
Full Stack Development | Data Science & Machine Learning
M.Sc. Artificial Intelligence | M.Sc. Data Sciences
M.Sc. Cyber Security

School of Biomedical Engineering & Health Sciences
B.Tech. Biomedical Engineering
Clinical & Neural Engineering | Biomaterials & Bio-nanotechnology
Cellular, Tissue & Genetic Engg | Biomedical Signal & Image Processing
Biomedical Electronics & Instrumentation
M.Tech. Biomedical Engineering
B.Sc. (Honors) Biomedical Sciences
M.Sc. Biomedical Sciences | M.Sc. Medical Physics

School of Biotechnology & Life Sciences
B.Tech. Biotechnology
AI & Data Driven Biotechnology | Industrial & Pharmaceutical Biotechnology
Medical Biotechnology | Bio-Entrepreneurship & Regulatory Affairs
M.Tech. Biotechnology
B.Sc. (Honors) Biotechnology | B.Sc. (Honors) Microbiology
B.Sc. (Honors) Nutrition & Dietetics
M.Sc. Biotechnology | M.Sc. Microbiology | M.Sc. Bio-Info
M.Sc. Clinical Research | M.Sc. Food Science & Technology

School of Agriculture & Environmental Sciences
B.Tech. Agriculture Engineering
Geospatial AI & Remote Sensing | Soil & Water Conservation Engg
Farm Machinery & Power Engg | Processing & Food Engg
M.Tech. Agriculture Engineering
B.Sc. (Honors) Agriculture
M.Sc. Horticulture | M.Sc. Agronomy
M.Sc. Environmental Sciences | M.Sc. Geo-Informatics

School of Humanities, Physical & Mathematical Sciences
M.Sc. Mathematics | M.Sc. Geo-Informatics

NICE School of Business Studies (NICE SBS)
BBA (Bachelor of Business Administration)
Digital Marketing | Banking, Finance & Insurance
Global Business & Management
MBA (Master of Business Administration)
Agri-Business & Rural Entrepreneurship | Digital Business & AI
Global Trade & Logistics Management | Fintech, Banking & Insurance
People Management & HR Analytics | Marketing & E-Commerce
Pharmaceutical & Healthcare Management

School of Law & Constitutional Studies
BA LL.B. | B.Com. LL.B. (Honors) | BBA LL.B. (Honors)
LL.B. (3 Years)
LL.M. (2 Years/1 Year)
Constitutional & Administrative Law | Corporate & Commercial Law
Criminal & Security Law | Cyber Law | Intellectual Property Rights

School of Education
B.Ed. (Bachelor of Education)

Centre for Commerce, Economics, and FinTech
B.Com. (Honors) | M.Com.
BA (Honors) Business Economics

Centre for Psychology & Human Behaviour
BA (Honors) Psychology
PG Diploma in Counselling Psychology

Centre for Law & Good Governance
BA (Honors) Government & Administration (4 Years)

Centre for Yoga & Research
PG Diploma in Yoga

Doctoral Studies
The University offers a rigorous and research-oriented Ph.D. program aimed at fostering innovation and advancing knowledge across diverse disciplines.

SUNET
Admission and Scholarship Pathway
Shobhit University National Entrance & Scholarship Test
www.shobhituniversity.ac.in/sunet.php

THE SHOBHIT DIFFERENCE

A Century of Purpose
A hundred years of family legacy empowering lives, communities and the nation through education – since 1924.

70+ Programs. One University
Engineering, AI, Cyber Security, Data Sciences, Fintech, Biomedical Sciences, Agri-Business, Law and more.

Research That Matters
Patents, Ph.D. programs, an MSME Technology Business Incubator and an AICTE IDEA Lab – innovation is part of daily life here.

Your Career Starts Here
Placement training, soft-skills development and strong recruiter engagement every year – the University Training & Placement Cell connects students to opportunities across IT, BFSI, Manufacturing, Life Sciences and Consulting.

Clubs and Societies
More than fifty student clubs and societies. From robotics to theatre, every student finds their stage here. Because leaders are shaped outside the classroom too.

Alumni Across the Globe
Shobhit graduates work in organisations and communities across more than thirty countries.

Connectivity
Travel from Delhi by RRTS and from anywhere in Meerut by Metro – Modipuram Station is just 200 metres from the University gate.



INTERNATIONAL PATHWAYS
MBA Pathway to USA • UK • France

RANKINGS
PROUDLY TOP 5 IN INDIA
In the List of Top 10 Applicants for Patents from Scientific Industrial Research Organisations (DST-SIRO)
Dept. for Promotion of Industry and Internal Trade
Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India

1 Amongst India's Distinguished Law Schools – The CSR Law School Survey 2025
27 Amongst TOP B-School of India – Times B-School Survey 2026
26 Amongst Top Private and Deemed multidisciplinary University – The WEEK-India's Best Universities Ranking Survey 2025
25 Amongst Top Engineering Institutions of India – Times Engineering Institute Ranking Survey 2025

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed-to-be University established u/s 3 of UGC Act, 1956]
NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR | www.shobhituniversity.ac.in

SCAN TO APPLY

Admission Helpline
7617505016 / 9870265521

Delhi Office: Shobhit University Tower, Pocket-B, Mayur Vihar Phase-II, New Delhi-110091 | +91-11-35205500

CMYK

# आखिरत का ख्याल रखें मुसलमान : उलेमा

## जिंदगी को दीन के मुताबिक आसानी के साथ गुजारें





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** उलेमाओं ने कहा कि मुसलमान आखिरत का पूरा ख्याल रखें और दीन के मुता. बिक आसानी के साथ जिंदगी गुजारें।

प्राप्त समाचार के अनुसार करीबी कस्बा मानियावाला में बीती रात एक दीनी, तालीमी, तब्लीगी, इस्लाही व दस्तार बन्दी हुफ्फाज ए किराम एक अजीम उल शान इजलास ए आम मदरसा इस्लामिया अरबिया खादिम उल इस्लाम फारुकिया जामा मस्जिद में मुनाआकिद हुआ। जिसमें मदरसा से हाफिज ए कुरआन की तालीम हासिल कर फारिग हुए चार तालिब ए इल्म को उलेमा ए किराम ने दस्तारबन्दी कर सनद से नवाजा।

जलसे की सदारत हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल रहमान नाजिम ए आला मदरसा अंसार उल उलूम नौगांवा, व निजामत मुफ्ती जुबैर आलम कासमी उस्ताद मदरसा इशाअतुल उलूम ने की। सरपरस्ती मौलाना नईम अहमद उस्ताद मदरसा वादी अल हुदा, जेरे कयादत मौलाना शराफात उल्लाह, जलसा की हिमायत हजरत मौलाना शरीफ अहमद अमीर ए तब्लीगी जमात ने की।

इजलास की इब्तिदा कारी हबीबुर्रहमान ने तिलावते कुरआन पाक व कारी मौहम्मद मिर्जा अनस अमरोहा ने नाते पाक से की। उन्होंने कहा कि-**किरदार बना तू मिर्जा अनस किरदार था जैसा आका का, फिर आका की नजरों में तेरे किरदार का आलम क्या होगा।**

जलसे में आए अवाम को खिताब करते हुए मेहरबान ए



खुसूसी हजरत मौलाना मौहम्मद आदम मुस्तफा अमीर तब्लीगी जमात फिरोजाबाद ने मौजूद सामाइन की इस तरफ तवज्जो दिलाई कि मरने से पहले इन तीन सवाल की तैयारी करो, तुम्हारा रब कौन हैं? तुम्हारा दीन क्या है? तुम किसके उम्मती हो? इन तीन सवालात का सामना जिन्दगी के हर मोड़ पर करना है। इनके जवाब रट लेने से काम नहीं चलेगा। इनका जवाब कसरत के साथ अमल करने वाला ही वक्त आने पर जवाब दे पाएगा। अगर इन तीन सवालों के जवाबों पर अमल कर लिया, तो दुनिया व आखिरत दोनों संवर जाएगी, इसलिए कुरआन और अल्लाह के अहकाम, व नबी की सुन्नतों पर अमर करते हुए जिंदगी गुजारो। उन्होंने कहा कि दुनियावीं तालीम के साथ दीनी तालीम भी हासिल करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि दुनिया चंद दिनों की है। अपनी दुनिया को भी खुशगवार बनाओ और आखिरत को भी संवारों।

इस मौके पर हिफ्ज कुरआन से फारिग होने वाले चार हुफ्फाज ए किराम, हाफिज मौहम्मद अली वल्द सलामत उल्लाह, हाफिज मौहम्मद हमजा वल्द निसार अहमद, हाफिज मौहम्मद जैद वल्द मरहूम जुल्फिकार अहमद निवासीगण मानियावाला, हाफिज अनजर अली वल्द इशरत अली कस्बा झालू की उलेमा ए किराम हजरात ने दस्तारबंदी कर सनद व शील्ड से नवाजा। हजरत मौलाना हसीबुर्रहमान सफीर दारुल उलूम देवबंद व मौलाना मौहम्मद असलम मदरसा कासिम अल उलूम धामपुर ने भी जलसा को खिताब किया।

इस मौके पर मुफ्ती रियाजुद्दीन, मुफ्ती मौहम्मद इरफान, हाफिज मौहम्मद अय्यूब, मौलाना शमीम अहमद, मौलाना नफीस अहमद, मौलाना मौहम्मद आजम, मौलाना अजीम अहमद, कारी मौहम्मद इकरार, मुफ्ती मौहम्मद शाहिद, मुफ्ती मौहम्मद वसीम, मौलाना अल्ताफ अहमद, हाफिज मौहम्मद इदरीस, कारी मौहम्मद तय्यब, मदरसा अराकीन कमेटी से साबित प्रधान शहीदुल्लाह, मौहम्मद अकरम, जहीदुल्लाह, इनामुल्लाह, लियाकत ठेकेदार, मौहम्मद उस्मान, हाजी लियाकत उल्लाह, हमीदुल्लाह, मौहम्मद इमरान, मौहम्मद अशरफ, शहिद बबलू वगैराह व भारी तादाद में सामाइन ए किराम मौजूद रहे।

# मौसी व भांजे पर बेकसूरों को फंसाने का आरोप

## वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

**आफताब आलम**

**बिजनौर।** महिला रिश्तेदार को कथित तौर पर ब्लैकमेल कर उसके जरिए कई निर्दोष लोगों को मुकदमों में फंसाने का षड्यंत्र रचे जाने का मामला सामने आया है। इस पूरे मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने इलाके में हड़कंप मचा दिया है।

सूत्रों के अनुसार वायरल वीडियो में साफ तौर पर कुछ लोग आपस में साजिश की बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि वीडियो में नजर आ रहा व्यक्ति पीड़िता के मामा का लड़का है, जो बातचीत के दौरान अपनी मौसी की भूमिका का भी जिक्र करता सुनाई दे रहा है। जानकारों का कहना है कि इस पूरे प्रकरण में मुख्य भूमिका कथित तौर पर मौसी की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि जब कथित षड्यंत्रकारी अपने पहले प्रयास में सफल नहीं हुए, तो उन्होंने एक और नई साजिश रची और पीड़ित महिला के पति समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ थाना कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज करा दिया। मामले में यह भी चर्चा है कि महिला पर लगातार दबाव बनाया गया, जिसके चलते वह मजबूरी में उनके कहने पर कदम उठाने को बाध्य हुई।

वायरल वीडियो के सामने आने के बाद पूरे मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस वीडियो की निष्पक्ष और गहराई से जांच करे, तो कई बेकसूर लोगों को न्याय मिल सकता है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश व धरपकड़ जारी है। वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने पूरे घटनाक्रम को और अधिक संवेदनशील बना दिया है।

सवाल यह भी है कि क्या महिला को ब्लैकमेल कर इस्तेमाल किया गया? क्या निर्दोष लोगों को साजिश के तहत मुक. दमों में फंसाया गया? वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे लोगों की भूमिका क्या है? अब सभी की निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं।

### एक नजर

## नाला निर्माण कार्य में लापरवाही



**शेरकोट।** हाईवे किनारे चल रहे नाला निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही से स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। निर्माण के लिए की गई खुदाई को लंबे समय से खुला छोड़ दिया गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के सामने दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे गहरे गड्ढे खोदने के बाद न तो सुरक्षा बैरिकेड लगाए गए हैं और न ही चेतावनी संबंधी कोई बोर्ड लगाया गया है। रात के समय अंधेरा होने के कारण वाहन चालकों को गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी यह स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार बरसात शुरू होने पर गड्ढों में पानी भर जाएगा, जिससे परेशानी और बढ़ सकती है। कई दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई जा रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नाला निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए और तब तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

## मधुर मेमोरियल में तेजस टॉपर



**स्योहारा।** सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 के परीक्षाफल में मधुर मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिससे विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में खुशी का माहौल है। छात्र तेजस मोहन शर्मा ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। निकुंज कुमार राणा ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा गर्वित कुमार ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा और विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रधानाचार्य मैराज उद्दीन, मैनेजर आलोक अग्रवाल तथा डायरेक्टर सार्थक अग्रवाल ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय की ओर से मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में शीघ्र ही सम्मान समारोह आयोजित किए जाने की घोषणा भी की गई।

# लेखपाल पर जबरन जेसीबी चला कर बाउंड्री गिराने का आरोप

## उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम खानुजट में जमीन की पैमाइश और बाउंड्री वॉल तोड़े जाने के विवाद ने तूल पकड़ लिया। पीड़ित परिवार के समर्थन में बड़ी संख्या में ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंच गए, जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए न्याय की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

पीड़ित पक्ष के अनुसार ग्राम खानुजट निवासी तारोवती की पुत्रवधु पिंकेश पत्नी कामेंद्र सिंह ने बैनामे के माध्यम से भूमि क्रय की थी। जमीन खरीदने के बाद चारों ओर बाउंड्री वॉल कराकर कब्जा सुरक्षित कर लिया गया था। आरोप है कि पड़ोसी काश्तकारों ने राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों से मिलीभगत कर पश्चिम दिशा स्थित दीवार को जेसीबी से गिरवा दिया। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें इस संबंध में कोई पूर्व नोटिस नहीं दिया गया, जबकि रास्ते का निर्धारण पहले लेखपाल से जानकारी लेकर ही कराया गया था।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि हल्का लेखपाल और कानूनगो की मौजूदगी में यह कार्रवाई कराई गई, जिससे उन्हें करीब छह लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ। मामले को लेकर पीड़ित परिवार और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

आज बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के साथ तहसील परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग उठाई।

ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश और हंगामे को देखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

एसडीएम स्मृति मिश्रा ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए दूसरी राजस्व टीम गठित की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।

प्रदर्शन के दौरान कामिनी सिंह, राकेश कुमार, पूनम, ललित, विक्की, साहिब कुमार, निशांत, पल्लवी, सोनू, शांति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मौसम ने व्यापारियों से मांगा सहयोग

## ऊर्जा संरक्षण राष्ट्र के निर्माण के लिए मजबूत आधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने राष्ट्र के निर्माण के लिए ऊर्जा संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि इसमें व्यापारियों सहित सभी को सहयोग करना चाहिए।




प्राप्त समाचार के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को आत्मसात करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एड. ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने बुधवार को जैन धर्मशाला में व्यापारियों के साथ ऊर्जा बचाओ-राष्ट्र बचाओ विषय पर एक महत्वपूर्ण चिंतन बैठक की। बैठक में मौसम चौधरी ने ऊर्जा संरक्षण को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए व्यापारियों से इसमें सक्रिय सहयोग की अपील की। मौसम चौधरी ने उपस्थित व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग समाज की आर्थिक रीढ़ है और ऊर्जा बचाने में उनकी भूमिका अत्यंत विशिष्ट है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऊर्जा की बचत न केवल पर्यावरण के लिए जरूरी है, बल्कि यह सीधे तौर पर हमारी आर्थिक उन्नति से भी जुड़ी है। उन्होंने बताया की अनावश्यक यातायात और प्रदूषण को कम करने के लिए सम्मिलित रूप से वाहनों का प्रयोग करें। भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों से निपटने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना समय की मांग है। यदि हम आज ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं हुए, तो भविष्य में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हमें अपनी आदतों में छोटे बदलाव कर के बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करना होगा।

बैठक की अध्यक्षता सर्राफा संघ के अध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने की व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत ने किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल मनोज कुच्छल, प्रदेश अध्यक्ष व्यापारी एकता परिषद अराजनैतिक राहुल वर्मा, जिला अध्यक्ष अनाज किराना संघ एकांश माहेश्वरी, अध्यक्ष डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन चरणजीत सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, सुरेंद्र कपूर, वरुण अग्रवाल, अमित अग्रवाल, हितेश, सुमित शर्मा, अनिल गंभीर, मानव सचदेवा, राजवीर चौहान, संदीप चौधरी, सचिन राजपूत, कपिल राजपूत, सचिन अग्रवाल, सचिन कर्णवाल, हितेश भाटिया, सुमित सिंघल, राहुल, शादाब अहमद, मरगूब अहमद, राजीव शर्मा, अनिल गोयल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# घर में जहरीला कोबरा सांप निकलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम झारखंडी में रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक घर के भीतर जहरीला कोबरा सर्प निकल आया। आधी रात करीब एक बजे घर में कोबरा दिखाई देने के बाद परिवार के लोगों में दहशत फैल गई। देखते ही देखते आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम झारखंडी निवासी श्रवण सैनी के घर में बीती रात करीब एक बजे अचानक जहरीला कोबरा दिखाई दिया। सांप को देखते ही परिवार के लोगों के होश उड़ गए। घर में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि कोबरा घर के भीतर भारी सामान के नीचे छिपकर बैठ गया था। इससे उसे पकड़ना आसान नहीं था। किसी अनहोनी के डर से परिवार के लोग घर से बाहर निकल आए और तुरंत सर्प मित्र टीम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सर्प मित्र बी भास्कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने बेहद सावधानी और सूझबूझ के साथ रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी प्रयास के बाद कोबरा को सुरक्षित पकड़ लिया गया। बताया गया कि कोबरा करीब एक वर्ष का था। रेस्क्यू के बाद टीम ने कोबरा को इंसानी आबादी से दूर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। सांप के पकड़े जाने के बाद घर वालों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। लोगों ने सर्प मित्र टीम की सराहना करते हुए धन्यवाद जताया। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि मानसून और बदलते मौसम के दौरान अक्सर जहरीले जीव आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंच जाते हैं। बी भास्कर ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं सांप दिखाई दे तो उसे खुद पकड़ने या मारने की कोशिश न करें। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में तुरंत विशेषज्ञों या वन विभाग को सूचना दें, ताकि सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया जा सके और किसी

## सोलंकी ने 100 दिनों की भारत जलवायु सत्याग्रह यात्रा की शुरूआत की

**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआई) के पूर्व प्रोफेसर प्रो. चेतन सिंह सोलंकी ने जलवायु परिवर्तन और टिकाऊ वनशैली को लेकर देशव्यापी जन जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां स्थित महात्मा गांधी के स्मारक राजघाट से 100 दिनों की 'भारत जलवायु सत्याग्रह यात्रा' की शुरुआत की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड के...** मिलेगा। लैब टेक्नीशियन संवर्ग के ढांचे को पुनर्गठन किया जाएगा। 266 मेडिकल लैब टेक्निकल ऑफिसर के होंगे। महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट के कुल 16 पदों को मंजूरी मिली है। लघु जल विद्युत परियोजना की नीति में संशोधन को मंजूरी दी गई है। डेवलोपर की परफार्मेंस सिक्योरिटी शून्य होगी। पहले परियोजना की डीपीआर बनती थी, अब प्री फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनेगी। जब विकासकर्ता को फॉरेस्ट क्लीयरेन्स मिलेगी, तो उसके समय तय होंगे। उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम के लिए शैक्षिक नियमावली मंजूर। मान्यता के आवदेन की प्रक्रिया, शर्तें, नवीनीकरण, मान्यता समाप्त करने के नियम तय हुए हैं। निर्माण के लिए 10 लाख प्रति पंचायत के बजाय अब 20 लाख मिलेंगे। विधानसभा सत्र के सत्रावसान को मंजूरी दी गई। फॉरेंसिक साइंस में 15 पद सृजित करने को मंजूरी मिली है। यात्रा व्यवसाय पंजीकरण नियमावली में संशोधन को मंजूरी। अब होम स्टे छह के बजाय आठ कमरे तक का होगा। संचालक को वहां रहना होगा। नवीनीकरण स्वत: हो जाएगा। उत्तराखंड राज्य चकबंदी कर्मियों की सेवा नियमावली 2026 को मंजूरी मिली है। यूपीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल में पहले निदेशक के चयन की नियमावली बनी थी। जिसमें निदेशक मंडल में नियुक्त शब्द हटाया गया है। अब बाहर का व्यक्ति भी निदेशक बन सकेगा।

# पेपर लीक रोकने को सड़कों पर उतरे जेन-जी: केजरीवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि कि पेपर लीक जैसे घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा।



केजरीवाल ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर बुधवार को देश के युवाओं (जेन-जी) से सीधा वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने जेन का आह्वान करते हुए कहा कि बहुत हुआ पेपर लीक, अब इस घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन-जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा। उन्होंने नेपाल और बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए युवाओं से कहा कि जब वहां जेन अपनी सरकार बदल सकते हैं, तो हमारे देश का जेन पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता? हर बार पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आजतक किसी को सजा नहीं मिली। इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि ज्यादातर पेपर लीक भाजपा शासित राज्यों में क्यों होते हैं, क्या इस घिनौने खेल में भाजपा के नेता सीधे तौर पर शामिल हैं? कुछ लोग सिस्टम फेल होने की बात करते हैं, लेकिन वे लोग ऐसा कहकर अनजाने में पेपर लीक में शामिल टॉप पर बैठे व्यक्ति को बचा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यह देश युवाओं का है। इन नेताओं को इस देश में कोई दिलचस्पी नहीं। इनके बच्चे तो विदेशों में पढ़ते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि देश के एक बड़े नेता ने कभी कहा था कि जरूरत पड़ी, तो झोला उठाकर चला जाऊंगा, लेकिन हम कहां जाएंगे? हमारा परिवार तो इसी देश में रहता है। इसलिए हमें और युवाओं को मिलकर ही इस देश को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जांच सीबीआई को सौंप दी गई है, हर बार की तरह इस बार भी सीबीआई ने 10-15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हर बार की तरह इस बार भी सभी आरोपी तीन से चार महीने में जमानत पर बाहर आ जाएंगे और हर बार की तरह इस बार भी ये सारे जेल से छूटे हुए बदमाश फिर से अगले साल पेपर लीक करने की तैयारी शुरू कर देंगे।

## ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर रूस से तेल खरीदें मोदी: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर तत्काल रूस से तेल एवं गैस खरीदना शुरू करना चाहिए। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन कर रूस से गैस लेकर भारत आ रहे एक जहाज को केंद्र सरकार की ओर से वापस लौटाने पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आप, ट्रम्प के आगे झुकना बंद कीजिए और तत्काल रूस से तेल तथा गैस खरीदना शुरू कीजिए। एक तरफ तो आप देश को पेट्रोल, डीजल और गैस बचाने की सलाह दे रहे हैं और दूसरी तरफ रूस तेल-गैस दे रहा है तो लेने से मना कर रहे हैं, क्यों? उन्होंने कहा कि पूरे देश में अफवाह फैली हुई है कि अडानी को बचाने और एपस्टीप फाइल में नाम आने से मोदी बहुते डरे हुए हैं।

# कांग्रेस की ग्रेट निकोबार परियोजना पर ओरांव से हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आदिवासी कार्य मंत्री जुएल ओरांव को पत्र लिखकर अंडमान-निकोबार की ग्रेट निक. ोबार परियोजना में आदिवासी समुदायों के वन अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।



रमेश ने ओरांव को बुधवार को लिखे पत्र में कहा कि केंद्र सरकार ने ग्रेट निकोबार परियोजना में सभी वैधानिक प्रक्रियाओं के पालन का दावा किया है, लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक ग्राम सभा की सहमति, वन अधिकारों के निपटारे व आदिवासी समुदायों से वैधानिक परामर्श की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि 13 हजार हेक्टेयर से अधिक वन भूमि हस्तांतरण के मामले में निकोबारी और शोम्पेन जनजातियों की पारंपरिक भूमि शामिल होने के बावजूद गैर-आदिवासी बस्तियों की ग्राम सभाओं की सहमति को आधार बनाया गया, जो कानून के विपरीत है। इस मामले में एक व्यक्ति द्वारा पूरी जनजाति की सहमति दिखाने पर भी सवाल उठाया है तथा कहा कि बाद में संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस लेने के बावजूद उसे सहमति के रूप में प्रस्तुत किया।

# चांदपुर के फादरसन पब्लिक स्कूल की अपेक्षा तोमर जनपद की टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज सीबीएसई की इंटरमीडिएट की परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। जिसमें चांदपुर के फादरसन पब्लिक स्कूल की इंटरमीडिएट की छात्रा अपेक्षा तोमर ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर के फादरसन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

इसी क्रम में अपेक्षा तोमर पुत्री अमित कुमार ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपेक्षा तोमर ने बताया कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हैं। वह अधिकारी बन कर देश व समाज की सेवा करना



### मोबाइल व सोशल मीडिया से बनाए रखी दूरी

चाहती है। कला वर्ग से सफलता का परचम लहराने वाली अपेक्षा तोमर ने परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया और मोबाइल फोन से काफी दूरी बनाकर रखी। शिक्षकों के अनुसार उन्होंने लगातार कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन के साथ पढ़ाई की तथा कभी भी शिकायत का मौका नहीं दिया। अपेक्षा तोमर का कहना है कि आज के समय में सोशल मीडिया और मोबाइल का बढ़ता प्रभाव छात्रों का ध्यान भटका देता है, लेकिन उन्होंने इन सब चीजों से दूर रहकर पूरी मेहनत और समर्पण के साथ अध्ययन किया, जिसका परिणाम आज उनकी इस शानदार सफलता के रूप में सामने आया है।

वहीं मलाइका मुंतजिर पुत्री मोहम्मद मुंतजिर ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। राशि पुत्री आलोक कुमार ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। उन्नति राजपूत पुत्री विक्की चौहान ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। अरसलान पुत्र मौहम्मद शाकिर ने 92.6 प्रतिशत, आयशा पुत्री रईस अहमद ने 92.2 प्रतिशत, तस्मिया नफीस पुत्री नफीस अहमद ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। स्कूल की प्रबंधिका आभा सिंह, प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। शाह टाइम्स परिवार भी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## वृद्धा को लूटा

**बिजनौर।** ग्राम रामपुर ठकरा निवासी कैलाशो देवी (70 वर्ष) पत्नी मेवाराम सिंह ने डीएम को दिए पत्र में बताया है कि वह नौ मई की सुबह लगभग दस बजे दिन के एसबीआई बैंक शाखा बेराज रोड से पैसे निकालने के लिए घर गई थी। अनपढ़ व जानकारी न होने के कारण शनिवार को बैंक बंद थे। बैंक खुलने के इंतेजार में बैंक के बाहर बैठी थी। कुछ समय बाद एक लड़का मोटरसाइकिल से आया और मुझसे पूछने लगा कि आप यहां क्यों बैठी हो और मैंने बताया कि मैं पैसे निकालने आयी थी और उसने मुझसे पूछा की आपकी पैन्शन बनी हुई है या नहीं मैंने उसके पूछने पर इंकार कर दिया, तो उसने मुझे कहा कि मैं तुम्हारी पैंशन बनवा दूंगा और मुझे मोटरसाइकिल पर बैठाकर मण्डावर रोड पर ले गया। वहां उसका एक साथी पहले से मौजूद था और उसके पास धारदार हथियार थे। उन्होंने मुझे डरा धमका कर मेरे कानों से सोने के कुण्डल व चांदी की पायल निकाल ली। उक्त जेवर लगभर 85000 रुपए के थे। नगद धनरा. शि 2500 रुपए थे। जो मेरे पास थी उसको भी छीन लिया। वह सब पैसे मेरी रिश्तेदार की पुत्री की शादी में जाने के लिए थे।

# अनुष्का का लक्ष्य इंजीनियर बन कर देश की सेवा करना

**बिजनौर।** मार्डन ऐरा पब्लिक स्कूल की इंटरमीडिएट की पीसीएम ग्रुप की छात्रा अनुष्का पुत्री अजय तायल ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया है। अनुष्का इंजीनियर बन कर देश की सेवा करना चाहती है। अनुष्का का मानना है कि अगर लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई की जाए, तो सफलता जरूर मिलती है। उनका मानना है कि किताबों से अच्छा दोस्त कोई नहीं होता है और


ANUSHKA

मोबाइल व सोशल मीडिया से दूरी बना कर रखनी चाहिए।

## स्कूल की छत पर हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया छात्र, हालत गंभीर

**नगीना।** ग्राम खानपुर निवासी ब्रह्मपाल का पुत्र हरीश रमपुरा के सरकारी स्कूल में पढ़ता है। आज वह स्कूल की छत पर चढ़ गया था। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। तेज करंट लगते ही चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्कूल स्टाफ और स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## बिजनौर में अभिभावकों का प्रदर्शन

**बिजनौर।** अभिभावक संघ की बैठक मौहल्ला जाटान में धर्म सिंह के आवास पर आयोजित की गई। बैठक के बाद कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम को ज्ञापन सौंपा। बैठक में संघ के अध्यक्ष निपेंद्र देशवाल एड. ने कहा कि निजी स्कूल निरंकुश हो चुके हैं। अवैध वसूली से लेकर कॉपी किताबों पर मुनाफाखोरी तय कर रहे हैं। जहां एक और मोदी जी और योगी जी का सपना है कि सब पढ़ेंगे, सब बढ़ेंगे, वहीं निजी स्कूल शिक्षा को और महंगा करते जा रहे हैं। श्री देशवाल ने कहा कि निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अभिभावक संघ फिर से सड़कों पर उतरेगा। बैठक की अध्यक्षता सोनल चौहान ने की। संचालक अभिषेक वत्स ने किया। बैठक के बाद बड़ी संख्या में अभिभावक डीएम कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि मुख्यालय स्थित डीडीपीएस स्कूल में जबरन वसूली का मामला सामने आया है। स्कूल द्वारा अभिभावकों से 750 रुपए मांगे जा रहे हैं, जिसका कोई स्पष्ट औचित्य नहीं है। अभिभावकों ने जब स्कूल प्रशासन से संपर्क किया, तो उन्हें कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

## प्रतीक यादव के निधन पर शोक



**बिजनौर।** सपा जिला कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के निधन पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा.रमेश तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी, एमएलसी प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर, सत्यपाल सिंह, प्रभा चौधरी, डा.रहमान, अखलाक पप्पू, अनुज मलिक, महमूद कस्सार, चौधरी दारा सिंह, मदन लाल सैनी, अफजाल उल हक, देवानंद भुईयार, शमसाद माहीगीर, शादाब असारी एड., हेमंत कुमार, राम चंद्र बबली भुईयार, प्रमोद प्रधान, सुभाष विश्कर्मा, सुरेंद्र वाल्मीकि,श्री अफजल अंसारी, वक्कार राईन,श्री सिराज जैदी, इशरत अली, मौहम्मद दानिश, अब्दुल वहाब आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चुनाव टालना, लोकतंत्र की हत्या



**नूरपुर।** समाजवादी आंदोलन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर नबी इदरीसी ने पंचायत चुनाव टालने को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए सरकार से सवाल किया कि पंचायत चुनावों को जान-बूझकर टाल कर वह क्या छिपाना चाहती है। क्यों चुने हुए प्रतिनिधियों की जगह बाबूशाही को बैठा कर हजारों करोड़ रुपए का खेल खेला जा रहा है। आज ग्राम की सरकार छीनी जा रही है। भाजपा के द्वारा जनता की आवाज दबा दी गई है। सत्ता कुछ अफसरों के हाथों में सौंप दी गई है। यह सिर्फ चुनाव टालना नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है। सवाल न्याय व्यवस्था से भी है कि जब संविधान साफ कहता है कि समय पर चुनाव होना जरूरी है, तो फिर ये देरी क्यों। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि किसके दबाव में पंचायत चुनाव लटकाए जा रहे हैं। क्यों गांवों की सरकार को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है? जब चुने हुए प्रधान और प्रतिनिधि ही नहीं होंगे, तो ये पैसा कहां जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खुला भ्रष्टाचार हो रहा है। समाजवादी आन्दोलन पार्टी का साफ संदेश है कि वह चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि हम ग्राम स्वराज, किसानों के हक एवं पंचायत चुनाव समय पर कराने के लिए लड़ेंगे। हम लखनऊ व जनपदों के दफ्तरों में बैठे भ्रष्ट अफसरों को खाने नहीं देंगे। लोकतंत्र बचाना है, तो आवाज उठानी होगी।

### प्रतीक के निधन पर जताया शोक



**बढ़ापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन पर सपा कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौहल्ला नौमी में पूर्व नगराध्यक्ष खुर्शीद सलमानी के आवास पर प्रतीक यादव की आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा आयोजित की गई। शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की गई। इस शोक सभा मे मुख्य रूप से सपा के पूर्व विधान सभा अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजवादी आबिद खान, पूर्व नगराध्यक्ष खुर्शीद सलमानी, डॉ. अकबर अली उस्मानी, एहशद रजा खान, मौ.सलीम, बाबू सलमानी, जाकिर अली, रईस अहमद आदि उपस्थित थे।

### नहटौर में पुखराज गिरफ्तार

**बिजनौर।** अवैध शस्त्रों के निर्माण एवं बिक्री सहित अपने पास अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नहटौर पुलिस ने आज ग्राम फुलसंदी निवासी पुखराज उर्फ छोटू पुत्र आनंद सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार बरामद किया है।

### विधायक मनोज पारस ने जताया शोक



**नगीना।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के निधन का समाचार मिलते ही विधायक मनोज पारस ने लखनऊ स्थित उनके आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस घटना से सभी सपा कार्यकर्ता गमजदा है। उन्होंने मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर पूर्व मंत्री शिवपाल यादव भी वहां मौजूद थे।

# मार्डन ऐरा की वंशिका सैकेंड टॉपर

### सारा जिया दूसरे एवं सूर्यांशिका व आदिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रही






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** प्रतिष्ठित मार्डन ऐरा पब्लिक स्कूल की छात्रा वंशिका ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जनपद में दूसरा एवं जनपद मुख्यालय पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि सारा जिया ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सूर्यांशिका व आदिया ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि आयात नाज ने 95. 4, लक्ष्मी सिंह ने 95.2, सारिका ने 94.8, एमन इरशाद ने 93.8, कृष्ण तोमर ने 93, वंशिका राजपूत ने 92.8, रघुवंश राजपूत ने 91.6, मौ. रिहान ने 91.6, प्रतिक्षा ने 91.2, शुऐब इकबाल ने 90.8, अवनी राजपूत ने 90.6, शौर्य पाराशर ने 90.4, आयुवी चौधरी 90.2, कशिश




सिंह ने 90.2, मानसी रानी ने 90 एवं रिया ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। पेंटिंग में 11पीएचई में एक व हिन्दी में एक विद्यार्थी ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए है।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही पूरे विद्यालय में छात्रों की उत्तम सफलता को देखते हुए हर्षोल्लास की लहर दौड़ गई।

# मौसम ने दिया ईंधन बचत का संदेश

### इलेक्ट्रिक स्कूटी से पहुंचे कार्यक्रम में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की अपील को साकार करते हुए सदर विधायक के पति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्या चौधरी मौसम ने इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंच कर जागरूकता का संदेश दिया।



उन्होंने पारंपरिक ईंधन वाहनों के बजाय इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी का उपयोग कर आमजन को ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उनके इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर ऐश्वर्या चौधरी मौसम ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए।

इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग न केवल ईंधन की खपत कम करता है, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायक है। उनका यह कदम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा और लोगों ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए सराहना की।



हार्दिक बधाई एवं आभार

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कद्दावर नेता
श्री भूपेन्द्र चौधरी को उत्तर प्रदेश सरकार में
कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं तथा भाजपा हाईकमान एवं मुख्यमंत्री
श्री योगी आदित्यनाथ जी का

हार्दिक आभार

डॉ. मनोज वर्मा

राजीव वर्मा, डॉ. शाश्वत वर्मा, शौर्य वर्मा



वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम, स्योहारा

# शोषितों की लड़ाई लड़ रही आसपा: अबरार

## विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावली।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख अबरार आलम ने कहा कि आसपा शोषित व वंचित समाज की लड़ाई ईमानदारी के साथ लड़ रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हक की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। बहुजन समाज पार्टी छोड़ कर आसपा में शामिल हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अबरार आलम के आवास पर आयोजित इस सम्मेलन में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अबरार आलम एड. ने कहा कि वर्तमान में आजाद समाज पार्टी ही देश में शोषितों और वंचितों के अधिकारों की असली लड़ाई लड़ रही है।

उन्होंने कहा पार्टी के पास भले ही वर्तमान में एक सांसद हो, लेकिन वह अकेले ही पूरे देश में मजलूमों की आवाज बने हुए हैं। सड़क से लेकर संसद तक जिस निडरता के साथ वह मुस्लिमों और दलितों के हक की बात कर रहे हैं, उसी विचारधारा से प्रभावित होकर मैंने पार्टी की सदस्यता ली है। उन्होंने कहा कि आने वाला वक्त आसपा का है। उन्होंने कहा कि अवसरवादी एवं कार्यकर्ताओं का खून चूसने वाली व जेब काटने वाली पार्टियों से जनता का मोह भंग हो चुका है।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मंडल प्रभारी व साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने स्थानीय मुद्दों पर जोर देते हुए कहा कि इतिहास में पहली बार नगीना सांसद चंद्रशेखर ने नजीबाबाद विधानसभा और भागूवाला जैसे क्षेत्रों की समस्याओं को संसद के पटल पर उठाया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले किसी भी जनप्रतिनिधि ने क्षेत्र का नाम इस तरह गौरव के साथ सदन में नहीं लिया था। सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी ने आगामी राजनीतिक लक्ष्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि जनता का झुकाव तेजी से आसपा की ओर बढ़ रहा है। हमारा लक्ष्य दलित-मुस्लिम-पिछड़ा एकता के दम पर 2027 में चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री बनाना है। प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य भीम सैन हल्दिया ने चंद्रशेखर की कार्यशैली को ईमानदारी की राजनीति का प्रतीक बताया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष प्रशांत महासागर, शहजाद अहमद, इंजीनियर मनोहर लाल, ललित कुमार, रजत कुमार, रोहित कुमार, अशोक कुमार, वाजिद मकरानी, मुस्तफा मकरानी, शमशीद अहमद, डॉ. साबिर, साबू मकरानी, दानिश अहमद, मास्टर फरीद और जकी एड. सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भारतीय किसान संघ की बैठक



**नहटौर।** भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक ब्लॉक परिसर में आयोजित की गई। बैठक में किसान हितैषी योजनाओं, पशुपालन, आवारा पशुओं की समस्या और जैविक खेती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कृषि अधिकारी सुभाष ने किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। पशु चिकित्सक डा. अनुराग जी ने पशुओं के उचित रख-रखाव और उन्हें लगने वाले टीकों के बारे में विस्तार से बताया, जिससे किसानों को पशुधन प्रबंधन में सहायता मिल सके। वक्ताओं ने किसानों को आवारा पशुओं से होने वाली परेशानियों पर चिंता व्यक्त की और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया। इसके अतिरिक्त, जैविक और प्राकृतिक खेती के महत्व और उसे अपनाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता विकास खंड अध्यक्ष (आंकू नहटौर) राजेश ने की। संचालन खंड मंत्री कुलदीप तोमर ने किया। इस मौके पर जिला मंत्री सुरेश, जिला सह मंत्री नरेंद्र, जिला प्रचार प्रमुख ईश्वर, अनिल त्यागी, प्रेम, धीरज और सुधीर सहित कई अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### डिप्टी सीएमओ ने किया निरीक्षण



**स्योहारा।** एसीएमओ डा. केके राहुल ने आज सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा. बीके स्नेही इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात मिले तथा सभी कर्मचारी रोस्टर के अनुसार कार्य करते पाए गए। डा.राहुल ने चिकित्सकीय जांच ऑनलाइन दर्ज करने, आईजीआरएस शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने, ड्रेस कोड का पालन सुनिश्चित करने तथा आभा आईडी, एनसीडी स्क्रीनिंग, संस्थागत प्रसव, परिवार कल्याण एवं आयुष्मान कार्ड योजनाओं में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान डा. बीके स्नेही, फार्मासिस्ट हरीश कुमार, योगेश प्रदीप राव, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, नेत्र सहायक धीरेंद्र सिंह, एआरओ आलोक कुमार, ब्लॉक अकाउंट मैनेजर व डीईओ राशि सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### यार्ड में बुजुर्ग का शव मिला

**नजीबाबाद।** फजलपुर यार्ड में एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी व सिविल व सिविल पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे कब्जे में में लेकर लेकर पहचान कराने के प्रयास किया गया। मंगलवार को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष मुरादाबाद से शाम को फजलपुर यार्ड के किलोमीटर संख्या 1502/34-32 पर शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पर सहायक उप निरीक्षक धन सिंह चौहान हमराह स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर देखा गया कि फजलपुर स्टेशन की लूप लाइन पर करीब 65 वर्ष आयु का एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था। मृतक का सिर लूप लाइन के बीच में जबकि शरीर का बाकी हिस्सा लूप लाइन व डाउन मेन लाइन के बीच पड़ा हुआ था। रेलवे पुलिस ने शव को ट्रैक से हटाकर लाइन को बिलयर कराया। जीआरपी द्वारा मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से कोई रेल टिकट, पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### डीएम ने फहीम अख्तर को सम्मानित किया



**नजीबाबाद।** डीएम जसजीत कौर ने लाइफ लाइन हॉस्पिटल नजीबाबाद में ब्लड बैंक के उद्घाटन के मौके पर रक्तदान महादान टीम के संचालक फहीम अख्तर को उनके समाजहित में किए जा रहे सेवा कार्यों के लिए शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रक्तदान महादान की टीम ने अपना ब्लड डोनेट किया तथा लोगों से रक्तदान करने की अपील की। इस मौके पर रक्तदान महादान टीम के बॉक सचिव कासिम खान, नगर सचिव राहुल कुमार, सलमान, शारिक, जुनैद अंसारी, ईसा मलिक, कामिल अंसारी, सलमान खान, डा. गुलरेज, साहनपुर सभासाद रुखसार व काफी अन्य लोग मौजूद रहे। ब्लड बैंक के मालिक डा. अशोक चहल व मौहम्मद आजम, ने बताया कि लाइफ लाइन ब्लड बैंक पर 24 घंटे ब्लड की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### साइकिल से स्कूल पहुंचे शिक्षक



**नहटौर।** आज नहटौर के प्राथमिक विद्यालय दबथला में प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह साइकिल से स्कूल पहुंचे और उन्होंने अन्य स्टाफ, शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों से भी तेल बचाने की अपील की। सोशल मीडिया पर भी लोगों से देश में तेल बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह संकट देश अथवा देश से किसी व्यक्ति के द्वारा नहीं, बल्कि विश्व में हो रहे युद्ध के कारण पैदा हुआ है। कहा की हम पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा देशहित में की गई अपील का पूरी तरह से समर्थन करते हैं। उन्होंने छात्रों से भी अपने अभिभावकों से प्रधानमंत्री के द्वारा की गई अपील के बारे में चर्चा करने का आह्वान किया।

### मीट की दुकानों पर रेट सूची लगाने की मांग

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के प्रधानों व जागरूक लोगों ने डीएम को पत्र भेजकर मीट विक्रेताओं के मनमाने रेट पर रोक लगाने तथा मूल्य सूची प्रतिष्ठानों पर लगवाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि जनपद में भैंस के मांस विक्रेताओं द्वारा जनता को मनमाने ढंग से अधिक रेट पर मीट बेचा जा रहा है। मीट विक्रेताओं द्वारा अपने प्रतिष्ठानों पर कोई रेट सूची नहीं लगाई जा रही है। इस तरह से मीट विक्रेता जनता से इस कारोबार की आड़ में मनमाने रेट वसूल रहे है। आएदिन मीट विक्रेता अपनी मर्जी से मीट के रेट बढ़ाते रहते है। अगर कोई ग्राहक मीट विक्रेताओं से इस बारे में कोई बात करता है तो वह उससे अभद्र व्यवहार करते है। पत्र में कहा गया है कि मीट विक्रेताओं को बाहर से काफी सस्ते दामों पर मीट मिल रहा है। इसके बावजूद वह अपनी मर्जी से निर्धारित मूल्यों पर मीट बेच रहे है। जिससे मीट खाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीएम से जनहित में इस मामले की जांच कराकर रेट सूची मीट विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर लगाए जाने के आदेश दिए जाने की मांग की। पत्र देने वालों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी नसीम अंसारी, ग्राम प्रधान शाहजहां, ग्राम प्रधान नारायणपुर रतन शहनाज खातून, ग्राम प्रधान अलीपुरा मौहम्मद आरिफ, ग्राम प्रधान मुअज्जमपुर तुलसी कमरून्निशा, ग्राम प्रधान श्यामीवाला फैजू, ग्राम प्रधान इमराना, ग्राम प्रधान अमीरजहां, नफीस, इस्तेखार आदि के नाम है।

# चौकी के सामने जाम लगाने पर मुकदमा

## चार नामजद सहित 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लोगों में सहन शक्ति नहीं रही या फिर शासन, प्रशासन और सिस्टम से विश्वास उठ गया, जो घटना/दुर्घटना के बाद लोग सड़कों पर जाम लगा देते हैं। जनपद में लगभग रोज ऐसे समाचार मिल रहे हैं। हालांकि इस परम्परा को तोड़ने के लिये पुलिस की ओर से कानूनी कार्रवाई भी की जाती है, लेकित लोगों में सिस्टम को लेकर जो निराशा व असंतोष है, वो कम नहीं हो रहा। हाल ही में जिला कारागार में एक सजायाफ्ता कैदी की मौत से गुस्साये परिजनों व अन्य ग्रामीणों ने दो दिन तक जिला मुख्यालय पर जाम लगाया। गुस्साए लोगों से निपटने के लिये पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि बाद में पुलिस ने जाम लगाने वाले लोगों के विरुद्ध आवागमन को बाधित करने तथा सरकारी कार्यों में बाधा डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। इसी तरह कल शाम अम्हेड़ा में दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के बाद गुस्साए लोगों ने पुलिस चौकी के सामने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा दिलाकर किसी तरह जाम खुलवाया। इसके बाद पुलिस ने सड़क जामकरने वाले चार व्यक्तियों को नामजद करते हुए 20-25 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। दरअसल, शादीपुर मलकपुर निवासी 48 वर्षीय सुखवीर कल दोपहर बिजली का बिल जमा कर बाइक से लौट रहे थे कि रुस्तमपुर की पुलिया के पास पीछे से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सुखबीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मुरादाबाद में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। गुस्साये परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस चौकी के सामने जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना और सीओ सिटी संग्राम सिंह मौके पर पहुंचे। काफी समझाने-बुझाने पर लोग शव को सड़क से हटाने और जाम खोलने के लिये तैयार हुए।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय नगीना**
वाद संख्या-T 202613160400316
**लोकेश कुमार आदि बनाम आर्य विद्या परिषद कालाखेड़ी आदि**

1. लोकेश कुमार पुत्र स्व. श्री खूब सिंह निवासी ग्राम कालाखेड़ी, पर. व तह. नगीना।
2. उत्पल कुमार पुत्र स्व. श्री खूब सिंह नि. ग्राम कालाखेड़ी पर. व तह. नगीना।
3. अलकेश कुमार पुत्र स्व. श्री खूब सिंह निवासी ग्राम कालाखेड़ी, पर. व तह. नगीना।
4. अनुभव कुमार उर्फ अनुभव राजपूत पुत्र स्व. श्री खूब सिंह निवासी ग्राम, कालाखेड़ी, पर. व तह. नगीना **-वादीगण**

**बनाम**

1. आर्य विद्या परिषद कालाखेड़ी द्वारा वर्तमान कार्यवाहक प्रबन्धक श्री आशीश मित्तल पुत्र श्री लक्ष्मी मित्तल व उपाध्यक्ष श्री अंकित बंसल पुत्र उमेद बंसल व मंत्री/ सचिव श्रीमती मालती लाहौटी पत्नी स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार लाहौटी निवासीगण मौहल्ला मानकचन्द, कस्बा व पर. व तह. नगीना, जिला बिजनौर व कोषाध्यक्ष श्रीमती अलका लाहौटी पुत्री स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार लाहौटी नि. मौ. मानकचन्द व सदस्य सुभाष मेहता पुत्र मोहन लाल मेहता निवासी पंजाबी कॉलोनी हाल नि. निकट आर्य समाज मंदिर, कस्बा व पर. तह. नगीना व राकेश थापन पुत्र चांद थापन नि. मौ. विश्नोई सराय, कस्बा व पर. व तह. नगीना व हरिगोपाल पुत्र श्री चन्द्र कैलाश नि.मौ. पंजाबी कॉलोनी, कस्बा व पर. व तह. नगीना व सदस्य प. सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्व. श्री खूबचन्द नि. मौ. आजाद कालोनी, कालाखेड़ी रोड, कस्बा व पर. व तह. नगीना
2. ग्राम पंचायत ग्राम कालाखेड़ी पर. व तह. नगीना द्वारा वर्तमान ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत, ग्राम कालाखेड़ी, पर. व तह. नगीना, जिला बिजनौर।
3. उ.प्र. सरकार द्वारा श्रीमान कलेक्टर साहब, जिला बिजनौर। **-प्रतिवादीगण**

धारा:-144 यू.पी.आर.सी. 2006
मौजा:- कालाखेड़ी
परगना:-नगीना

आपके विरूद्ध संस्थित वाद सं.-T 202613160400316 धारा 144 यू.पी.आर.सी. 2006 मौजा कालाखेड़ी, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर के अभिलेखों में नाम दर्ज कराने हेतु दाखिल किया गया है। अत: आप (पदाधिकारी एवं सदस्य-आर्य विद्या परिषद कालाखेड़ी) एतद्द्वारा स्वयं उपस्थित होने अथवा प्लीडर/ अधिवक्ता द्वारा न्यायालय उपजिलाधिकारी, नगीना में दिनांक 21 मास 5 वर्ष 2026 को समय 10 बजे इसका उत्तर देने के लिए सम्मनित किये जाते हैं, जिसमें असफल होने पर वाद/प्रार्थना पत्र एक पक्षीय निस्तारित कर दिया जायेगा।

**नियत दिनांक: 21.05.2026**
**पेशकार**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी नगीना, बिजनौर (उ.प्र.)**

### गणना टीम का सहयोग करने की अपील

**स्योहारा।** नगर पालिका में सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्व-मकान गणना कार्यक्रम के अंतर्गत अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल के दिशा-निर्देशन में नगर क्षेत्र में मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ किया गया। अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र के प्रत्येक मकान का सर्वे कर सही आंकड़े तैयार किए जा रहे हैं। जिससे नगर विकास योजनाओं कर निर्धारण तथा सरकारी सुविधाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। पालिका चेयरमैन शेख फैसल वारसी ने भी अभियान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सही गणना से नगर के विकास कार्यों की योजना बेहतर ढंग से बनाई जा सकेगी और नागरिकों को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिलेगा। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर गणना कार्य किया गया। मौके पर प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, मौहम्मद शान, अमित कुमार सहित अन्य पालिका कर्मचारियों ने सर्वे कार्य में सहभागिता की। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि गणना टीम को सही जानकारी उपलब्ध कराकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

## बिजली का तार टूटकर गिरने से दो गायों व एक बछड़े की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हल्दौर थाना क्षेत्र ग्राम खासपुरा में बीती शाम करीब छह बजे एक बड़ा हादसा हो गया। 11 हजार वोल्ट बिजली का तार अचानक टूटकर गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से एक किसान की दो गाय, और एक बछड़े की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई तथा ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी रोष देखने को मिला।

प्राप्त समाचार के अनुसार अनुसार नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव चेहरा निवासी अरुण शर्मा इन दिनों मुरादाबाद-बिजनौर हाईवे स्थित ग्राम खासपुरा में किराए के मकान में परिवार सहित रह रहे हैं। बीती शाम करीब छह बजे उनकै पशु घर के बाहर बंधे हुए थे। इसी दौरान अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन टूटकर पशुओं पर आ गिरी। करंट की चपेट में आने से दो गायों और एक बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, गौरक्षक दल, किसान नेता मौके पर एकत्र हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है और बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने तत्काल फैजानिया बिजलीघर पहुंचकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई तथा अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। सूचना पर पैजानिया पुलिस चौकी प्रभारी कमलेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। चांदपुर तहसील से पहुंचे लेखपाल मुकेश चौहान ने कहा कि पोस्टमार्टम करने के बाद तहसील से मुआवजा पीड़ित परिवार को दिया जाएगा। पैजनिया बिजलीघर पर तैनात (जेई) जूनियर इंजीनियर मनोज कुमार ने पीड़ित परिवार के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए तीस हजार रुपए अपनी तरफ मदद की तोर पर दिए। एसडीओ ने पीड़ित परिवार को विभागीय नियमों के अनुसार उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश, समरपाल सिंह, विजयपाल सिंह, गेंदा पहलवान, नरेश, गौरक्षक प्रदेश उपाध्यक्ष स्वाति तोमर, जिला महासचिव सुशील कुमार, हर्ष वर्मा, प्रशांत तोमर, नागेंद्र राजपूत, हिमांशु चौधरी, नीरज चौधरी, हरविंदर सिंह आदि ग्रामीण घटनास्थल पर मौजूद थे।

## आवारा पशु से टकरा कर बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरूकी।** बीती देर शाम ग्राम बॅकी स्थित भट्टे के पास आवारा पशु से टकराकर बाइक सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैबलपुर निवासी प्रेम (50 वर्ष) पुत्र रोहतास फेरी लगाकर सामान बेचने का कार्य करता था। बीती शाम वह कोतवाली देहात क्षेत्र से फेरी लगाकर बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम बरुकी में भट्टे के पास पहुंचा, तभी अचानक सामने एक निराश्रित पशु आ गया। पशु से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। जिससे प्रेम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोग की मदद से घायल को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी व चार बच्चों को छोड़ गया है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना (बिजनौर)**
वाद सं. 825/2024
**सुमन देवी बनाम रामवीर सिंह**

रामवीर सिंह पुत्र श्री ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम जमालपुर उदयचन्द, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।
**... प्रतिवादी**

चूंकि उपरिनामांकित वादनी ने इस न्यायालय में बैनामा निरस्तीकरण का वाद दायर किया है कि एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त वाद में अपना पक्ष रखने हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 21-05-2026 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या समयक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा।

नियत दिनांक 21.05.2026
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना**

**खोया पाया सूचना**

मेरी हाईस्कूल की अंक तालिका अनुक्रमांक 0836640 वर्ष 2010 व इण्टर मीडिएट की अंक तालिका अनुक्रमांक 0619435 वर्ष 2012 वास्तव में कही खो गई है। **-मौ. आल्लाम पुत्र गुलाम अहमद निवासी ग्राम कासमपुर गढ़ी, थाना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर**
**मोबाइल नम्बर- 7500323227**

**NAME CHANGE INFORMATION**

I HAVE CHANGED MY NAME FROM MUHAMMAD MUBEEN TO MOHD MOBIN S/O MUHAMMAD YASEEN MOHALLA SHEKHAN, SHERKOT, BIJNOR U.P. - 246747

**खोया पाया सूचना**

मेरी हाईस्कूल की अंक तालिका अनुक्रमांक 0890020 वर्ष 2013 व इण्टर मीडिएट की अंक तालिका अनुक्रमांक 0629263 वर्ष 2015 वास्तव में कही खो गई है। **-मन्दीप सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम पंचायत कासमपुर गढ़ी, थाना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर।**
**मोबाइल नम्बर- 9412464880**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भरत राठी पुत्र श्री विजयवीर सिंह राठी निवासी मौ. महादेवपुरम, बिजनौर ने एक आवासीय प्लाट 266.28 वर्ग मी. स्थित तैमुरपुर बाहर नगर पालिका बिजनौर अपने व अपने भाई आकाश राठी के साथ संयुक्त रूप से श्री अशोक कुमार जैन पुत्र श्री स्व. जगदीश प्रसाद जैन से बही सं.1 जिल्द सं. 6713 पृष्ठ 363 से 404 क्रम सं. 4527 दिनांक 16/04/2013 को खरीदा था तथा उक्त प्लाट को विक्रेता अशोक कुमार जैन ने श्रीमती मीनल अग्रवाल पत्नी प्रदीप अग्रवाल से बही सं. 1 जिल्द संख्या 4337 पृष्ठ 321 से 350 क्रम सं.10766 दिनांक 15/11/2008 को खरीदा था तथा मीनल अग्रवाल ने यह प्लाट महावीर सिंह पुत्र नन्हे सिंह से बही सं. 1 जिल्द सं. 3131 पृष्ठ सं. 389/422 क्रमांक 6624 दिनांक 16/06/2006 को खरीदा था उक्त बैनामा दिनांकित 16/06/2006 खो गया है तथा जिसकी सत्यापित प्रति वर्तमान प्लाट स्वामी के पास उपलब्ध है। उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, उत्तराधिकारी या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के भीतर आपत्ति निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

# किन्नरों की दबंगई के खिलाफ महाअभियान

## समाज सुधार कमेटी का ऐलान- अब चुप नहीं बैठेगा सर्व समाज, जिलेभर में निकाली जाएंगी रैलियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** क्षेत्र में किन्नरों की कथित अवैध वसूली, दबाव और डर के माहौल के खिलाफ अब सर्वसमाज एकजुट होकर खुलकर मैदान में उतर आया है।

ज्ञानेश्वर सिंह के आवास पर आयोजित झालू एवं ग्रामीण समाज सुधार कमेटी की बैठक में जनपद भर में बड़े स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने और गांव-गांव रैलियां निकालने का ऐलान किया गया। बैठक में मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि किन्नर समाज की आड़ में कुछ कथित तत्व आम जनता पर दबाव बनाकर अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं।

बैठक में कहा गया कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। कमेटी ने स्पष्ट कहा कि भय और दबाव की राजनीति को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा।



बैठक में मास्टर विजय कुमार शर्मा, ज्ञानेश्वर सिंह, रिजवान कुरैशी, नरेश कुमार शर्मा, सुरेंद्र सिंह बल्दिया और कामेंद्र सिंह उर्फ टीटू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा नरेंद्र सिंह मुकरंदपुर, शकील अहमद, करतार सिंह एड., साजन कुमार एड., इसरार कुरैशी, पवन कुमार धर्मपुरा, संजय कुमार अग्रवाल उर्फ टीटू, चंद्रशेखर बल्दिया, वीर सिंह उर्फ बिट्टू, निपेंद्र सिंह उर्फ नीटू, मुकेश कुमार वर्मा, अरुण कुमार चौधरी बाकरपुर, महेंद्र सिंह धीमान, मुख्तियार सिंह त्रिलोकपुर और मौहम्मद एहसान समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

समाज सुधार कमेटी को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट, अधिवक्ता संघ, विश्व हिंदू परिषद सहित कई सामाजिक संगठनों ने समर्थन दिया है। बैठक में सभी संगठनों ने एकजुट होकर अभियान को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

कमेटी सदस्यों ने आरोप लगाया कि कुछ कथित लोग किन्नर समाज की आड़ में प्रॉपर्टी डीलिंग, अवैध निर्माण और अन्य संदिग्ध गतिविधियों में सक्रिय हैं। उनका कहना था कि महंगी गाड़ियों में घूमकर प्रभाव जमाने और विरोध करने वालों को कथित रूप से धमकाने का प्रयास किया जाता है। कमेटी ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

बैठक में यह भी बताया गया कि 9 मई को लाउडस्पीकर के माध्यम से किए जा रहे प्रचार को पुलिस द्वारा रुकवा दिया गया था। इसके बाद कमेटी पदाधिकारियों ने उच्चाधिकारियों से वार्ता की। जिसमें प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी प्रकार का प्रचार प्रशासनिक अनुमति और उच्च न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार ही किया जाएगा।

कमेटी ने घोषणा की कि आने वाले दिनों में जनपद भर में पर्चे वितरण, जनसंपर्क अभियान और विशाल रैलियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में बल्दिया, नांगल, मुक. रंदपुर, चौकपुरी, धर्मपुर सहित आसपास क्षेत्रों के ग्रामीणों की भारी मौजूदगी रही।

# समाज सुधार समिति की नई टीम का गठन ज्ञानेश्वर सिंह अध्यक्ष, नरेश शर्मा महामंत्री

## बैठक में संगठन विस्तार को लेकर की गई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** सामाजिक सरोकारों को लेकर सक्रिय झालू एवं ग्रामीण समाज सुधार समिति ने नई कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। बैठक में सामाजिक एकता, जनजागरण और संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई।

कार्यकारिणी गठन के दौरान मास्टर विजय कुमार शर्मा को कार्यकारिणी संयोजक बनाया गया। वहीं ज्ञानेश्वर सिंह को अध्यक्ष और नरेश कुमार शर्मा को महामंत्री की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा रिजवान कुरैशी को उपाध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह बल्दिया को मंत्री तथा कामेंद्र सिंह उर्फ टीटू को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी में नरेंद्र सिंह मुकरंदपुर, शकील अहमद, करतार सिंह एड., साजन कुमार एड., दिनेश कुमार एड., इसरार कुरैशी, पवन कुमार धर्मपुरा, संजय कुमार अग्रवाल उर्फ टीटू, चंद्रशेखर बल्दिया, वीर सिंह उर्फ बिंदू, निपेंद्र सिंह उर्फ नीटू, मुकेश कुमार वर्मा, अरुण कुमार चौधरी बाकरपुर, महेंद्र सिंह धीमान, मुख्तियार सिंह त्रिलोकपुर एवं मौहम्मद एहसान को सदस्य बनाया गया।

बैठक में समिति पदाधिकारियों ने समाज हित से जुड़े मुद्दों पर मजबूती के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को सामाजिक बुराइयों एवं जनहित के मुद्दों के प्रति जागरूक किया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने पर भी जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता ज्ञानेश्वर सिंह ने की। संचालन नरेश शर्मा भार्गव ने किया।

# महिला उत्पीड़न और धमकियों से दहशत

## एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक महिला ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर अपने जेठ-जेठानी पर उत्पीड़न, मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम भनौटी निवासी अनीता पत्नी चंदन सिंह ने शिकायती पत्र में कहा कि प्रतिपक्षी हरि शंकर पुत्र रूपचन्द तथा सविता देवी पत्नी हरि शंकर लगातार उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं और थाने में निराधार शिकायतें देकर परेशान कर रहे हैं।

प्रार्थना पत्र के अनुसार अनीता के पति भारतीय सेना में कार्यरत हैं और ड्यूटी के कारण अधिकतर बाहर रहते हैं। इसी का फायदा उठाकर आरोपित परिवार पर दबाव बनाते हैं। पीड़िता का कहना है कि उनके द्वारा आरोपितों के खिलाफ धारा 323, 325 और 504 के तहत न्यायालय में मुक. दमा विचाराधीन है, जिसे वापस लेने के लिए लगातार धमकियां दी जा रही हैं। आरोप है कि 27 मार्च 2026 को खुलेआम यह कहा गया कि यदि मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो उन्हें गोली मार दी जाएगी। लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक प्रताड़ना के चलते अनीता की तबीयत बिगड़ गई। उनका इलाज बिजनौर के एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है। परिवार का आरोप है कि डर और तनाव के कारण उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और वह सामान्य रूप से बातचीत तक नहीं कर पा रही हैं।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि हरि शंकर पूर्व में पीएसी में तैनात था और नौकरी छोड़ने के बावजूद वर्दी पहनकर थाने पहुंचता है तथा पुलिस पर दबाव बनाकर उनके खिलाफ कार्रवाई कराने का प्रयास करता है। वहीं सविता देवी पर झूठे मुकदमे दर्ज कराने और परिवार को जेल भिजवाने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। अनीता ने कहा कि उनकी बेटियों तक को अशोभनीय और अपमानजनक गालियां दी जाती हैं, जिससे पूरा परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर है। पीड़िता ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# पुलिस कर्मियों और युवकों के बीच मारपीट का मामला गर्माया

## सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** पुलिस कर्मियों और कुछ युवकों के बीच हुए कथित विवाद व मारपीट का मामला इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। गांव बिसाठ के समीप स्थित एक ढाबे पर हुई घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। मामले से जुड़ा ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने मामले की जानकारी होने से इनकार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार करीब तीन दिन पूर्व कुछ युवक गांव बिसाठ के पास स्थित एक ढाबे पर खाना खा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उसी दौरान वहां तीन पुलिसकर्मी भी पहुंच गए। बताया जा रहा है कि युवकों के पास पिस्टल की आकृति वाला एक लाइटर था, जिसे देखकर पुलिसकर्मियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि माहौल तनावपूर्ण हो गया।

आरोप है कि विवाद बढ़ने पर पुलिस कर्मियों ने युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। वहां मौजूद लोगों का कहना है कि पुलिस कर्मियों ने युवकों को ढाबे से बाहर तक घसीटा और बाद में उन्हें अपने साथ थाने ले गए। घटना के दौरान ढाबे पर मौजूद अन्य लोग तमाशबीन बने रहे। कुछ लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास भी किया, लेकिन मामला शांत नहीं हो सका।

परिजनों का आरोप है कि थाने ले जाने के बाद पुलिस ने युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कर दी। वहीं बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। आरोप यह भी लगाया जा रहा है कि मामले की जानकारी किसी को देने या सोशल मीडिया पर वायरल करने पर गंभीर धाराओं में कार्रवाई करने की धमकी दी गई। इसी बीच पुलिस कर्मियों और संबंधित लोगों के बीच हुई कथित बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद मामला और अधिक चर्चा में आ गया।

क्षेत्र में वायरल ऑडियो को लेकर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई लोग पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं कुछ लोग इसे मामूली विवाद को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जाने की बात भी कह रहे हैं।

घटना के बाद से क्षेत्र में पुलिस और युवकों के बीच हुए विवाद को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच होने से ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। उधर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह को दो बार कॉल किया, मगर फोन नहीं लग सका।

# डा. अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

## विवेक सेन की मौजूदगी में खंडित प्रतिमा का विसर्जन, नई प्रतिमा स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम फतेहपुर लाल उर्फ उदूपुरा में आज सुबह बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त मिलने से ग्रामीणों में रोष फैल गया। सूचना मिलते ही धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेकर लोगों से घटना की जानकारी जुटाई।



पुलिस के अनुसार आज सुबह करीब सात बजे सूचना प्राप्त हुई कि गांव स्थित धर्मशाला में स्थापित बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

मामले में गांव निवासी सुधीर कुमार पुत्र जयप्रकाश सिंह की ओर से थाना धामपुर में तहरीर दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। साथ ही घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन भी मौके पर पहुंचे। उनकी मौजूदगी में ग्रामीणों के सहयोग से खंडित प्रतिमा का विधिवत विसर्जन कराया गया और नई प्रतिमा स्थापित कराई गई। नई प्रतिमा स्थापित होने के बाद ग्रामीणों में संतोष का माहौल देखने को मिला।

गांव में स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण बनी रही। ग्रामीणों की सूझबूझ और संयम के चलते माहौल तनावपूर्ण होने से बच गया। स्थानीय पुलिस ने भी मौके पर सतर्कता बनाए रखी, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई। इस दौरान धामपुर कोतवाल मृदुल कुमार की भूमिका को भी ग्रामीणों ने सराहनीय बताया। उधर सूचना मिलने पर रोजगार समाज पार्टी के युवा नेता जावेद अहमद भी मौके पर पहुंचे तथा जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात व्यक्तियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दुर्गा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दुर्गा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय ने शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर क्षेत्र में अपनी शैक्षिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय ने यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की।



विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में अर्नव चौधरी पुत्र विकास चौधरी ने 88% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। अर्णव के दादा रघुराज सिंह ने बताया कि अरनव 55 से ही मेघावी है। वहीं रमशा बटूल ने 82% अंक प्राप्त किए तथा हर्षिका अरेलिया ने 81.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। प्रबंधक आशीष कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं। प्रधानाचार्य राकेश चमोली ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की लगन एवं शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत

## पीसीएम में देवांश, पीसीबी में अंशिका, कॉमर्स में आशि के सर्वाधिक अंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सीबीएसई द्वारा कक्षा-12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परिणाम की घोषणा के बाद स्कूल में विद्यार्थियों और शिक्षकों में परिणामों को देखने की आतुरता बढ़ गई। पिछले साल की तरह इस बार भी प्रियंका मॉडर्न स्कूल के 12वीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल को गौरवान्वित किया है।



कक्षा 12वीं के पीसीएम ग्रुप के छात्र देवांश प्रताप सिंह ने 96% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी ग्रुप में वैभव चौहान ने 91% अंक और सात्विक कपूर ने 90.4% अंक प्राप्त कर क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। पीसीबी ग्रुप में अंशिका ने 94.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी ग्रुप में मानवी सिंह 90.4 % अंक और श्वेता चौहान ने 90.2% अंक प्राप्त कर क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स में आशि शर्मा 94.8% अंकों के साथ पहले स्थान पर रही। इसी ग्रुप में भूमि सिंह ने 93% अंक अर्जित कर दूसरा स्थान हासिल किया तथा दो विद्यार्थी जेहरा काफील और नकुल अग्रवाल 90% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

गौरतलब है कि कि प्रियंका मॉडर्न स्कूल विगत कई वर्षों से बोर्ड परीक्षा में शानदार उपलब्धियों और विभिन्न शिक्षणेत्तर गतिविधियों के कारण जनपद में खासा चर्चित है। इस स्कूल में समाज के सभी वर्गों अर्थात् विभिन्न सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यहां का प्रबंधन और क्षिक्षक वर्ग पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी का परिणाम है कि प्रति वर्ष यह विद्यालय नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यह पल हमारे लिए बहुत ही गौरव का है। हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों के परिश्रम और आपसी समन्वय के बल पर ही ऐसे शानदार परिणामों को हासिल किया जाता है।

स्कूल निदेशक राणा प्रियंकर सिंह और प्रशासिका अदिती सिंह ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि हम क्षेत्र में बेहतर शिक्षा और गुणात्मक बदलावों के लिए सदैव तत्पर है। प्रियंका स्कूल की उन्नति में उन्होंने शिक्षकों और सहयोगी स्टॉफ का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपसी समन्वय और टीम भावना के बल पर ही बड़ी उपलब्धियां हासिल की जाती हैं।

इस मौके पर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षकों मयंक कौशिक, राजीव चौहान, एसके देवरा, रूपराज सिंह, कमल भट्ट, डीपी सिंह, तबरेज खान, संजय चौहान, काम. ेंद्र चौहान, विवेक कुमार, शुभम अग्रवाल, रीता राणा और किरन शर्मा आदि ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### मौहम्मद समीर ने कालेज टॉप किया



**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस एकेडमी का कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र मौहम्मद समीर ने बायोलॉजी वर्ग में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। द्वितीय स्थान पर जतिन सैनी रहे, जिन्होंने गणित वर्ग में 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं अल्तमश ने बायोलॉजी वर्ग में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने कहा कि कठिन परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। हमारे विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से आते हैं, जहां सुविधाओं की कमी होने के बावजूद बच्चे निरंतर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इसका श्रेय अभिभावकों एवं अध्यापकगणों के कठिन परिश्रम और प्रोत्साहन को जाता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त कर अपने अभिभावकों एवं अध्यापकों का मान-सम्मान बढ़ाएं।

### ऑक्सफोर्ड की विदिशा कालेज टॉपर



**नहटौर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित होने के बाद नहटौर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा विदिशा गहरवार पुत्री भूवेंद्र कांत सिंह ने ह्यूमनिटीज वर्ग में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया और टॉपर बनीं। उनके साथ ही अन्य छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। वंशिका पाल पुत्री तेजपाल सिंह ने पीसीबी स्ट्रीम में 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि इशिता सिंह पुत्री कपिल कुमार ने पीसीएम स्ट्रीम में 89.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। कॉमर्स स्ट्रीम में वंशिका राजपूत पुत्री वीर बहादुर सिंह ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में जश्न का माहौल बन गया। अपनी कड़ी मेहनत का फल पाकर छात्र-छात्राएं झूम उठे। इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. (इंजी.) आशीष सिंघल, एम.डी. लीना सिंघल और प्रधानाचार्य मिस्टर इदरीस अहमद ने सभी सफल छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की।

### ट्रैक्टर से जोतकर फसल उजाड़ी

**शेरकोट।** किसान ने कुछ लोगों पर रात के वक्त उसके खेत में तैयार खड़ी गन्ने की फसल को ट्रैक्टर से जोतकर बर्बाद करने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पालकी एमन निवासी पीड़ित किसान पवन पुत्र नौबहार ने बताया कि उसने मेहनत और कर्ज लेकर गन्ने की फसल तैयार की थी, लेकिन रात करीब एक बजे कुछ लोग ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंचे और पूरी फसल रौंद डाली। किसान ने आरोप लगाया कि आरोपी लंबे समय से उसकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। खेत की हदबंदी को लेकर करीब दो साल पहले नींव भी डाली गई थी, इसके बावजूद विवाद लगातार बढ़ता रहा। अब फसल नष्ट किए जाने के बाद किसान ने इसे सुनियोजित साजिश बताया है। सुबह जब किसान खेत पर पहुंचा तो बर्बाद फसल देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। पीड़ित ने पुलिस को दी नामजद तहरीर मे न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# तूफानी हवा का कहर: महिला समेत दो की मौत

- महिला बिजली पोल के नीचे दबी
- दीवार गिरने से ग्रामीण की गई जान
- टीनशेड से कटकर गाय ने दम तोड़ा
- महिषवंशीय पशु समेत कई अन्य पशु घायल



सम्भल। कैलादेवी थाना के गंगहेटा में तूफानी हवा में गिरा बिजली के पोल के नीचे दबी महिला।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तेज तूफान ने जमकर कहर ढहाया। तूफान का शिकार के बिजली पोल के नीचे दबकर महिला जबकि ग्रामीण के ऊपर दीवार गिरने से मौत हो गई। तथा दूसरे गांव में टीन शेड से कटकर एक गाय की मौत हुई और दो अन्य पशु घायल हो गए। इसके अलावा भी थाना क्षेत्रान्र्तगत अन्य घटनाएं भी सामने आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

धनारी थाना क्षेत्र के हरपरी निवासी दुर्वेश की पत्नी नेमवती (32) बीते 28 अप्रैल को वैवाहिक कार्यक्रम में कैला देवी थाना क्षेत्र के गंगहेटा गांव में अपने मायके में आई हुई थी। बुधवार की सुबह आए तेज तूफान के चलते वह अपने पिता के घर घेर में से घर जा रही थी। तभी अचानक एक पेड़ टूट कर बिजली के पोल के तारों के ऊपर गिरा और बिजली का पोल टूट कर महिला के ऊपर गिर गया। दैवीय आपदा के कहर का शिकार महिला पोल के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को आनन-खनन में कैला देवी और फिर सम्भल अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन महिला ने सम्भल ले जाते समय दम तोड़ दिया। महिला की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। महिला के पीछे उसके छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं। जिनमें तीन वर्षीय निधि 8 वर्षीय प्राची तथा 5 वर्षीय हिमांशु है। महिला के पति की मृत्यु 6 माह पहले बीमारी के चलते हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी तरफ इसी गांव निवासी भगवान सिंह (45) पुत्र वीर सिंह तेज आंधी तूफान के दौरान गिरी दीवार की चपेट में आ गया और दीवार के नीचे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां परिजन उसे सम्भल और फिर मुरादाबाद लेकर पहुंचे। लेकिन मुरादाबाद ले जाते समय भगवान सिंह ने दम तोड़ दिया। भगवान सिंह की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। गंगहेटा गांव में तेज तूफान में महिला सहित दो लोगों की जिंदगी छीन ली। जिससे पूरे गांव में मातम छा गया। इसी दौरान थाना क्षेत्र के ही चाचू नांगल गांव में हरीश गर्ग के घर टीन शेड में आंधी के दौरान पशु बंधे हुए थे। तेज तूफानी हवा से टीन गाय के ऊपर गिर गयी। टीन से कटकर गाय की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक भैंस तथा एक अन्य पशु गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके साथ ही हरीश के पूर्व घर का सामान भी उसी टीन शेड में रखा हुआ था, जिससे उसे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। इसके अलावा रझेड़ा सलेमपुर गांव में हाईवे पर बने रजवाड़ा पैलेस के तीन पैनल उड़कर टूट गए। वहीं तेज आंधी के चलते कैला देवी के बाबा रतन गिरी आदर्श इंटर कॉलेज के दो पैनल भी नीचे गिरकर टूट गए। गनीमत रही कि उस समय बच्चे कक्षा में थे। इसके अलावा जगह थाना क्षेत्र में आने घटनाएं भी सामने आईं। इसके अलावा मुख्य मार्गों पर भी कई स्थानों पर पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गये। जिससे काफी देर तक मार्ग पर आवागमन भी अवरूद्व हुआ। जबकि शहरा में लगे होर्डिंग्स, टिन शेड हवा में उड़ते दिखायी दिए। तूफानी हवा से उड़ रही धूल ने दो पहिया वाहन चालकों की ऑखो को भर दिया। जिसके चलते दो पहिया वाहन चालक हादसे का शिकार होते-बाल-बाल बचे। तेज रफ्तार से चली हवा के खौफ से मार्गों पर चल रही बसें भी पेड़ आदि के टूटकर गिरने की सम्भावना से पहियों को रोक दिया गया। लगभग आधा घंटे तक हवा के कहर से जन-जीवन अस्त-व्यस्त रहा।

# चालीस लाख के जमीन सौदे में धोखाधड़ी

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक दर्जन पर रिपोर्ट दर्ज रकम लेने के बाद भी स्वयं प्लाटिंग करने व जान से मारने की धमकी का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जमीन विक्रय के नाम पर लाखों रुपये की कथित धोखाधड़ी में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के आदेश के बाद थाना रायसत्ती पुलिस ने 12 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने इस मामले में एएसपी कुलदीप सिंह और एसपी से कार्रवाई की मांग की थी।

पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार ग्राम तख्त गुसाईन स्थित गाटा संख्या 106 की करीब 0.1260 हेक्टेयर भूमि का सौदा 40 लाख रुपये में तय हुआ था। आरोप है कि इस जमीन का सौदा कराने में मेम्बर महफूज पुत्र महबूब निवासी खग्गू सराय रायसत्ती सम्भल, तसलीम खाँ पुत्र मुन्ने निवासी चौधरी सराय सम्भल, चौधरी बिलाल पुत्र साजिद खाँ निवासी चौधरी सराय सम्भल, फुरकान पुत्र जमील अहमद निवासी मियाँ सराय नई सराय रायसत्ती सम्भल और तहरीर में कहा गया है कि भू-स्वामी सलाहउददीन पुत्र अली हुसैन, रिजवान पुत्र अली हुसैन और उसमान पुत्र अली हुसैन निवासी बगीची गली मियाँ सराय रायसत्ती सम्भल के साथ-साथ मौ. रिजवान, मौ. अदनान, मौ. इमरान और मौ. रेहान पुत्रगण मौ. इब्राहिम निवासी पुरानी बांस मंडी सीतापुर रोड लखनऊ से जमीन का सौदा तय हुआ था। आरोप है कि भू-स्वामियों की मांग पर अलग-अलग तारीखों में आरटीजीएस और नकद के माध्यम से करीब 18 लाख रुपये की रकम दी गई, लेकिन इसके बावजूद न तो बैनामा किया गया और न ही रकम वापस की गई। पीड़ित का आरोप है कि रकम लेने के बाद सभी आरोपी एक राय होकर जमीन पर अवैध प्लाटिंग करने लगे। जब उसने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि 2 मार्च 2026 को पीड़ित अपने साथियों के साथ आरोपियों के घर पहुंचा तो वहां भी उसे धमकाकर भगा दिया गया और कहा गया कि न पैसा मिलेगा और न जमीन, जो करना है कर लो। पीड़ित मुकेश शुक्ला ने आरोप लगाया कि उसके साथ सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी, छल और षडयंत्र कर उसकी रकम हड़पने की कोशिश की गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गमगीन माहौल में सपा जिलाध्यक्ष के पिता सुपुर्देखाक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के पिता पूर्व प्रधान का हृदयाघात के चलते इंतेकाल हो गया। उनको गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। ग्राम बराही निवासी समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसार के पिता हाजी मो अकबर अंसारी 80 वर्ष तीन बार गांव के ग्राम प्रधान रहे। नामचीन परिवार में माने जाने वाली हाजी मौ. अकबर को हृदयाघात के चलते मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां वह पांच दिन से भर्ती थे और उनका उपचार चल रहा था। बुधवार की सुबह चार बजे पूर्व प्रधान हाजी अकबर अपने पीछे भूरे परिवार सात बेटे दो बिटियों को रोता बिलखता छोड़ गए। उनके परिवार में उनके पहले नम्बर के बेटे कौसर अंसारी वर्तमान में गांव के प्रधान है। और दूसरे नंबर के बेटे असगर अली अंसारी सम्भल सपा के जिलाधयक्ष हैं। जबकि वह तीन बार जिला पंचायत के सदस्य रह चुके हैं।

# उपजिलाधिकारी ने सांसद से कराई एनुमेरेशन प्रक्रिया पूर्ण



सम्भल- सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क से सेल्फ एनुमेरेशन कराती एसडीएम।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** स्वगणना अभियान के तहत उपजिलाधिकारी ने सांसद आवास पहुंचकर सांसद से एनुमेरेशन (स्वगणना) करायी। जबकि सपा सांसद ने एक बार फिर जातीय गणना पर ज़ोर दिया।

भारत जनगणना के पहले चरण में स्वगणना (एनुमेरेशन) अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत उपजिलाधिकारी निधि पटेल बुधवार को सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के दीपा सराय स्थित आवास पर पहुंची। उपजिलाधिकारी ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क से स्वगणना (एनुमेरेशन) की प्रक्रिया को पूरा कराया। सपा सांसद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग स्व-गणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सरकारी टीम को सही जानकारी दें। साथ ही सरकार से मांग की कि ग्रामीण और कमजोर तबकों तक अधिकारी खुद पहुँचें ताकि कोई भी व्यक्ति गणना से वंचित न रह जाए। जबकि उपजिलाधिकारी निधि पटेल ने बताया कि 7 मई से 21 मई तक स्व-गणना अभियान चलाया जा रहा है और सम्भल में लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि तहसील, सप्लाई ऑफिस और कोर्ट परिसरों में विशेष शिविर लगाए गए हैं। जहाँ ऑपरेटर लोगों की स्व-गणना में मदद कर रहे हैं। एसडीएम निधि पटेल ने बताया कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क की भी स्व-गणना पूरी कराई गई और उन्हें एचएलओ आईडी उपलब्ध कराई गई। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस अभियान को आगे बढ़ाएँ ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक होकर जनगणना प्रक्रिया में शामिल हों। इस दौरान सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने जातीय जनगणना के मामले पर ज़ोर दिया। सपा सांसद ने कहा कि विपक्ष लगातार संसद में यह मांग करता रहा है कि सामान्य जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना भी कराई जाए। ताकि हर बिरादरी और जाति की सही संख्या सामने आ सके और उसी हिसाब से लोगों को उनका हक और इंसाफ मिल सके। सांसद बर्क ने कहा कि गृहमंत्री ने संसद में साफ किया है कि फिलहाल पहले चरण में मकानों की गणना की जा रही है, जबकि दूसरे चरण में जातीय जनगणना का कॉलम भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कभी जनगणना का विरोध नहीं किया। बल्कि लगातार यह सवाल उठाया कि 2021 में होने वाली जनगणना में देरी क्यों हुई।

# लापरवाही के आरोपी पंचायत सहायक को कारण बताओ नोटिस

- ग्राम सचिव पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आयुष्मान कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री और फैमिली आईडी में लापरवाही बरने के आरोपी पंचायत सहायक का स्पष्टीकरण तलब किया गया। जबकि ग्राम सचिव के तहसील स्तर कैम्प में मौजूद न रहने पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

विकास खंड गुन्नौर की ग्राम पंचायत गंगावास के पंचायत सहायक अंशु यादव, की किसानों/ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी नहीं बनाने और आमजन एवं अधिकारियों के दूरभाष कॉल का संतोषजनक उत्तर नहीं दिये जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जबकि पंचायत घर पर नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित नहीं की जा रही थी। सम्बन्धित पंचायत सहायक के इस कृत्य पर मुख्य विकास अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया। इसी के साथ क्यों न ग्राम पंचायत के नियमानुसार प्रस्ताव के द्वारा इनको सेवा से मुक्त कर करने की भी चेतावनी दी गई है। इसके अलावा उप जिलाधिकारी गुन्नौर ने बताया कि तहसील स्तर से आयोजित होने वाले कैम्प में ग्राम गंगावास के ग्राम सचिव वरन सिंह द्वारा कैम्प में उपस्थित नहीं होते हैं तो इनके विरूद्व कठोर कार्यवाही के लिए जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिया गया। जबकिआयुष्मान कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी की अपेक्षित प्रगति के आधार पर ही ग्राम पंचायत सचिव का वेतन एवं पंचायत सहायक का मानदेय आहरित किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत सहायक तथा ग्राम पंचायत अधिकारी फार्मर रजिस्ट्री के कैंप में उपस्थित नहीं होने पर उनके विरूद्व कठोर कार्रवाई की भी चेतावनी दी है।

## दर्पण पोर्टल पर विकास कार्यों की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में दर्पण पोर्टल पर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत तीन माह के दौरान दर्पण पोर्टल पर कम रैंकिंग प्राप्त करने वाले विभागों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार द्वारा विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट एवं कम प्रदर्शन वाले बिन्दुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान 15वें राज्य वित्त आयोग एवं 5वें राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, आर.आर.सी. सेंटर तथा आर.आर.सी. सेंटर हेतु भूमि उपलब्धता के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने प्राथमिकता वाले कार्यों एवं मदवार धनराशि की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम



शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** डी.ए.वी. फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए सीबीएसई सत्र 2025-26 के कक्षा 12वीं परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक अर्जित कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। कॉमर्स एवं विज्ञान वर्ग के छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सपफलता के नए आयाम स्थापित किए।

कॉमर्स वर्ग में हेमका वार्ष्णेय ने 97.8प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भूमिका यादव ने 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान हासिल किया तथा हर्षिका यादव ने 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विषयवार प्रदर्शन में भी उत्ख्रष्टता दिखाई। विशेष रूप से इर्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं बिजनेस स्टडीज विषयों में विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विज्ञान वर्ग में आदर्श ने 94.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंस वार्ष्णेय ने 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अदिति वार्ष्णेय ने 92.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के चेयरमैन एवं यारा प्रबंधन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम. एस. प्रसाद ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। हमें विश्वास है कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी विद्यालय और समाज का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

# नीट अब नहीं रहा क्लीन लाखों छात्रों का भविष्य लिया छीन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नीट परीक्षा निरस्त होने पर जहां परीक्षार्थियों में रोष है वहीं सपा की बैठक में इसे लेकर रोष जताया है।

मौहल्ला हिलाली सराय में आयोजित बैठक में जिला सचिव सईद अख्तर इसराइली ने कहा कि तीन मई को आयोजित कराई गई नीट की परीक्षा मूं छात्रों को त्रुटिहीन कराने का आश्वासन दिया गया था। किन्तु कड़ी सुरक्षा और आशवासन के बावजूद पर्चा लीक हुआ। जो कि सरकार एवं शिक्षा विभाग की लापरवाही थी। जिसके कारण लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया। उनके डा. बनने के सारे सपने सालों की मेहनत मिटटी में मिल गई। माताओं ने अपने गहने गिरवीं रखे, अपना इलाज न कराकर पैसे बच्चों की कोचिंग पर खर्च किए। अपना सख छोड़कर बच्च्चों के साथ सेंटर पर रहे। लेकिन सब विफल हो गया। आज उन माता-पिता के दिल पर क्या बीत रही होगी। जिला सचिव ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आखिर सरकार कब तक इस तरह से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करती रहेगी। और सरकार अपना मौन कब तोड़ेगी। तथा पेपर लीक करने वालों के घरों पर बुल्डोजर कब चलेगा। इस मौके पर अरमान मियां, नईम अख्तर, मुंशी भाई, रमेज राजा, सुहैल चमन, मा. वकार, मौ. नदीम, नबील अहमद, डा. मुस्तफा आदि मौजूद रहे।

## निजी शीतग्रहों में आलू भंडारण करें आलू उत्पादक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल ने जनपद के ऐसे आलू उत्पादक कृषक बन्धुओं को अवगत कराते हुए कहा है कि वर्तमान वर्ष में आपके द्वारा उत्पादित आलू को निजी शीतगृहों में भण्डारित न करके छायादार स्थानों पर एकत्रित किया जा रहा है। इस प्रकार खुले अथवा अस्थायी स्थानों पर रखे गये आलू की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त नहीं हो पाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आलू उत्पादक कृषक बंधु अपने भण्डारण से अवशेष छायादार स्थान पर रखे आलू को निजी शीतगृहों में भण्डारित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद सम्भल में संचालित निजी शीतगृहों में अभी तक लगभग 93 प्रतिशत आलू का ही भण्डारण हुआ है तथा वर्तमान में अभी लगभग 45,000 मीट्रिक टन आलू रखने के लिए स्थान अभी शेष है।

# माता की छाया में व्यक्ति निखारता है अपना व्यक्तित्व



सम्भल- माता दिवस मनाती हिंदू जागृति महिला मंच की सदस्या।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति महिला मंच ने आज मातृशक्ति दिवस धूमधाम से मनाया। जिसमें सभी बहनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

नगर के रेस्टोरेंट में आयोजित विचार गोष्ठी में मां के त्याग संस्कार समर्पण सहयोग की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए मां को समर्पित अनेक वक्ताओं ने विचार व्यक्त किये। गंगा रस्तोगी ने कहा कि माता हमारी सर्वप्रथम गुरु है जिसकी छाया में प्रत्येक व्यक्ति अपना व्यक्तित्व निखारता है। वंदना रस्तोगी ने कहा मां की आंचल की छांव में बच्चे अपने को सुरक्षित सक्षम रहते हैं। रूपाली गुप्ता ने कहा मां ही सर्वोत्तम बच्चों की पहली गुरु है वही अपने बच्चों को सही और गलत की पहचान करती है। रेखा शर्मा ने कहा कि मां से बड़ा कोई गुरु नहीं हर मां अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देती है। शालिनी रस्तोगी ने कहा सब कहते हैं आज मां का दिन है ऐसा कौन सा दिन है जो मां के बिना है। ज्योति गुप्ता ने कहा मां का सम्मान करना मां को महत्व देना केवल मदर्स डे पर न होकर जीवन भर करना चाहिए जो बच्चे को मां ही मजबूत करती है। शोभा ने कहा हमारी माता सर्वप्रथम गुरु है माता ही अपने बच्चों को सही गलत का रास्ता बताती है सारा संसार समाया हुआ है। मीनू रस्तोगी ने कहा कि मां ममता की मूरत है, त्याग की मूरत है, प्रेम का सागर है, दया ममता दुख सुख का साथी है। मां दोस्त है मां जीवन दायिनी है मां घर की रौनक है निस्वार्थ भाव से प्रेम रखती है। मां को समर्पित महिला सदस्यों ने गीत गाए और स्वरचित कविताएं भी सुनाई। मीटिंग की अध्यक्षता ज्योति गुप्ता ने की व संचालन बबीता भारद्वाज ने किया।

## एक नज़र इधर भी

### बाइक अनियंत्रित हाकर डिवाइडर से टकराई

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर गुन्नौर में बीती रात्रि 10:30 बजे गुन्नौर से अपने गांव नरोरा गोपालपुरी जा बाइक सवारो की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी।जिसमे दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गये।आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे गुन्नौर नेहरू चौक के सामने अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गयी।जिसमें बाइक सवार लोकेश व भूरा निवासी नरौरा गोपालपुरी थाना नरौरा गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची गुन्नौर पुलिस उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर आई। जहां डाक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया।

### अधिवक्ताओं ने प्रतीक के निधन पर शोक व्यक्त किया

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के अधिवक्ताओं की बार भवन में बैठक हुई।जिसमें राज्य महिला आयोग की उपाधयक्ष अपर्णा यादव के पति एवं विधानसभा गुच्चौर से विधाायक रहे पूर्व रक्षामंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव के पुत्र प्रतीक की दु:खद मृत्यु पर शोक जताया। अधिवक्ताओं ने कहा कि हम सभी शोकाकुल परिवार को दुख सहने की ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। मुखिया जी व उनके परिवार के साथ हमारी भावनायें जुड़ी हुयी हैं। उन्हें गुन्नौर के अधिवक्तागण से भी विशेष लगाव था। उनकी भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लेकर बार भवन में शोक सभा की गयी। इसके उपदान्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्यों से विरत रहे। शोकसभा में बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, महासचिव सुरेश यादव, उदयवीर सिंह, भगवान सिंह, महेंद्र सिंह, प्रवेश कुमार, अमन सक्सेना आदि रहे।

# जांच में दोषी एचौली ग्राम प्रधान पदच्युत

- ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के आदेश
- राज्यमंत्री गुलाब देवी के यहां से मिली शिकायत पर चल रही थी जॉच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विकासखण्ड पवांसा की ग्राम पंचायत ऐंचोली के ग्राम प्रधान रघुनाथ को अंतिम जांच में दोषी पाए जाने पर ग्राम प्रधान पद से पदच्युत करने की कार्यवाही की गई जबकि ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्व विभागीय कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

उल्लेखनीय है कि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), माध्यमिक शिक्षा, गुलाब देवी के यहां से मिली शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा मामले की जांच के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी व सहायक अभियंता डीआरडीए की दो सदस्यीय समिति गठित की गई थी। समिति की प्रारम्भिक जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर ग्राम प्रधान को उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम की धारा 95(1) जी के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया। ग्राम प्रधान द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने पर दिसंबर 2025 में जिलाधिकारी द्वारा उनके वित्तीय अधिकार सीज कर दिए थे। जबकि उप कृषि निदेशक, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी (सहकारी समितियां) तथा अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की त्रि-सदस्यीय जांच समिति द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर ग्राम पंचायत के प्रशासनिक कार्यों के संचालन को तीन सदस्यीय समिति गठित की गई थी। मामले में ग्राम प्रधान द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई, जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा ग्राम प्रधान के अधिकार बहाल करते हुए अंतिम जांच जारी रखने के निर्देश दिए गए। अंतिम जांच में जांच समिति द्वारा ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को पुन: नोटिस जारी किया गया, किन्तु उनके द्वारा प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाए गए। जिस पर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने नियमानुसार कार्यवाही करते हुए ग्राम प्रधान को पद से पदच्युत करने के आदेश जारी किए। जबकि ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्व विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# उच्च शिक्षा करती है व्यक्तित्व का निर्माण

- गांव-गांव संचालित है पैथेलोजी लैब और अस्पताल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उच्च शिक्षा के महत्व एवं उसके प्रचार- प्रसार के लिए एक कार्यशाला में उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

एमजीएम कॉलेज की टीम की ओर से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में डा. अमृतेश अवस्थी छात्र-छात्राओं के समक्ष उच्च शिक्षा के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा हमें संस्कारवान बनाती है। उच्च शिक्षा सफलता के नए द्वार खोलती है। डाक्टर, इंजीनियर जैसे प्रोफेशन या अन्य सामाजिक सेवा के क्षेत्र जैसे- सिविल सेवा आदि के लिए द्वार उच्च शिक्षा के बाद ही खुलते हैं। उच्च शिक्षित व्यक्ति व्यापार, नौकरी से लेकर पारिवारिक जिम्मेदारियों का बहुत ही अच्छे ढंग से निर्वहन करता है। कार्यशाला में हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. विजय लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि जब पढ़ोगे लिखोगे तो आगे बढ़ोगे। शिक्षा सिर्फ परीक्षा पास करने या विद्वानों अथवा विचारको के मतों को आत्मसात करना ही नहीं है बल्कि उच्च शिक्षा हमें चेतनावान बनाती है, हमें तर्क करना सिखाती है। उच्च शिक्षा नौकरी, व्यापार व अन्य कार्यों के साथ साथ हमारे व्यक्तित्व का निर्माण भी करती है। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अर्चना बंसल ने स्त्रियों के लिए शिक्षा के महत्व पर विचार रखते हुए कहा कि जब एक लड़की पढ़ती है तो समझ लो की एक पीढ़ी पढ़ रही है। यदि नारी पढ़ी लिखी होगी तो पारिवारिक दायित्वों को भी अच्छी तरह निभा पाएगी। कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह के निर्देशन में शहर के इंटर कॉलेजो में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य उच्च शिक्षा में नामांकन दर बढ़ाने के साथ-साथ एमजीएम महाविद्यालय में छात्र संख्या में अभिवृद्धि का भी है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत नि:शुल्क प्रशिक्षण को लगेंगे शिविर

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** राजकीय फल संरक्षण केन्द्र एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सम्भल द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण जनपद सम्भल की 11 न्याय पंचायतों की ग्राम सभाओं में नि:शुल्क संचालित किया जाएगा। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना तथा रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्तियों को विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार कराकर खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित मशीन एवं उपकरणों पर अधिकतम 1 लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा।

## घर की वीडियो बनाने को मना करने पर मारपीट कर किया घायल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** घर की वीडियो बना रहे पड़ोसियों को टोकना भारी पड़ गया उन्होंने मासूम को मारपीट कर घायल कर दिया थाना छजलैट के गांव चंगेरी निवासी मासूम जहां पुत्री साबिर का आरोप है कि 8 मई की रात को करीब 8:00 बजे घर पर अकेली थी तभी पड़ोस के फुरकान फैजान व साजिया उनके घर की वीडियो बनाने लगे वह किसी काम से छत पर गई तो उसने वीडियो बनाते हुए उन्हें टोक दिया इस पर सभी लोग नाराज हो गए और गालियां देकर मारपीट करनी शुरू कर दी। छत से भाग कर नीचे आकर उसने अपनी जान बचाई उन्होंने कहा कि इस बार तो बच गई लेकिन आइंदा नहीं बच पाएगी लड़की का आरोप है कि वह उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और पहले भी कई बार मारपीट कर चुके हैं। लड़की की शिकायत पर पुलिस ने फुरकान फैजान और साजिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## मंडी समिति मार्ग नहीं झेल पाया डंपरों की मार, बदहाली पर बहा रहा आंसू



**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर का सबसे खूबसूरत मार्ग आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है क्योंकि इस सड़क पर चले डंपरों ने मार्ग के साथ-साथ इस मार्ग पर चलने वालों को भी आंसू बहाने पर मजबूर कर दिया है बतादें कि करीब 2 साल पहले इस मार्ग का पुन: निर्माण हुआ था नगर पंचायत की ओर से शहर को सुंदर बनाने के लिए कार्य की शुरुआत भी इसी मार्ग पर से हुई सड़क के दोनों और महंगी लाइट लगाकर इस मार्ग को रोशन किया गया इसी मार्ग पर वीर अब्दुल हमीद द्वार भी बना है जिसकी क्षेत्र में अलग ही पहचान बन चुकी है तहसील मंडी समिति और दशहरा स्थल भी इसी मार्ग पर पड़ते हैं और यह मार्ग कई अन्य गांवों को भी सड़क से जोड़ता है लेकिन इस पर मिट्टी भरकर चलने वाले डंपरों ने सड़क की हालत पतली कर दी है सड़क जगह जगह उखड़ चुकी है वाहन चलने से सड़क पर धूल के गुवार उड़ते हैं जिससे पैदल चलने वालों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। सड़क टूट जाने से इस पर गड्ढे पड़ चुके हैं और उखड़ी सड़क एवं गड्डो के कारण दो पहिया वाहन भी फिसल कर नुकसान कर रहे हैं। नगर के लोगों ने इस मार्ग को एक बार फिर दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

## चोरों ने किया घर में बंधी भैंस पर हाथ साफ

**कांठ( शाह टाइम्स )** शाहपुर अब्दुल बारी निवासी युसूफ अली पुत्र मसीतूल्लाह थाने पहुंचा और उसने बताया कि 18 मार्च की रात में किसी समय चोर उसके घर में बंधी हुई भैंस को चोरी कर ले गए थे।

तब से अब तक वह भैंस को तलाश करता रहा निराश होकर वह थाने पहुंचा और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## प्रतीक यादव की मौत के बाद यादों को किया साझा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मुलायम सिंह यादव के पुत्र प्रतीक यादव की मौत पर हक्कानी परिवार ने दुख व्यक्त किया और उनके साथ बिताए पलों को साझा भी किया। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की पूर्व सदस्य एवं समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव सलमा हक्कानी ने बताया कि



प्रतीक यादव की मौत पर उन्हें गहरा धक्का लगा है उन्होंने प्रतीक यादव के बारे में कई अनसुनी बातें बताई और कहा कि वह अपनी पुत्री रुशदा हक्कानी और बुशरा हक्कानी के साथ प्रतीक और अपर्णा यादव से मिली थी उन्होंने प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की और यादो को साझा किया।

## राहुल रघुवंशी युग निर्माण विद्या मंदिर में बस्ता प्रतियोगिता आयोजित

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव असालतपुर जारई स्थित राहुल रघुवंशी युग निर्माण विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में बुधवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्वच्छता, अनुशासन तथा अध्ययन सामग्री को व्यवस्थित रखने की भावना विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निर्णायक मंडल ने साफ-सुथरे, सुव्यवस्थित और आकर्षक बस्तों का मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा की। प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा से अंजलि एवं शिवी, यूकेजी से सिद्धार्थ, कक्षा एक से अर्पिता, कक्षा दो से आकृति, कक्षा तीन से पूर्वी, कक्षा चार से गौरव, कक्षा पांच से अंशिका चौधरी, कक्षा छह से प्रियांशी, कक्षा सात से गौरी तोमर तथा कक्षा आठ से शीतल विजयी रहीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश पाल सिंह 'दिव्य' ने विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

# पीतल नगरी में विवाहिता का शव घर मे फांसी के फंदे पर लटका मिला, परिवार में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के थाना कटघर क्षेत्र स्थित पीतल नगरी इलाके में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक विवाहिता का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार पीतल नगरी बिजली घर के पास रहने वाली काजल पत्नी मनोज का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। परिजनों द्वारा घटना की जानकारी मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि उन्हें काजल द्वारा आत्महत्या जैसा कदम उठाए जाने की कोई स्पष्ट वजह समझ नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि काजल ने कभी किसी बड़ी परेशानी या विवाद की जानकारी परिवार को नहीं दी थी। फिलहाल घटना को लेकर परिवार भी हैरान है।घटना की सूचना मिलते ही कटघर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाने का काम शुरू कर दिया है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# अवैध खनन पर राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई पांच डंपर सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने मूंढापांडे थाना क्षेत्र के सिरसखेड़ा के जंगलों में छापेमारी कर अवैध खनन में लिप्त पांच डंपरों को मौके से पकड़कर सीज कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है,घशिकायतों पर हुई त्वरित कार्रवाई,घ्प्रशासन को पिछले काफी समय से सूचना मिल रही थी कि मूंढापांडे थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिना किसी वैध अनुमति के बड़े पैमाने पर अवैध खनन का कारोबार फल-फूल रहा है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग की एक विशेष टीम का गठन किया गया, मौके पर मची अफरा-तफरी,घ्राजस्व विभाग की टीम जब सिरसखेड़ा के जंगलों में पहुंची, तो वहां बड़े पैमाने पर डंपरों के जरिए



मिट्टी का उठान किया जा रहा था। टीम ने जब मौके पर मौजूद चालकों से खनन से संबंधित वैध दस्तावेज और परमिशन मांगी, तो वे कोई भी कागज पेश नहीं कर सके। बिना अनुमति खनन होता देख अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से पांचों डंपरों को कब्जे में ले लिया और उन्हें मूंढापांडे थाना परिसर में खड़ा कर सीज करने की कार्रवाई की,घ,घ्मौके पर मौजूद कानूनगो ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में अवैध खनन और ओवरलोडिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि:,यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। अवैध खनन की सूचना मिलने पर इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि सरकारी संपदा को नुकसान पहुँचाने वालों पर नकेल कसी जा सके,घ्प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध खनन के काले कारोबार पर एक बड़ी चोट माना जा रहा है।

# भारत इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में लहराया परचम

### समरीन ने 95.2% अंक प्राप्त कर किया टॉप, विद्यालय में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के जटपुरा झाड़ू गांव स्थित भारत इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं की सफलता पर शिक्षकों एवं अभिभावकों ने मिठाई बांटकर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय की छात्रा समरीन ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दीपांशु शर्मा ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा वंश कुमार सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय के अन्य मेधावी विद्यार्थियों में कीर्ति ने 83.6 प्रतिशत, शिल्पी ने 83.4 प्रतिशत, वंशिका चौधरी ने 82.2 प्रतिशत, असद खान ने 81.4 प्रतिशत, सिमरा ने 81 प्रतिशत, अंशना चौधरी एवं शारदा तिवारी ने 80.8 प्रतिशत तथा अभिषेक ने 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन कुलवंत सिंह एवं प्रबंधक शुभम चौधरी ने




सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि विद्यालय निरंतर सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानाचार्या सुहासिनी सिंह ने कहा विद्यार्थियों की उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। उप प्रधानाचार्य शाहनवाज आलम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## परिवार परामर्श केंद्र में तीन मामलों का समझौते से निस्तारण

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक बुधवार को गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के मध्य चल रहे आपसी विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह ने काउंसलरों के सहयोग से दोनों पक्षों की समस्याएं सुनीं और आपसी सहमति से समाधान कराने का प्रयास किया। बैठक में कुल 16 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिनमें से तीन मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं तीन परिवारों को पुन: मिलाकर समझौता कराया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, मनोहर सिंह, रुचि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### एक नजर

## नाला निर्माण को लेकर डायट का आवागमन अवरुद्ध लोग हो रहे परेशान



**कांठ ( शाह टाइम्स )** नाला निर्माण को लेकर डायट का आवागमन अवरुद्ध हो गया है जिससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आने जाने वालों ने नाला निर्माण जल्द कराए जाने की मांग उठाई है। बतादे की बरसात से पहले जल निकासी की व्यवस्था कराने के लिए नगर पंचायत की ओर से मुख्य मार्ग के किनारे नाले का निर्माण कराया जा रहा है यह निर्माण अब डायट गेट के सामने तक पहुंच चुका है और 2 दिन से वहां का आवागमन अवरुद्ध है एक और जहां प्रशिक्षण लेने वाले डायट में काफी संख्या के साथ यहां से जाते हैं वहीं दूसरी ओर अधिवक्ताओं के चेंबर भी इसी मार्ग पर होने के कारण वादकारियों की काफी बड़ी संख्या इस मार्ग से गुजरती है लेकिन नाला निर्माण के कारण यहां आवागमन अवरुद्ध है।

हालांकि निर्माण करने वालों ने कुछ पटरे डालकर पैदल लोगों के आने जाने की व्यवस्था की है लेकिन वाहनों से जाने वालों को अपने वाहन दूर खड़े करने पड़ रहे हैं। लोगों ने निर्माण को जल्द पूरा करा कर रास्ता खुलवाए जाने की मांग उठाई है।

## हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल में टॉपर छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**कांठ( शाह टाइम्स )** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा जिससे स्कूल और अभिभावकों में खुशी




की लहर दौड़ गई। कक्षा 12 की टॉपर छात्रा अनमता ने 92.40 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 के छात्र मुदित कुमार ने 90 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कक्षा 12 के ही छात्र मोहम्मद शाहन अंसारी ने 86.6 % अंक प्राप्त कर हावर्ड कान्वेंट स्कूल को गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है इसलिए हमें अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर उसके लिए कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के साथ निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए इससे हमें एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। प्रबंधक दीपेश सिंह, प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने समस्त शिक्षकों एवं अभिभावकों को उनके कठिन परिश्रम एवं छात्र जीवन सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## कम्पोजिट विद्यालय पहाड़पुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**बिलारी।** कम्पोजिट विद्यालय पहाड़पुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. सीमा जिलानी



एवं एएनएम जयन्ती मेहता उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें स्वच्छता एवं साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने, साफ कपड़े पहनने तथा आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार एवं स्कूल के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय परिवार ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह देखने को मिला तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# राजकीय हाई स्कूल सफीलपुर में भारतीय भाषा ग्रीष्म शिविर-2026 का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** राजकीय हाई स्कूल सफीलपुर, बिलारी में बुधवार को भारतीय भाषा ग्रीष्म शिविर-2026 का शुभारंभ मां



सरस्वती के पूजन के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता चमोली द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। ग्रीष्म शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर विभिन्न भारतीय भाषाओं से परिचित कराना, उनमें भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना तथा वार्तालाप कौशल को प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता तथा नई भाषाओं के प्रति रुचि जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है, जो उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगा। शासन के निर्देशानुसार आयोजित प्रथम दिवस की गतिविधियों में विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं की वर्णमाला, संख्याएं, हस्ताक्षर तथा सामान्य अभिवादन संबंधी जानकारी दी गई। इसके साथ ही दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाले सरल वाक्यों का अभ्यास भी कराया गया। विद्यार्थियों ने अभिवादन संबंधी शब्दों को कार्डों पर लिखा तथा चित्रों के माध्यम से दैनिक प्रयोग के वाक्यों का प्रदर्शन किया। विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न दलों में विभाजित कर भाषा आधारित रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित कराई गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं के महत्व एवं देश की सांस्कृतिक समृद्धि के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। ग्रीष्म शिविर के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# कुपोषित बच्चे को आरबीएसके टीम ने एनआरसी जिला अस्पताल कराया रेफर

**बिलारी।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम द्वारा क्षेत्र के ग्राम मिलक नगला नास्सू निवासी 1.1 वर्षीय लोकेश पुत्र वीरेश



का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चे को आईसीडीएस विभाग के माध्यम से जांच हेतु रेफर किया गया था। जांच के दौरान बच्चा गंभीर कुपोषण की श्रेणी में पाया गया, जिसके बाद उसे बेहतर उपचार एवं पोषण देखभाल उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल स्थित एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) रेफर किया गया। टीम ने बच्चे की गहन स्वास्थ्य जांच कर परिजनों को आवश्यक स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी परामर्श भी दिया। इस दौरान डॉ. झरना राजपूत, फिजियोथैरेपिस्ट केपी सिंह, मुख्य सेविका बबीता रानी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त पहल के तहत क्षेत्र में कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार, चिकित्सकीय निगरानी एवं पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एनआरसी केंद्रों पर बच्चों को विशेष देखभाल, संतुलित पौष्टिक आहार तथा नियमित चिकित्सकीय निगरानी प्रदान की जाती है, जिससे उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो सके।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 29.05.2026
**उत्तरा० वाद सं०:** 87 सन् 2026
**अक्षिता चौहान बनाम जनता आम**
अक्षिता चौहान आयु 27 वर्ष पुत्री नीरज चौहान निवाी ब्लाक-ए- गली नं. 03 पोस्ट कटघर गोविन्द नगर तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादिनी**
**बनाम**
**जनता आम, शहर मुरादाबाद।**
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा अक्षिता चौहान हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा अक्षिता चौहान मुसबफा भारती शुक्ला अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.24365.33/- हरगाह मुसम्मा अक्षिता चौहान ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 29 मास 05 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।
दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )
**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त परिवार न्यायाधीश, मुरादाबाद।**
**नम्बर मुकदमा**-724 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 30.07.2026
**धारा: 13 (A) H.M.Act.**
**विनीत कुमार बनाम शिवाली सिंह**
विनीत कुमार उम्र करीब 41 वर्ष पुत्र श्री नौबहार सिंह नि0 मं0नं0 90 चक्कर की मिलक डाक्टर आरसी राजपूत के पास मुकर्रबपुर, मुरादाबाद।
**बनाम**
शिवाली सिंह उम्र करीब 39 वर्ष पत्नी विनीत कुमार निवासी मं0नं0 90 चक्कर की मिलक डा. आरसी राजपूत के पास मुकर्रबपुर मुरादाबाद, वर्तमान पता टयूबैल चौराहा ई-142, कांशीराम नगर चौकी मझोला, मुरादाबाद।
हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत **धारा: 13 (A) H.M. Act.** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 30 माह 07 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 12 के माह 05 सन् 2026 को जारी किया है।
**अहलमद**
**अतिरिक्त परिवार न्यायालय जनपद-मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 09.07.2026
**उत्तरा० वाद सं०:** 73 सन् 2026
**मयंक शर्मा बनाम श्रीमति शशी वाला शर्मा आदि।**
मयंक शर्मा आयु लगभग 29 वर्ष पुत्र स्व. श्री अनुज कुमार शर्मा निवासी सी-63 गली नं0 3, हनुमान नगर लाइनपार, तह0 व जिला मुरादाबाद।
**बनाम**
1. श्रीमति शशी वाला शर्मा आयु लगभग 84 वर्ष पत्नी स्व. शिव राम शर्मा निवासनी केजीके कॉलिज लाइनपार तहसील व जिला मुरादाबाद,
2. जनता आम शहर मुरादाबाद।
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा मयंक शर्मा हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा मयंक शर्मा मुसबफा अनुज कुमार शर्मा अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 2,00,000 व 3,00,000/- हरगाह मुसम्मा मयंक शर्मा ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 09 मास 07 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।
दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कॉमर्स और होटल मैनेजमेंट विभाग में आयोजित हुई गेट टु गेदर पार्टी 'इटरनिया- 2026'

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से कॉमर्स और होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक गेट टु गेदर पार्टी "इटरनिया-2026'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल, बिजनेस मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव एवं होटेल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण व दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर आपस में मिल-जुलकर कार्य करने की प्रवृत्ति का विकास होता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र चाहे पढ़ाई का हो या सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का, सही दिशा में मेहनत व बेहतर प्रदर्शन करने से ही आप की पहचान बनेगी। साथ ही उन्होंने इस पार्टी के आयोजन में स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल के योगदान को भी सराहा। पार्टी के दौरान छात्र-छात्राओं ने बेहत. रीन गीत और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आयोजित हुई विविध प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.कॉम., (ऑनर्स) अंतिम वर्ष के छात्र सुजल अरोड़ा को मिस्टर फेयरवेल तथा बी.कॉम. अंतिम वर्ष की लवीजा जावेद को मिस फेयरवेल चुना गया। मिस्टर फ्रेशर के लिए बी.कॉम., अंतिम वर्ष से मधुर यादव व मिस फ्रेशर के लिए बी.कॉम., अंतिम वर्ष से खुशबू कश्यप को चुना गया। निर्णायकों की भूमिका में डॉ. मेघा भाटिया एवं डॉ. निखिल गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन मैनेजमेंट विभाग के डॉ. हिमांशु गुप्ता ने किया व अंत में उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्टुडेंट डेवलपमेंट सेल के सह-संयोजक श्री अक्षय शर्मा और सदस्यों सुश्री ज्योति सिंह, डॉ. चारू दत्ता, डॉ. अर्चना एवं श्री आकाश कुमार मौर्य का योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकगण एवं कॉमर्स और होटल प्रबंधन विभाग के 150 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## आईएफटीएम में 'बिजनेस मॉडल कैनवास एवं बिजनेस मॉडल फिट' थीम्स पर हुआ दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एवं इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में ''बिजनेस मॉडल कैनवास (बीएमसी) एवं बिजनेस मॉडल फिट'' थीम्स पर दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर किया। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में नवाचार और स्वरोजगार की महत्ता से परिचित कराया। कार्यशाला के दूसरे दिन सत्र का नेतृत्व डॉ. हिमांशु गुप्ता ने किया। उन्होंने 'बिजनेस मॉडल फिट' की तकनीकी बारीकियों को समझाते हुए 'प्रॉब्लम-सॉल्यूशन फिट' और 'प्रोडक्ट-मार्केट फिट' के बीच संतुलन स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिना रणनीतिक फिट के कोई भी बड़ा विचार बाजार की कसौटी पर खरा नहीं उतर सकता। कार्यशाला का संचालन एसडीसी की सदस्या सुश्री नम्रता श्रीवास्तव ने किया। वहीं आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. कुमार ने भी अपने विषयगत् विचारों से विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। अंत में, एसडीसी की संयोजिका डॉ. आरती गर्ग ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर. के. यादव, होटल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना एवं आईआईसी के संयोजक डॉ. अतानु नाग समेत डॉ. स्वाति राय, श्री अक्षय शर्मा, डॉ. अर्चना, सुश्री ज्योति सिंह, डॉ. चारू दत्ता एवं श्री आकाश मौर्य आदि शिक्षकों की विशेष भूमिका रही।



# त्रिवेणी चीनी मिल की कृषक गोष्ठी में गूंजा आधुनिक खेती का मंत्र, कीट नियंत्रण और पेड़ी प्रबंधन पर दिया जोर

**ठाकुरद्वारा।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से बुधवार को मिल प्रांगण में कृषकों को आधुनिक खेती, पेड़ी प्रबंधन तथा गन्ना फसल को कीट एवं बीमारियों से सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशाल कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर विशेषज्ञों से खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में मंचासीन उपाध्यक्ष वी. वेंकटारथनम्, महाप्रबंधक (गन्ना) टी.एस. यादव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ठाकुरद्वारा, उप महाप्रबंधक प्रभात सिंह तथा सुनील कुमार मलिक सहित चीनी मिल के कई अधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष वी. वेंकटारथनम् ने किसानों और गन्ना विभाग के कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सर्वेक्षण कार्य में पारदर्शिता बेहद आवश्यक है। उन्होंने किसानों से अपील की कि सर्वेक्षण के दौरान स्वयं खेत पर उपस्थित रहकर क्षेत्रफल और गन्ना प्रजाति का सही अंकन कराएं, ताकि आगामी पेराई सत्र में किसी प्रकार की परेशानी न हो। महाप्रबंधक (गन्ना) टी.एस. यादव ने किसानों का स्वागत करते हुए बताया कि चीनी मिल द्वारा अनुदानित दरों पर उर्वरक एवं कीटनाशक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने अधिक उत्पादन के लिए मृदा परीक्षण और मृदा सुधार को बेहद जरूरी बताते हुए किसानों से पेड़ी प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में टॉप बोरर कीट का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए फसल की सुरक्षा के लिए समय रहते वालियम और नेटजन का छिड़काव करना जरूरी है। साथ ही श्रमिकों की कमी को देखते हुए कृषि यंत्रीकरण अपनाने पर भी जोर दिया गया, जिससे कम लागत में बेहतर उत्पादन हासिल किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्र में गन्ना फसल को कीट एवं रोगों से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रचार वाहन को उपाध्यक्ष वी. वेंकटारथनम् और महाप्रबंधक टी.एस. यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक डॉ. रामकुमार यादव, नवदीप सिंह, सतीश सिंह, नरदेव सिंह, शिवराज सिंह, मनवीर विश्नोई, विमल विश्नोई, राजेंद्र सिंह, मदन सिंह, रघुवीर सिंह, सुभाष सिंह, स्योरन सिंह, संजीव कुमार, लल्लू सिंह, राकेश सिंह, सत्येंद्र चौहान, महेंद्र सिंह, मलकीत सिंह सहित लगभग 225 किसान और चीनी मिल के कर्मचारी मौजूद रहे।



## अधिवक्ताओं को जान से मारने की धमकी कोतवाली में तहरीर

**चन्दौसी।** जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के साथ मारपीट और सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीडिष्त अधिवक्ताओं ने कोतवाली चन्दौसी में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। संभल रोड बहजोई निवासी अधिवक्ता शरदपाल पुत्र अतरसिंह तथा प्रगति बिहार कॉलोनी चन्दौसी निवासी सुवेन्द्र सिंह पुत्र विजेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वे जिला एवं सत्र न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में वकालत करते हैं।

तहरीर के अनुसार अधिवक्ता शरदपाल द्वारा वादी अविनाश की ओर से जतिन यादव उर्फ जितेन पुत्र राम. निवास तथा गुड्डू पुत्र मोहर सिंह के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था, जिसकी सुनवाई 12 मई 2026 को थी। आरोप है कि मंगलवार को लगभग दो बजे शरदपाल मुकदमे की पैरवी कर न्यायालय परिसर स्थित अपने चौंबर की ओर जा रहे थे, तभी विपक्षीगण ने उन्हें रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ और दोनों पक्ष अपने-अपने चैंबर चले गए।

## बाइक सवार दबंग ने युवक पर किया हमला, जान से मारने की दी धमकी

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम नगलिया नारायण निवासी रोहित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम करीब 6.25 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान नगलिया नारायण के पास जाम लगा हुआ था। आरोप है कि तभी गांव का ही एक युवक अपनी मोटरसाइकिल लेकर वहां पहुंचा और रास्ता मांगने लगा। पीड़ित के अनुसार उसने बाइक साइड करने में असमर्थता जताई तो आरोपी गाली-गलौज पर उतर आया। विरोध करने पर आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल की चाबी छीन ली और लोहे की रॉड जैसी वस्तु से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर पर गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। आरोप है कि आरोपी ने मौके पर जान से मारने की धमकी भी दी। आसपास मौजूद लोगों के एकत्र होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

# टीएमयू के प्रो. राजुल रस्तोगी को 'एक्सीलेंस इन मेडिकल एजुकेशन लीडरशिप अवॉर्ड 2026'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, टीएमयू के लिए गर्व का क्षण है। टीएमयू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी को जोक्टो की ओर से एक्सीलेंस इन मेडिकल एजुकेशन लीडरशिप अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया है।उल्लेखनीय है कि जोक्टो स्वास्थ्य सेवा की अनकही कहानियों को समर्पित एक मंच है, जो मेडिकल सेक्टर में नवाचारों और सफलता की कहानियों को सामने लाता है। ऑनलाइन अवॉर्ड प्राप्ति पर प्रो. रस्तोगी ने कहा, ष्यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं है। इसका श्रेय आला प्रबंधन, मार्गदर्शकों, मेडिकल के स्टूडेंट्स, साथियों और परिवार को जाता है। इस अवॉर्ड से सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं युवा पीढ़ी के लिए मेडिकल एजुकेशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए संकल्पित हूं।ष्टीएमयू के चांसलर श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, ईडी श्री अक्षत जैन, वीसी प्रो. वीके जैन और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह ने प्रो. रस्तोगी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार टीएमयू के समर्पण का प्रतिफल है। प्रो. रस्तोगी को रेडियोलॉजी में 25 साल का लंबा अनुभव है। वह 12 साल से टीएमयू में सेवाएं दे रहे हैं। प्रो. रस्तोगी 2024 में यूरोपियन कॉन्ग्रेस ऑफ रेडियोलॉजी-ईसीआर ऑस्ट्रिया, इंटरनेशनल कॉन्ग्रेस ऑन एमआरआई- आईसीएमआरआई साउथ कोरिया में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ आरआईसीओएन-2025 की स्टेट कॉन्फ्रेंस, एशियन ओशियनियन कॉन्ग्रेस ऑफ रेडियोलॉजी- एओस. ीआर और आईआरआईए-2025 चेन्नई की नेशनल कॉन्फ्रेंस में अपने रिसर्च पेपर्स/व्याख्यान दे चुके हैं।उनके 220 पब्लिकेशन्स नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर प्रकाशित हो चुके हैं। 838 से अधिक शोधार्थी इनका संदर्भ ले चुके हैं। रेडियोलॉजी और अन्य विषयों की टेक्स्ट बुक्स में प्रो. राजुल के करीब 15 बुक्स में लगभग 50 चौप्टर्स भी प्रकाशित हैं। इंटरनेशनल स्तर के छह और नेशनल स्तर के एक दर्जन से अधिक अवॉर्ड प्रो. रस्तोगी को मिल चुके हैं। वह अब तक 20 देशों की विजिट कर चुके हैं।

करीब 140 नेशनल और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में 210 से अधिक रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर चुके हैं।



# मजलिस की मजबूती पर दिया बल एआईएमआईएम चुनावी तैयारी में जुटी

**मुरादाबाद।** कांठ विधानसभा में उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद इकबाल साहब ने उमरी कला,कांठ एवं पाकबड़ा में विधानसभा पदाधिकारियों से बात कर संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई जिसमें यह तय हुआ के संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत करना है जहां संगठन मौजूद है वहां उसे मजबूत करना है जहां कमियां है उन कमियों को दूर कर पार्टी को मजबूत करके विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करनी है इसके लिए एक अभियान 1 मई 2026 से चलाया जा रहा है। जिसका नाम होगा संगठन बढ़ाओ,मजलिज जिताओ ,विधानसभा जाओ इस अभियान के तहत संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत करने के अभियान पर सहमति बनी मीटिंग में मौजूद रहे। एहतेशाम मंसूरी अध्यक्ष यूथ पश्चिम उत्तर प्रदेश,नईम मंसूरी,मोहम्मद फहीम मुख्य महासचिव मुरादाबाद,तारिक अनवर जिला महासचिव,मुजाहिद पठान जिला अध्यक्ष यूथ,सद्दाम मलिक विधानसभा अध्यक्ष कांठ,आमिल एडवोकेट, जुल्फिकार ठेकेदार,रईस उद्दीन मलिक,नईम कुरैशी,उस्मान अहमद नगर अध्यक्ष कांठ,डॉक्टर मोहम्मद माहिर नगर अध्यक्ष उमरी कला,मोहम्मद इरफान नगर अध्यक्ष पाकबड़ा,हैदर अली ब्लॉक अध्यक्ष छजलेट आदि।




**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र विरजू व पुत्रवधु श्रीमति ममता को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**श्रीमती कमला पत्नी स्वर्गीय सीताराम निवासी मोहल्ला महबुल्लागंज थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र ईशांत सैनी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में ईशांत सैनी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमति उर्मिला सैनी पत्नी नन्द किशोर, निवासी पुतली घर रोड मंझौला, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र पंकज कुमार पुत्र हुकम सिंह को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में पंकज कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**श्रीमती अंजू देवी पत्नी हुकम सिंह व हुकम सिंह पुत्र डोरी निवासीगण ग्राम जटपुरा थाना मैनाठेर तहसील व बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र राज कुमार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में राज कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। रूपचंद्र प्रजापति पूरनलाल निवासी: पुराना दसवां घाट रामलीला मैदान शिव मंदिर तहसील व जिला मुरादाबाद।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**न्यायालय**-सिविल जज (जू. डि.) एफटीसी, सी.ए.डब्लू., मुरादाबाद।
**वाद संख्या :** 628/2023
**तारीख पेशी:** 20.05.2026
धारा: 12 घरेलू हिंसा
**श्रीमती जन्नातुल निशा बनाम मौहम्मद आमिर आदि।**
**बनाम**

1. मौ. आमिर पुत्र मौ. रफीक, 2. शरीफ पुत्र मौ. रफीक, 3. शकील पुत्र मौ. रफीक, 4. अनीसा बेगम पत्नी मौ. रफीक, 5. रफीक पुत्र छुट्टन समस्त निवासीगण ग्राम खान्इया उर्फ खण्ड, निकट कच्ची वाली मस्जिद, थाना अजीम नगर जिला रामपुर।

चूंकि उपर्रिनामांकित **वादनी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 05 के दिवस 20 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 12 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**सिविल जज (जू.डि.) एफटीसी, सी.ए.डब्लू., मुरादाबाद।**


## 'सब पढ़ें-आगे बढ़ें' मुहिमः कलेक्ट्रेट में अधिकारियों ने पढ़ा मंडलीय गजेटियर पॉपकॉर्न माइंड सेट से बाहर निकलने की पहल

**मुरादाबाद।** 'सब पढ़ें - आगे बढ़ें' मुहिम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर यह सत्र पुस्तकें पढ़ने और पॉपकॉर्न माइंड सेट से बाहर निकलने के उद्देश्य से हुआ।एसडीएम ने पढ़े गजेटियर के उद्देश्यसत्र की शुरुआत मंडलीय गजेटियर को पढ़ने के साथ हुई। सबसे पहले एसडीएम प्रीती सिंह ने मंडलीय गजेटियर प्रकाशित किए जाने के उद्देश्यों को पढ़ा। इसके बाद अधिकारियों ने एक घंटे तक बारी-बारी से गजेटियर के विभिन्न अध्यायों को पढ़ा। मुरादाबाद में नई शुरुआतयह मुरादाबाद में अपनी तरह की नई शुरुआत है, जो पुस्तकों से जुड़ने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण साबित हो रही है। प्रशासन का मानना है कि लगातार डिजिटल कंटेंट देखने से पॉपकॉर्न माइंड सेट बन रहा है, जिससे गहन अध्ययन की आदत छूट रही है। इसी को तोड़ने के लिए यह पहल की गई है। एक पुष्प - एक पुस्तक अभियान भी जारीजिलाधिकारी के उद्देश्यों को फलीभूत करने के लिए एक पुष्प - एक पुस्तक अभियान भी चलाया जा रहा है। अब जिलाधिकारी से मिलने के लिए लोग बड़े गुलदस्तों के बजाय प्लास्टिक रहित पुष्प और ज्ञानवर्धक पुस्तकें लेकर पहुंच रहे हैं।



## बैंकों की लापरवाही पर डीएम सख्त

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में बैंकों की कार्यशैली पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ देने के लिए बैंक अनावश्यक दस्तावेजों की मांग नहीं कर सकते। शासन के निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि बैंक अपने स्तर से नियम बनाकर लागू न करें, बल्कि माननीय प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप योजना के क्रियान्वयन में गंभीरता दिखाएं। योजना से जुड़े वेंडर्स ने बताया कि बैंकों में कई प्रकरण 3 माह से पेंडिंग हैं। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बैंकर्स की भूमिका संतोषजनक नहीं है। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को साप्ताहिक तौर पर गंभीरता से मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। एक वेंडर ने शिकायत की कि बैंकर्स द्वारा उसके साथ अभद्रता की गई। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सबके साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। अभद्रता करने वाले लोगों के विरुद्ध थ्प्त् दर्ज होगी।डीएम ने चेतावनी दी कि 15 दिनों से अधिक समय तक बैंकों में पत्रावली लंबित रहने की दशा में बैंकर्स को कारण बताना होगा।बैठक में सीडीओ सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री शक्ति दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# व्यापारियों ने उत्तराखंड के राज्यपाल का किया स्वागत

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल 'जॉनी' के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह का मुरादाबाद आगमन पर सर्किट हाउस में स्वागत एवं अभिनंदन किया।प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को पटका पहनाकर, बुके भेंटकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने राज्यपाल से राजभवन देहरादून में भेंट के लिए समय देने का आग्रह किया। राज्यपाल ने आग्रह स्वीकार करते हुए प्रति. निधिमंडल को देहरादून राजभवन आकर मिलने को कहा।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल 'जॉनी', प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, शिवम गुप्ता, मनीष अग्रवाल, संदीप गुप्ता, गौरव अग्रवाल और टोनी सहगल उपस्थित रहे।



## व्यापारी पर गरीबों के खोखें तोड़ने और सामान लूट कर ले जाने का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा नगर पालिका द्वारा आवंटित भूखंडों पर वर्षों से कारोबार कर रहे दो गरीब दुकानदारों ने कुछ दबंग लोगों पर खोखे तोड़ने, सामान लूटने और अवैध कब्जे के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला फतेहउल्लागंज वार्ड नंबर 12 निवासी सुरेश चन्द्र रूहेला पुत्र केवलराम रूहेला और कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर निवासी अब्दुल हमीद पुत्र अली वक्शा ने प्रभारी निरीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र दिए। इसमें सुरेश चंद्र रूहेला ने दिए पत्र में बताया कि नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा द्वारा उन्हें कोतवाली के सामने स्थित बुद्ध बाजार में भूखंड संख्या-52 आवंटित किया गया था, जहां वह वर्षों से मिठाई का कारोबार कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। आरोप है कि बाजार गंज निवासी एक व्यापारी ने उनके भूखंड पर कब्जा करने की नीयत से वर्ष 2005 में दबंगई के बल पर उनका खोखा ध्वस्त कर दिया तथा उसमें रखा सामान भी उठा ले गए। पीड़ित का कहना है कि शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इसी प्रकार ग्राम फरीदनगर निवासी अब्दुल हमीद पुत्र अली बख्श ने भी आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा आवंटित भूखंड संख्या-51 पर वह हेयर सैलून चलाकर परिवार का गुजारा करते थे। आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने तत्कालीन नगर पालिका अधिकारियों से सांठगांठ कर उनका खोखा भी जबरन तुड़वा दिया और सामान लूट लिया। पीड़ित के अनुसार कई बार शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। दोनों पीड़ितों का आरोप है कि दबंग पक्ष अब भी संबंधित भूखंडों पर अवैध कब्जे की कोशिश कर रहा है पीड़ितों ने पुलिस प्रशासन से खोखे तोड़ने और सामान लूट के आरोप में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## एक नजर

### ग्राम पंचायतो को 40 प्रतिशत राशि का खर्च पर्यावरण स्वच्छता पेयजल व जल निकासी पर करना जरूरी

**कांठ (शाह टाइम्स)** 16 वें वित्त आयोग की निधि में एक महत्वपूर्ण बदलाव कर इसका श्रेणीकरण किया जा रहा है। इस नई व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों को 40 प्रतिशत राशि का खर्च पर्यावरण, स्वच्छता, पेयजल व जल निकासी जैसे कार्यों पर अनिवार्य रूप से करना होगा। कुल राशि में 20 प्रतिशत धनराशि का व्यय ग्राम पंचायत के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा, यदि वह बेहतर कार्य करेंगे तो ही उन्हें धनराशि मिल सकेगी।पंचायत राज व्यवस्था में 15 वां पंचायती आयोग का कार्यकाल 26 मई को पूरा होने वाला है। इसके बाद अब 16 वां वित्त आयोग (2026 से 2031) लागू होगा, जिसमें शासन ने 15 वें वित्त आयोग से करीब 84 प्रतिशत अधिक धनराशि का आवंटन किया है लेकिन इसमें कुछ महत्वपूर्ण बदलाव भी किए हैं।16 वें वित्त आयोग के लिए अभी पंचायतों का चुनाव होना शेष है, जबकि मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल पूरा होने में सिर्फ 13 दिन ही शेष हैं। इसके बाद अब प्रधानों की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति को संचालन का कार्य सौंपे जाने की संभावना है। हालांकि अभी तक प्रदेश शासन ने इसकी स्थिति को स्पष्ट नहीं किया है। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 16 वें वित्त आयोग की राशि में एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि अब धनराशि का श्रेणीकरण होगा। जिससे ग्राम पंचायतों का माहौल बेहतर होगा और लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा 40 प्रतिशत धनराशि को ग्राम पंचायतें अपने हिसाब से कार्य योजना तैयार करके विकास कार्यों पर व्यय कर सकेंगी। साथ ही 20 प्रतिशत धनराशि ग्राम पंचायत के प्रदर्शन पर आधारित रहेगी। ग्राम पंचायतों को अपनी आय के संसाधन विकसित करने होंगे, उसी आधार पर उन्हें धनराशि भी मिल पाएगी। जिससे 1500 तक की आबादी वाली छोटी ग्राम पंचायतों को भी उनकी खुद की आय की पांच गुना धनराशि शासन से मिलेगी। इन कार्यों से ग्राम पंचायत खुद की आय को बढ़ाने के प्रति गंभीर होंगी जिससे विकास के नए रास्ते भी खुलेंगे।

### जनपद स्तरीय रस्साकशी प्रतियोगिता आज से

**कांठ (शाह टाइम्स)** टग-ऑफ-वार एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय जनपद स्तरीय रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन बृहस्पतिवार से कांठ रोड स्थित एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट महेंद्र सिंह विश्नोई ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक क्षमता का विकास करना है। उन्होंने अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं से प्रतिभाग करने का आवाहन किया है।

### सांसद जियाउर रहमान बर्क से मिले कपिल राज बिलारी की जनसमस्याओं से कराया अवगत

**बिलारी।** संभल लोकसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं नेता कपिल राज ने जियाउर रहमान बर्क से मुलाकात कर बिलारी क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की बदहाल सड़कों, जलभराव, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। कपिल राज ने सांसद को एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि बिलारी क्षेत्र की कई मुख्य सड़कें एवं चौराहे लंबे समय से जर्जर अवस्था में हैं। जगह-जगह बड़े गड्ढे होने तथा जलनिकासी व्यवस्था ठीक न होने के कारण बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। इससे आमजन, राहगीरों एवं वाहन चालकों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि खराब सड़कों के कारण विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कत होती है। बरसात के मौसम में दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है, जिससे लोगों में भय का माहौल रहता है। इसके अलावा कपिल राज ने बिलारी क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने का मुद्दा भी सांसद के समक्ष रखा। उन्होंने धार्मिक स्थलों, मुख्य चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर हाईमास्ट अथवा पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की, ताकि रात्रि के समय लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने क्षेत्र के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर राहगीरों और आमजन के लिए शीतल पेयजल एवं ठंडे पानी की व्यवस्था कराने की भी मांग की। उनका कहना था कि गर्मी के मौसम में लोगों को राहत देने के लिए जनहित में यह व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है।



### उधार के पैसे मांगने पर दुकानदार दंपती पर फरसे से हमला, पत्नी की हड्डी टूटी

**भोजपुर।** उधार के पैसे मांगने पर एक दुकानदार और उसकी पत्नी पर फरसे से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में पत्नी के कंधे की हड्डी टूट गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव त्रिलोकपुर निवासी मोती ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को तहरीर दी है। तहरीर में बताया कि उसके घर पर परचूनी की दुकान है। 10 मई को उसने सामान के उधार के पैसे मांगे तो आरोपी गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर विक्रम पुत्र ओमप्रकाश ने उस पर और उसकी पत्नी पर धारदार हथियार फरसे से हमला कर दिया।हमले में उसकी पत्नी के कंधे की हड्डी टूट गई। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी विक्रम के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आईएफटीएम में आयोजित हुआ एमएससी (जन्तु विज्ञान) अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का विदाई समारोह

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज में एमएस.सी. (जन्तु विज्ञान) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, नाटक एवं फैशन शो के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और आनंद से भर गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'मिस्टर फेयरवेल' एवं 'मिस फेयरवेल' प्रतियोगिता रही, जिसमें विभिन्न चरणों के आधार पर मिस मुस्कान मालिक को मिस फेयरवेल और मौ. काशिफ को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम का समापन भव्य भोज एवं संगीतमय संध्या के साथ हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. स्मिता ज्योति, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अतानु नाग, डॉ. रिद्धि गर्ग, डॉ. संजना तिवारी, डॉ. अंशुल श्रीवास्तव, डॉ. सूर्य प्रकाश पांडेय, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. प्रशंसा बछवान, मिस कृति मित्तल, मिस पायल सिंह एवं मिसेज रूचि चौधरी समेत समस्त संकाय सदस्यों का विशेष योगदान रहा। विदाई समारोह में स्कूल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण तथा 40 छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



# मुंबई के खिलाफ अहम मुकाबले में पंजाब की प्लेऑफ उम्मीदें दांव पर

**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स गुरुवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अहम आईपीएल 2026 मुकाबले में उतरेगी। इस मैच में पंजाब के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें दांव पर लगी हैं, क्योंकि उनका सामना एक ऐसी टीम से है जो टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, लेकिन जो दूसरी टीमों का खेल बिगाड़ने की क्षमता रखती है। पंजाब ने इस सीजन की शुरुआत जबरदस्त अंदाज में की थी और अपने पहले सात मैचों में कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन अहम मोड़ पर आकर टीम अचानक लड़खड़ा गई है। लगातार चार हार ने टीम की लय तोड़ दी है, जिससे वह पॉइंट्स टेबल में 13 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर खिसक गई है। पूरे सीजन में मजबूत नेट रन रेट और धमाकेदार बल्लेबा के बावजूद, गेंदबा में तालमेल की कमी टीम के लिए एक बड़ी चिंता बनकर उभरी है। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी अब भी इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बल्लेबाजियों में से एक है। टीम ने इस सीजन में कई बार 200 रन का आंकड़ा पार किया है, जिसका श्रेय उनके निडर टॉप ऑर्डर को जाता है। ओपनर प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को तेज शुरुआत दी है, जबकि कूपर कोनोली और कप्तान श्रेयस अय्यर जैसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है। श्रेयस अय्यर खास तौर पर बेहतरीन फॉर्म में हैं, उन्होंने एक तरफ पारी को संभाला है, तो दूसरी तरफ तेज स्ट्राइक रेट भी बनाए रखा है। गेंदबा की बात करें तो, हाल के मैचों में पंजाब की मुश्किलें साफ नजर आई हैं। अर्शदीप सिंह, जो टीम के सबसे भरोसेमंद विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, उनके प्रयासों के बावजूद टीम के गेंदबाज बड़े स्कोर का बचाव करने में बार-बार नाकाम रहे हैं। सहायक गेंदबाजों ने अहम मौकों पर खूब रन लुटाए हैं, जिससे दबाव वाले हालात में टीम की गेंदबा में गहराई और नियंत्रण की कमी साफ जाहिर हुई है। दूसरी ओर, मुंबई की टीम बिना किसी प्लेऑफ दबाव के धर्मशाला पहुंची है, लेकिन उनके लिए अपनी साख दांव पर लगी है। पांच बार की चैंपियन यह टीम अभी पॉइंट्स टेबल में छह पॉइंट्स के साथ नौवें स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। हालांकि, उनके हालिया प्रदर्शन से पता चलता है कि वे अब भी एक खतरनाक टीम हैं और विरोधी टीमों की योजनाओं को बिगाड़ने की क्षमता रखती हैं।




## खुशाल सेंटर ने यंगस्टर क्लब को 9 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने पूसा यंगस्टर क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में बुधवार को 9 विकेट से रौंद दिया। टॉस तने के बाद, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। पूसा यंगस्टर क्रिकेट क्लब ने 36 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए, जिसमें अभिोक रायकवार 67द्ध72ऋ और शिवम नागर 33द्ध40ऋ का अहम योगदान रहा। वहीं, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर के गेंदबाजों में संपर्क गुप्ता ने 34 रन देकर 3 विकेट, गणेश भगत ने 9 रन देकर 2 विकेट और यथार्थ सिंह ने 27 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने 17-1 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। इसमें माधव खुशिक 80(43) और इब्राहिम 84(60) की शानदार पारियों की मदद से टीम ने 9 विकेट से मैच त लिया।

## पैट कमिंस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना




**अहमदाबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। हैदराबाद की टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 56वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था-जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है, इसलिए कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। हैदराबाद को इस मुकाबले में गुजरात के हाथों 82 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा।

### खेल विशेष

## ईस्ट बंगाल बना IWL 2025-26 का चैंपियन

**कोलकाता, वार्ता।** ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन वीमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 का खिताब शानदार अंदाज में अपने नाम किया। नीता फुटबॉल एकेडमी के खिलाफ 2-0 की त के साथ, उन्होंने दो मैच बाकी रहते ही अपना खिताब बरकरार रखा। इससे पहले दिन में, गोकुलम केरल एफसी ने श्रीभूमि एफसी के खिलाफ 1-0 से त हासिल की, जबकि सेतु एफसी और सेसा फुटबॉल एकेडमी के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। मैचडे 12 के खत्म होने के बाद, चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी 33 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। सेतु एफसी 23 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि किकस्टार्ट एफसी कर्नाटक 19 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। नीता फुटबॉल एकेडमी और गो.कुलम केरल एफसी तालिका के मध्य में 16-16 अंकों के साथ बराबरी पर हैं। सेसा फुटबॉल एकेडमी तीन अंकों के साथ आठवें स्थान पर है।

## डार्डेरी ने रोमांचक मैच में ज्वेरेव को अपसेट किया

**रोम, वार्ता।** लुसियानो डार्डेरी ने मंगलवार को इटेलियन ओपन में इस सीजन की सबसे शानदार वापसी वाली त में से एक हासिल की, जहां उन्होंने रोम में दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराने के रास्ते में चार मैच पॉइंट बचाए। डार्डेरी दूसरे सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5/6, 7/8, 8/9 और 9/10 के स्कोर पर मैच पॉइंट बचाए, और आखिरकार अपने दूसरे सेट पॉइंट पर सेट बराबर कर लिया। इटली की जोशीली भीड़ के सामने, डार्डेरी ने तीसरे सेट में जोरदार खेल दिखाते हुए 1-6, 7-6(10), 6-0 से त दर्ज की, जिससे इटली की राजधानी में जश्न का माहौल बन गया।

## ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के लिए सोफी मोलिनक्स की अगुवाई वाली अपनी टीम में मुख्य तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को जगह नहीं दी है। ब्राउन टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करण में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए खेल चुकी हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने उनकी जगह कम अनुभवी बाएं हाथ की गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को टी-20 विश्व.कप के लिए टीम में चुना है। ब्राउन की जगह हैमिल्टन को शामिल करना चौकाने वाली बात है। हाल ही में चोटों की चिंताओं के बावजूद बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स को टीम की कप्तानी के लिए चुना गया है। हैमिल्टन ने पिछले साल अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी और तब से उन्होंने सभी फॉर्मेट में सीनियर टीम के लिए डेब्यू किया है।

## यूपी टी-20 लीग का चौथा संस्करण 14 अगस्त से ग्रीनपार्क में

**कानपुर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने यूपी टी-20 लीग का चौथा संस्करण 14 अगस्त से छह सितम्बर के बीच कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर खेला जाएगा। यूपी टी 20 लीग के चेयरमैन संजय कपूर ने बुधवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में लीग के सीजन-4 के विस्तृत रोडमैप की घोाणा कर दी। इस बार लीग का मुख्य फोकस कंसोलिडेशन एंड डिलीवरी पर रहेगा, जिसके माध्यम से प्रतियोगिता को नए स्तर पर ले जाने की तैयारी की गई है। लीग में प्रदेश भर की छह फेंचाइ टीमें भाग लेंगी। इस सीजन में संरचित रिटेंशन नीति लागू की गई है, जिसके तहत प्रत्येक फेंचाइ न्यूनतम छह और अधिकतम 12 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेगी, ताकि टीम संतुलन और निरंतरता बनी रहे।

# तमिलनाडु व उत्तराखंड में भी होगा हॉकी इंडिया लेवल-1 कोचिंग कोर्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने देश में जमीनी स्तर पर तकनीकी मानको को बेहतर बनाने के मकसद से हॉकी इंडिया लेवल -1 कोचिंग कोर्स कार्यक्रम में का विस्तार करते हुए तमिलनाडु और उत्तराखंड को भी इसमें शामिल किया है।

यह कोर्स मई और जून 2026 में कोयंबटूर (तमिलनाडु) और हरिद्वार (उत्तराखंड) में कई बैच में चलाया जाएगा। कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन 13 मई को शुरू होगा और 17 मई को खत्म होगा।अपनी शुरुआत से लेकर, 2019 से 2026 तक हुए हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे कोर्स ने देश भर में 600 से अधिक कोच को आधिकारिक तौर प्रमाणित किया है। पूर्व कप्तान और कोच रानी रामपाल ने कहा कि एक खिलाड़ी से कोच बनना एक अलग सफर है, और हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे इस प्रोसेस में बहुत जरूरी रहा है। जिन्हें इस कार्यक्रम से भी फायदा हुआ और जो एफआईएच एकेडमी लेवल 3 सर्टिफाइड कोच हैं। फॉर्मल लेवल पर आगे बढ़ने से मुझे आधुनिक कोचिंग के तरीकों, तकनीकी योजना और एथलीट प्रबंधन की बहुत गहरी और ज्यादा स्ट्रक्चर्ड समझ मिली। उन्होंने कहा कि हमारे घरेलू इकोसिस्टम के लिए, यह फ्रेमवर्क सच में एक गेम-चेंजर है। यह पक्का करता है कि देश भर के कोच एक ही टेक्निकल भााा बोलें। सब-जूनियर टीम के साथ अपने रोल में, मैं खुद देखती हूं कि डेवलपमेंट के स्टेज पर इन एडवांस्ड इंटरनेशनल कॉन्सेप्ट को लागू करने से हमारे युवा एथलीट की ग्रोथ सीधे तौर पर कैसे तेज होती है और उन्हें सबसे ऊंचे लेवल के लिए तैयार करती है।




## नेहरा के प्लान को गिल अमल में लाते हैं: संजय

**अहमदाबाद, वार्ता।** नई गेंद से कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज। तेज गेंदबा में बदलाव के लिए प्रसिद्ध कृणा और जेसन होल्डर। मुख्य स्पिनर के तौर पर राशिद खान। यह एक ऑल स्टार टेस्ट ग्प जैसी लगती है। इन तेज गें.दबाजों के साथ किसी भी कप्तान (शुभमन गिल) को शानदार एहसास होगा। ऐसा अंबाती रायुडू ने गुजरात टाइटंस (टी) की सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ बड़ी त के बाद मजाकिया लहजे में कहा। पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर ने टी के अंक तालिका में पहले स्थान पर जाने के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर कहा कि मेरे हिंसाब से आपको आशीा नेहरा को क्रेडिट देना होगा क्योंकि जो गें.दबाज उनके अंडर खेलते हैं उनके ऊपर उनका काफी प्रभाव है। सिराज जैसे कई गेंदबाज हैं जो 2017-18 में करियर की शुरुआत में उनके अंडर खेले हैं। उस समय वह वो सिराज नहीं थे जो आज हैं। लेकिन वह टी में अपने समय का कगिसो रबाडा के साथ आनंद ले रहे हैं। 2019 और 2020 सीजन में (दिल्ली कैपिटल्स के साथ, 25 और 30 विकेट) उनके शानदार सीजन को नहीं भूलना चाहिए, लेकिन इसके बाद उनकी फॉर्म में गिरावट आई थी।

# ऑरेंज कैप के लिए सुदर्शन दे रहे क्लासन को टक्कर

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (टी) के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 61 रनों की पारी खेलते हुए 17वें ओवर में आउट होने तक वह ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली थी। लेकिन एसआरएच के हाइनरिक क्लासन 14 रन बनाकर आउट हुए और ऑरेंज कैप पर कुछ ही देर में दुबारा कब्जा कर लिया। मंगलवार को एसआरएच के हाइनरिक क्लासन ने लक्ष्य करते हुए अपनी पारी की शुरुआत सुदर्शन के 501 रनों से केवल सात रन पीछे रहते हुए की थी।

भले ही क्लासन बड़ी पारी नहीं खेल सके और केवल 14 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन उन्होंने ऑरेंज कैप हासिल किया। 508 रन के साथ फिलहाल वह शीर्ष पर हैं। क्लासन और सुदर्शन इस सीजन 500 रनों का आंकड़ा पार करने वाले दो बल्लेबाज हैं और उनके पीछे एसआरएच के अभिोक शर्मा (481 रन), केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स, 477), और गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (467 रन) हैं। वहीं पर्पप कैप की बात की जाए तो 2016 और 2017 में पर्पल कैप हासिल करने वाले भुवनेश्वर कुमार इस बार कगिसो रबाडा शीर्ष पर साथ दे रहे हैं। रबाडा इस सीजन पावरप्ले में अदभुत फॉर्म में हैं और एसआरएच के खिलाफ उन्होंने अभिोक, किशन और स्मरण के विकेट निकाले।



# यूपी के चौथे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे योगी

**गोरखपुर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 मई को पूर्वांचल के पहले और प्रदेश के चौथे अंतर्राट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन एवं शिलान्यास करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में बनने वाला यह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 392-94 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए पहली किश्त के रूप में 63-39 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। साथ ही एलाइनमेंट, मिट्टी भराई, लेव.लिग और भारी निर्माण उपकरणों की स्थापना का कार्य भी शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल यह स्टेडियम गोरखपुर को अंतर्राट्रीय खेल आयोजनों और विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के नए केंद्र के रूप में पहचान दिलाएगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कानपुर और लखनऊ में अंतर्राट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मौजूद हैं, जबकि वाराणसी में निर्माण कार्य चल रहा है। गोरखपुर इसका चौथा केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन मार्ग पर ताल नदोर क्षेत्र में भूमि चिन्हित की थी। कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग ने स्टेडियम निर्माण कार्य को 23 दिसम्बर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 54-DRM-MB-26-27 dt. 13.05.2026 | 55-DRM-MB-26-27 dt. 13.05.2026 |
|---|---|---|
| Name of Work | Construction of yard drains in the section of Sr. DEN/ HQ/MB. | New Construction of 30 beds RPF Female Barrack, with 01 room Subordinator officer including change room, mess store, GYM, Dining and Recreation room along with rooftop solar panel RPF Post Moradabad. |
| Tender Closing Date | 08.06.2026 | 08.06.2026 |
| Advertised Value (Rs.) | 2,29,04,078.15 | 2,85,50,854.68 |
| Earnest Money (Rs.) | 4,58,100.00 | 5,71,000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 0.00 | 0.00 |
| Bidding Start Date | 25.05.2026 | 25.05.2026 |
| Period of Completion | 06 Months | 06 Months |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 13.05.2026 1604/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

स-वी-20-केट. स्टाल-मुरा.-मं.-2026 सी दिनांक : 13.05.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद द्वारा मंडल के द्वारा मंडल के शाहजहाँपुर, रुड़की, मुरादाबाद, देहरादून, हरिद्वार, हरदोई, ऋषिकेश, रायवाला तथा अमरोहा के ए1, ए एवं बी श्रेणी के स्टेशनों पर जनरल माइनर यूनिट (जी एम यू) के द्वारा खान-पान सेवा प्रावधान के अन्तर्गत खुली डबल पैकेट टेंडर प्रणाली के अन्तर्गत ठेका आवंटित करने हेतु निविदा E-Tendering (www.ireps.gov.in) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| Name and Category of Station | Platform No. | Location | Reserve Price per stall per Annum (Rs.) | Earnest Money per stall (Rs.) | Cost of Bid document (in Rs.) including GST@18% (in Rs.) | Prime Location | Date & Time Submission of Bid & Website |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Shahjahanpur (SPN)"A" | PF No. 1 | Location-A Near Channel No. 150 LKO end. | 210222 | 109400 | 2950 | | निविदा दिनांक 12.05.26 को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर डाली जाएगी जो उसी दिन खोली जाएगी |
| | PF No. 2/3 | Location-B Near Channel No. 406 BE end. | 486566 | 253100 | 2950 | | |
| | PF No. 2/3 | Location-C Near Channel No. 306" | 764500 | 397600 | 2950 | Prime | |
| Moradabad (MB) "A" | PF No. 2/3 | Location-A LKO end outside covered shed towards GZB" | 1099999 | 572000 | 2950 | | |
| | PF No. 4/5 | Location-A Behind FOB towards LKO (Women) | 1128723 | 587000 | 2950 | | |
| | PF No. 4/5 | Location-D Behind FOB DLI end at start of the shed | 1403657 | 730000 | 5900 | Prime | |
| | PF No. 6/7 | Location-B Near OHE pole No. 1398/16A | 280450 | 145900 | 2950 | | |
| | | Location-C Near OHE pole No.1398/12, (Women) | 388851 | 202300 | 2950 | Prime | |
| | | Location-D Near Water Booth No. 39 | 452100 | 235100 | 2950 | Prime | |
| Dehradun (DDN)"A-1" | PF No. 1/2 | Location-C Near Column No. 9 (Women) | 352000 | 183100 | 2950 | Prime | |
| Haridwar (HW) "A-1" | PF No. 1 | Location-C In the shed near Pole no.13 | 595416 | 309700 | 2950 | Prime | |
| | | Location-D Opposite to RPF/GRP office | 1099999 | 572000 | 2950 | Prime | |
| | | Location-F Pole no. 14 of shed. | 595416 | 309700 | 2950 | Prime | |
| | PF No. 4/5 | Location-B 3 Mtr. From Water booth No. 01 MB end (Women) | 403380 | 209800 | 2950 | | |
| | | Location-E 5 Mtr. From Water booth No. 02, (Women) | 471855 | 245400 | 2950 | Prime | |
| Hardoi (HRI)"A" | PF No. 4/5 | Location-C Near FOB, (Women) | 261790 | 136200 | 2950 | Prime | निविदा दिनांक 12.05.26 को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर डाली जाएगी जो उसी दिन खोली जाएगी |
| Rishikesh (RKSH) "B" | PF No. 1 | Location-C Between Water booth no. 3 & 4 | 94380 | 49100 | 2950 | Prime | |
| Raiwala (RWL)"B" | PF No. 1 | Location-B Near pole No. 38/7 LRJ end, (Women) | 91520 | 47600 | 2950 | | |
| | | Location-C Between Station building & Water booth towards LRJ | 94380 | 49100 | 2950 | Prime | |
| | PF No. 2/3 | Location-C Between Pole no. 38/9A. and water booth (Women) | 92950 | 48400 | 2950 | Prime | |
| Amroha (AMRO)"B" | PF No. 1 | Location-A Before old FOB MB end | 82940 | 43200 | 2950 | | |
| | PF No. 2/3 | Location-A After old FOB in covered shed | 81510 | 42400 | 2950 | | |

नोट: उपरोक्त स्थान में किसी भी विसंगति के मामले में, साइट प्लान में उल्लिखित स्थान अंतिम होगा। 1597/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा अमृतसर जं.-न्यू जलपाईगुड़ी जं.-अमृतसर जं. के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी की नियमित सेवा दिनांक 14.05.2026 से प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :

14664/14663 अमृतसर जं.-न्यू जलपाईगुड़ी जं.-अमृतसर जं. अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)

| रेलगाड़ी सं. 14664 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 14663 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:45 | अमृतसर जं. | 02:20 | ---- |
| 13:52 | 13:54 | जालंधर सिटी | 00:50 | 00:52 |
| 14:52 | 14:57 | लुधियाना जं. | 23:46 | 23:51 |
| 16:40 | 16:45 | अम्बाला छावनी | 22:00 | 22:05 |
| 18:00 | 18:05 | सहारनपुर जं. | 20:15 | 20:20 |
| 21:20 | 21:30 | मुरादाबाद जं. | 15:20 | 15:30 |
| 22:47 | 22:49 | बरेली(एन.आर.) | 13:45 | 13:47 |
| 00:06 | 00:08 | शाहजहांपुर | 11:12 | 11:14 |
| 01:52 | 02:00 | सीतापुर जं. | 08:40 | 08:50 |
| 04:45 | 04:50 | गोंडा जं. | 05:40 | 05:45 |
| 05:22 | 05:24 | बलरामपुर | 04:48 | 04:50 |
| 06:50 | 06:52 | बढ़नी | 03:48 | 03:50 |
| 07:55 | 07:57 | सिद्धार्थ नगर | 02:58 | 03:00 |
| 08:25 | 08:27 | आनन्द नगर जं. | 02:33 | 02:35 |
| 09:55 | 10:05 | गोरखपुर जं. | 01:35 | 01:45 |
| 11:03 | 11:05 | कप्तानगंज जं. | 00:50 | 00:52 |
| 11:23 | 11:25 | सिसवा बाजार | 00:26 | 00:28 |
| 13:25 | 13:35 | नरकटियागंज जं. | 21:00 | 21:10 |
| 13:57 | 13:59 | सिकटा | 19:48 | 19:50 |
| 14:25 | 14:30 | रक्सौल जं. | 19:25 | 19:30 |
| 15:21 | 15:23 | बैरगनियां | 18:05 | 18:07 |
| 16:30 | 16:35 | सीतामढ़ी जं. | 17:30 | 17:35 |
| 17:10 | 17:12 | जनकपुर रोड | 16:38 | 16:40 |
| 17:46 | 17:48 | कमतौल | 16:18 | 16:20 |
| 18:10 | 18:12 | शिशो एच | 15:55 | 15:57 |
| 19:08 | 19:10 | सकरी जं. | 15:10 | 15:12 |
| 19:33 | 19:35 | झंझारपुर जं. | 14:33 | 14:35 |
| 20:00 | 20:02 | निर्मली | 14:08 | 14:10 |
| 20:35 | 20:37 | सरायगढ़ जं. | 13:48 | 13:50 |
| 20:50 | 20:52 | राघोपुर | 13:30 | 13:32 |
| 22:28 | 22:30 | नरपतगंज | 12:48 | 12:50 |
| 23:30 | 23:32 | फारबिसगंज जं | 12:28 | 12:30 |
| 23:55 | 23:57 | अररिया | 11:30 | 11:32 |
| 01:25 | 01:27 | ठाकुरगंज | 10:06 | 10:08 |
| 02:10 | 02:12 | बागडोगरा | 09:18 | 09:20 |
| 02:30 | 02:40 | सिलीगुड़ी जं. | 08:40 | 08:50 |
| 04:15 | ---- | न्यू जलपाईगुड़ी जं. | ---- | 08:00 |

चलने के दिन : 14664 अमृतसर जं. से प्रत्येक वीरवर को दिनांक 14.05.2026 से तथा 14663 न्यू जलपाईगुड़ी जं. से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 16.05.2026 से।

स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

उपरोक्त रेलगाड़ी के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1606/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शराब सेल्स मैन की सड़क हादसे में मौत

## सत्रह दिन पूर्व ही हुई थी मृतक की शादी, नहीं छूटी दुल्हन के हाथों की मेंहदी उजड़ गयी दुनिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव उदोपुरा निवासी दीपू पुत्र नवल किशोर की सड़क हादसे में मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपू पुत्र नवल किशोर रोशनपुर अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्स मैन के पद पर काम करता था मंगलवार की शाम दुकान से बह किसी काम से भोजपुर रोड पर जा रहा था जैसे ही कचनाल मोड़ के करीब पहुंचा तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बह गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना राहगीरों द्वारा भगतपुर पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरन्त एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर भेजा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी गुड्डी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। बताया जाता है मृतक दीपू की 17 दिन पूर्व ही शादी हुई थी।





# गश्त के दौरान नाजायज चाकू के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**भोजपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।हेड कांस्टेबल मनोज कुमार अपने सहयोगी सिपाही जितेन्द्र कुमार और अनूप यादव के साथ गांव कोरबाकू मोड़ से सिरसवां घोसयान की ओर जाने वाले मार्ग पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति पर शक होने पर पुलिस ने रोककर तलाशी ली। तलाशी में उसके कब्जे से नाजायज चाकू बरामद हुआ।पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर थाने ले आई। आरोपी की पहचान मोहम्मद जरीफ पुत्र शकील अहमद, निवासी गांव दौलपुरी, थाना मूंढापांडे, जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।



# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस की समीक्षा बैठक

**● ब्लैकमेलिंग करने वालों पर होगी एफआईआर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहींजिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिन योजनाओं में जिले की प्रगति संतोषजनक नहीं है, उन पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अधिकारी गंभीरता दिखाएं और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।आईजीआरएस का दुरुपयोग करने वालों पर थ्प्त्आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समाधान को लेकर जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत शिकायतकर्ताओं से संपर्क करने और संपर्क का प्रमाण निस्तारण आख्या के साथ संलग्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर बार-बार निराधार शिकायत कर सरकार के इस महत्वपूर्ण पोर्टल को ब्लैकमेलिंग का जरिया बनाने वालों को चिन्हित किया जाएगा। ऐसे गंभीर प्रकृति के मामलों में एफआईआर भी दर्ज होगी।डीएम ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण है। अधिकारी भी गंभीरता दिखाएं, अन्यथा उनके विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही होगी। शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से संपर्क किया जाए। यदि प्रकरण निस्तारण योग्य है तो गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करें, नहीं तो निस्तारण न हो पाने के कारणों की स्पष्ट जानकारी दें।विकास भवन में हुआ ष्मन की बातष का प्रसारणबैठक के बाद विकास भवन सभागार में माननीय प्रधानमंत्री जी के ष्मन की बातष का प्रसारण कराया गया। सभी अधिकारियों ने गंभीरतापूर्वक कार्यक्रम सुना। जिलाधिकारी ने कहा कि इस सत्र का उद्देश्य प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाना है।इस दौरान सीडीओ सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, एडीएम वित्त श्रीमती ममता मालवीय, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, एडीएम प्रशासन श्रीमती संगीता गौतम, एडीएम सिटी सुश्री ज्योति सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




## एक नजर

### भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा भावाधस ने नवागत जिलाधिकारी का किया स्वागत



**मुरादाबाद।** भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा भावाधस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को मुरादाबाद के नव नियुक्त जिलाधिकारी का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर जिलाधिकारी महोदय का अभिनंदन किया तथा जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एफ एन नागवंशी ने कहा कि भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा समाज के उत्थान, शिक्षा और सामाजिक एकता के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद में विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा।कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहित चंदेल, चिंटू भैया मीडिया प्रभारी, प्रदेश सचिव यश चंदेल, मंडल अध्यक्ष सुंदर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष मनी चौहान, जिला अध्यक्ष राजीव कुमार, जिला संगठन मंत्री अनुज, नगर संगठन मंत्री राजू, शाखा प्रभारी शाहपुर तिगरी अनिल, शाखा उपाध्यक्ष शाहपुर तिगरी अजयपाल तथा शाखा अध्यक्ष सिकाई अमन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी पदाधिकारियों ने नव नियुक्त जिलाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए जनपद के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### काली घटाओ तेज हवाओं के साथ हुई बारिश आम की फसलों को नुकसान

**कुंदरकी।** मंगलवार को काली घटाओ तेज हवाओं के साथ हुई बारिश दिन में रात जैसा मौसम हो गया, आम की फसल को भारी नुकसान एक तरफ मंगलवार तेज गर्मी का दिन रहा लोग गर्मी से परेशान थे । सुबह काली घटाओं तेज हवाओं के साथ बारिश हुई ।लोगों को गर्मी से राहत मिली उधर आम बागों के ठेकेदारों की चिंता बढ़ गई तेज हवा आंधी के साथ काफी संख्या में छोटे आम गिरे।

### एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**मुरादाबाद।** महानगर के कांठ रोड स्थित एस.एस. चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।विद्यालय प्रबंधन द्वारा 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 21 छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। समारोह में विशेष रूप से उन विद्यार्थियों की सराहना की गई जिन्होंने 98.8 प्रतिशत तक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की।इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक डॉ. अनिल अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. बबीता अग्रवाल, उपप्रधानाचार्य सुप्रिया अग्रवाल तथा एकेडमिक डायरेक्टर अपूर्व अग्रवाल ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही विद्यार्थियों को आगे भी इसी लगन और मेहनत के साथ शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका श्वेता चावला ने किया। समारोह में अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया।




### आंधी-तूफान और बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, आम की फसल को भारी नुकसान

**चन्दौसी।** बुधवार को आए तेज आंधी-तूफान और बेमौसम बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। सबसे अधिक नुकसान आम की फसल को हुआ, जबकि ईंट निर्माता भी बारिश से परेशान नजर आए। बुधवार सुबह मौसम बेहद सुहावना था। लोग जब नींद से जागे तो आसमान बिल्कुल साफ दिखाई दे रहा था, लेकिन करीब साढ़े नौ बजे अचानक आसमान में काले बादल छा गए। शुरुआत में लोगों ने इसे सामान्य मौसम परिवर्तन समझा, पर किसी को अंदाजा नहीं था कि कुछ ही देर में भीषण आंधी-तूफान आने वाला है। करीब साढ़े दस बजे के बाद बादल और घने हो गए तथा तेज हवाएं चलने लगीं। लगभग पौने ग्यारह बजे दिन में ही अंधेरा छा गया। चारों ओर काले बादलों के बीच बिजली कड़कने लगी और तेज तूफानी हवाओं ने कहर बरपाना शुरू कर दिया। देखते ही देखते कई बड़े पेड़ धराशायी हो गए और सड़कों पर गिरने से आवागमन बाधित हो गया। कैथल रामनगर में सड़क किनारे लगा ट्रांसफॉर्मर पोल गिर गया, जिससे बिजली के तार नीचे आ गए। तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई, जिससे मौसम अचानक ठंडा हो गया। लगातार बिजली कड़कने से लोग दहशत में रहे। खेतों में किसानों द्वारा बनाई गई झोपडिघ्यां भी तेज हवाओं के कारण गिर गईं। ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पेड़ गिरने से रास्ते अवरुद्ध हो गए। ग्रामीणों ने स्वयं पेड़ हटाकर रास्ते साफ किए। तेज हवाओं के कारण लोगों का सड़कों पर रुकना मुश्किल हो गया। कैथल रामनगर में एक पेड़ पर बिजली गिरने से वह पूरी तरह धराशायी हो गया। तूफान ने पूरे संभल जनपद में भारी तबाही मचाई। सैकड़ों पुराने पेड़ गिर गए। चन्दौसी के स्टेशन रोड स्थित अस्पताल के सामने खड़ा पुराना जामुन का पेड़ भी तेज आंधी में गिर गया, जिसे बाद में नगरपालिका कर्मियों ने हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर चौपाल आयोजित की गई। अभियान के तहत महिला संबंधी समस्याओं के निस्तारण तथा महिलाओं को सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मिशन शक्ति-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने शासन एवं पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। महिला पुलिसकर्मियों ने वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

साथ ही मोबाइल में इमरज. ेंसी कॉल एवं पैनिक बटन के उपयोग का डेमो भी दिखाया गया। इस दौरान लोगों को पंपलेट वित. रित कर महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

# मुगलपुरा थाने में आयोजित हुई गोष्ठी, सीओ कोतवाली ने साइबर क्राइम व महिला सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशानुसार बुधवार को थाना मुगलपुरा परिसर में क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया द्वारा निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों एवं रिक्रूट आरक्षियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पुलिसिंग को प्रभावी ढंग से संचा. लित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कर्मियों को साइबर क्राइम से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी शेयरिंग और डिजिटल फ्रॉड से जागरूक करने पर भी जोर दिया गया।महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण अभियान “मिशन शक्ति” के अंतर्गत महिला संबंधी अपराधों में संवे. दनशीलता के साथ कार्रवाई करने, पीड़ितों की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने तथा महिलाओं को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन की जानकारी देने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा यक्ष एप पर फीड किए गए अपराधियों की नियमित निगरानी रखने, सी-प्लान और बीट सूचना प्रणाली को सक्रिय एवं अपडेट रखने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर बनाए रखने तथा क्षेत्र में सतत भ्रमण कर जनता से संवाद स्थापित करने के लिए भी पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया। गोष्ठी में अनुशासन, सतर्कता और जनसहयोग के माध्यम से बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया गया।



# पुलिस क्लब में नव निर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का हुआ उद्घाटन, प्रशासनिक कार्यों को मिलेगी गति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के पुलिस क्लब, कचहरी परिसर में गुरुवार को नव निर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज जी, जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल उपस्थित रहे। अधिकारियों ने फीता काटकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का उद्घाटन किया तथा वहां उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रशासनिक एवं पुलिस कार्यों में तेजी और पारदर्शिता लाई जा रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष के माध्यम से अब विभिन्न स्तरों की बैठकों, अपराध समीक्षा, कानून व्यवस्था की निगरानी तथा शासन स्तर से होने वाले संवाद को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। इससे समय की बचत होने के साथ-साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य निष्पादन में भी सुविधा मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तकनीकी उपकरणों, इंटरनेट कनेक्टिविटी, ऑडियो-वीडियो सिस्टम तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का संचालन सुचारु रूप से किया जाए तथा इसकी तकनीकी गुणवत्ता को बनाए रखा जाए।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद अधिकारियों ने कक्ष में स्थापित सुविधाओं की सराहना करते हुए इसे पुलिस प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।



# एनएमएमएस परीक्षा में एसएम इंटर कॉलेज के सात छात्रों का चयन

**चन्दौसी।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले स्थानीय एस.एम. इंटर कॉलेज चन्दौसी ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) में विद्यालय के सात छात्रों ने सफलता प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। खास बात यह रही कि संभल जिले में सर्वाधिक छात्रों का चयन इसी विद्यालय से हुआ है। यह परीक्षा नौ नवंबर 2025 को आयोजित हुई थी, जबकि इसका परिणाम एक मार्च 2026 को घोषित किया गया।

चयनित मेधावी छात्रों में अनिकेत, लोकेश, सुमित कुमार, ललित कुमार, कृष्णा कुमार, मोहित गौतम और वरुण शामिल हैं। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राज. ेश गुप्ता ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। एनएमएमएस परीक्षा अध्यक्ष जटाशंकर ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा की तैयारी एवं प्रशिक्षण में आकाश शर्मा, सुनील कुमार और रूपेश कुमार का विशेष योगदान रहा। वहीं खम्मन सिंह, अभिषेक गौतम, मो. इमरान, मो. सलीम सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी छात्रों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य ने बताया कि एस.एम. इंटर कॉलेज में छात्रों को नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी एवं छात्रवृत्ति परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाती है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। इस उपलब्धि से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर योगेश बाबू, मनोज कुमार, श्रीनेमचंद, गणेश सिंह, ए.के. सिंह सहित समस्त शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।



# वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा मनाया गया मातृ दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा श्रीबारहसैनी धर्मशाला पर मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। समिति की प्रदेश सचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा कि मातृ दिवस केवल उपहार देने या लेने का दिन नहीं है, बल्कि यह माँ के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। समय-समय पर वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा सामाजिक धार्मिक कार्य होते रहते हैं, उन्हीं कार्यों में एक कार्य मातृदिवस समिति द्वारा धूमधाम से मनाया गया जिसमें समिति की प्रत्येक महिला का सम्मान किया गया, पत्रिका वितरण किया गया जो प्रथम महिला पत्रिका समिति द्वारा वार्षिक बनाई जाती है। साथ में तंबोला गेम से सभी का एंटरटेनमेंट किया गया। कार्यक्रम में मातृदिवस पर गोष्ठी की गई। उत्थान समिति का उद्देश्य हमेशा महिलाओं को आगे रखना, महिलाओं को जागरूक करना और महिलाओं को हमेशा हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का कार्य करना होता है। कार्यक्रम में लक्की ड्रॉ, पंक्यूलिटी भी निकाली गई। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रीना चौधरी ने तथा संचालन प्रदेश सचिव प्रतिभा चौधरी ने किया।

# ब्राह्मण शक्ति संघ ने समाजवादी पार्टी के राजकुमार भाटी के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ब्राह्मण शक्ति संघ के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा सार्वजनिक कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के लिए बोले गए अपशब्दों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए एक तहरीर कोतवाली चंदौसी में कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर को दी।

ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक कुमार मिश्रा की ओर से दी गई तहरीर के माध्यम से समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राज. कुमार भाटी पर ब्राह्मण समाज अपशब्द कहते हुए अपमानित करने का आरोप लगाया और ब्राह्मण शक्ति संघ ने कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर से रिपोर्ट दर्ज कर राजकुमार भाटी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई व राजकुमार भाटी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो संगठन पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगा। संगठन के प्रदेश संयोजक मुकेश गौड़ ने कहा कि ब्राह्मणों को अपमानित कर अपनी राजनीति चमकाने का ये कु कृत्य तुरंत बंद होना चाहिए व ऐसी कार्यवाही होनी चाहिए कि भविष्य में कोई राजनीतिक दल का व्यक्ति ब्राह्मण समाज को अपमा. नित करने का साहस न कर सके।

प्रदेश महामंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव राजकुमार भाटी को तुरंत पार्टी से निष्कासित करें अन्यथा आने वाले चुनावों में ब्राह्मण समाज समाजवादी पार्टी का बहिष्कार करेगा। तहरीर देते समय विवेक मिश्रा, सचिन मिश्रा, विवेक शर्मा, अविरल शर्मा, राज. कुमार शर्मा, सचिन शर्मा, डॉ. पी. के.पांडेय, निशांत शर्मा, पराग शर्मा, अभिषेक पाराशरी, मुदित शर्मा, निखिल शर्मा, विकास मिश्रा, राममिश्रा, शरद दुबे, अंकित मिश्रा, सौरभ शर्मा, बृजेश शर्मा, अमोल शर्मा, योगेश भारद्वाज, राजीव शर्मा, पर्व शर्मा, ओम भारद्वाज, शिरोमणि शर्मा आदि मौजूद रहे।



# ट्रम्प का चीन दौरा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच गए हैं। पूरी दुनिया की नजर उनकी इस यात्रा पर टिकी है, जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका-इस्राईल ईरान के साथ सीधे युद्ध में उलझे हुए हैं और इस युद्ध ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया हुआ है। जो देश इस युद्ध में सीधे शरीक भी नहीं हैं, वे भी इसकी आंच से बुरी तरह झुलस रहे हैं। जानने वाले लोगों का मानना है कि जिस तरह का रुख ईरान को लेकर चीन का अब तक रहा है, उसको देखते हुए इस यात्रा से कोई बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं है, लेकिन असल बात जब ही पता चलेगी, जब डोनाल्ड ट्रम्प व जिनपिंग आपस में बातचीत करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि ट्रम्प चीन के माध्यम से ईरान को इस बात पर राजी करने का प्रयास करेंगे कि ईरान के पास जो यूरेनियम का संवर्धन है, वह उसको अमेरिका को सौंप दे। साथ ही ईरान ने होर्मुज स्टेट बंद किया हुआ है, उसको खोलने का दबाव भी चीन ईरान पर बनाए। हालांकि यह काम इतना आसान भी नहीं लगता, क्योंकि होर्मुज पर अब तक चीन ईरान का समर्थन करता रहा है और इस जलमार्ग के बंद होने के लिए अमे. रिका पर दोष मढ़ता रहा है। चीन ईरान के तेल का इस समय बड़ा ग्राहक है और संयुक्त राष्ट्र में भी उसको लेकर जो प्रस्ताव आते रहे हैं, उसका विटो करता रहा है। इसके अलावा भी ट्रम्प का टैरिफ प्लान भी चीन के लिए समस्या खड़ी करता रहा है। उसको लेकर भी बात स्वाभाविक रूप से होगी ही, लेकिन असल मुद्दा पश्चिमी एशिया के हालात ही रहने की उम्मीद है। देखने वाली बात तो यह भी होगी कि चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ट्रम्प की बात को कहां तक मानते हैं और अपनी बात को वह उनसे कितना मनवा पाते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय दुनिया वास्तव में बारूद के ढेर पर बैठी हुई है और ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज को लेकर इस समय खाड़ी में तनाव अपने चरम पर है। अमेरिका के जिस तरह के तेवर हैं, उससे तो यही लगता है कि जारी युद्ध विराम कभी भी टूट सकता है। वैसे भी जो प्रस्ताव अमेरिका व ईरान ने एक-दूसरे को दिए हैं, उससे दोनों ही पक्ष सहमत होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपना परमाणु कार्यक्रम नहीं रोकेगा और न ही होर्मुज स्टेट से अपने कंट्रोल में किसी तरह की कमी आने देगा और ये दोनों ही कारण दोनों पक्षों के लिए बेहद मुख्य हैं। अमेरिका की भी जिद है कि वह ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार नहीं बनाने देगा, अब देखते हैं कि ट्रम्प व जिनपिंग की मुलाकात क्या रंग दिखाती है।

## श्रीमुख से...

### सड़कों पर उतरें जेन ज़ी



बहुत हुआ पेपर लीक, अब इस घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़गा नेपाल और बांग्लादेश के जेन जी अपनी सरकार बदल सकते हैं, तो हमारे देश का जेन जी पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता, हर बार पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आज तक किसी को सजा नहीं मिली, इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है, ज्यादातर पेपर लीक भाजपा शासित राज्यों में क्यों होते हैं, क्या इस घिनौने खेल में भाजपा के नेता सीधे तौर पर शामिल हैं? कुछ लोग सिस्टम फेल होने की बात करते हैं, लेकिन वे लोग ऐसा कहकर अनजाने में पेपर लीक में शामिल टॉप पर बैठे व्यक्ति को बचा रहे हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, संयोजक, आम आदमी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
**पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# स्त्री को खुद लिखनी होगी अपनी परिभाषा





दिव्या त्यागी

स्त्री क्या है? यह सवाल जितना छोटा लगता है, जवाब उतना ही उलझा हुआ है। क्योंकि सदियों से इसे परिभाषित पुरुषों ने किया है। और जब परिभाषा लिखने वाला खुद एक पक्ष हो, तो निष्पक्षता कहां से आएगी? पुरुष की कलम से निकली स्त्री की तस्वीर में पक्षपात आना स्वाभाविक है पर सवाल यह है-स्त्री ने खुद को परिभाषित करने की कोशिश क्यों नहीं की? शायद इसलिए कि उसे बोलने का हक ही नहीं दिया गया। या फिर इसलिए कि उसे 'अबला' कहकर यह यकीन दिला दिया गया कि वो खुद को जान ही नहीं सकती।

**पुरुष ने स्त्री को दो ही खांचों में बांटा**

श्रद्धा या भोग। प्रेमिका हुई तो सिर्फ सुंदरता दिखी, दिमाग नहीं। मां-बहन बनी तो ममता दिखी, पर औरत होना भुला दिया। जबकि सच ए है कि वो एक ही स्त्री है। वही हाथ जो बच्चे को थपकी देते हैं, वही हाथ साज-श्रंगार भी जानते हैं। वही आंखें जो ममता बरसाती हैं, वही आंखें सपने भी देखती हैं। एक रूप को पूजकर दूसरे को नकार देना, यह उसके साथ सबसे बड़ा अन्याय है। पुरुष ने खुद को 'भंवरा' कहा - एक कली से दूसरी कली। ठीक है, मान लिया। पर भंवरे को पैदा किसने किया? स्त्री ने ही ना? तो फिर स्त्री ने ए क्यों नहीं कहा कि 'मेरा स्वभाव भी भंवरे जैसा है, मैं भी उड़ूंगी'। प्रकृति में भंवरा फूल का रस भोजन के लिए लेता है, संबंध के लिए नहीं। संबंध तो भंवरा भंवरी से ही बनाएगा, अपनी जाति की भंवरी से। फिर स्त्री को 'भोग की वस्तु' कहना प्रकृति के नियम के खिलाफ है, गलत है। समाज ने पुरुष की भटकन को 'मर्दानगी' का नाम दिया - 'बहक जाता है बेचारा'। और स्त्री की उड़ान को 'चरित्रहीनता' का। उसे 'अबला' कहकर पिंजरे में डाल दिया। जबकि वह अबला नहीं है, उसे अबला बनाया गया है। 'कामायनी' खोलकर देख लो। मनु सब छोड़कर चला जाता है। श्रद्धा अकेली रह जाती है, बच्चे के साथ। वह पूछती है-'मेरी क्या गलती थी'? उसकी कोई गलती नहीं थी। पर लेखक ने भी मनु के मुंह से कहलवा दिया -'मेरा तो स्वभाव ही ऐसा है, मैं रुक नहीं सकता'। वाह! पल्ला झाड़ लिया। 'स्वभाव' के नाम पर सारी जिम्मेदारी से छुट्टी। जबकि स्वभाव कोई आसमान से टपका हुआ नहीं होता।

हम सब वर्दी पहनते हैं। कोई पुलिस की, कोई डॉक्टर की, कोई जज की। कुर्सी पर बैठते ही स्त्री-पुरुष बराबर हो जाते हैं- कानून सबके लिए एक। पर वर्दी उतरते ही हम फिर 'मर्द' और 'औरत' बन जाते हैं। यानी पेशा बदला, पर इंसान वही रहा। तो फिर घर आकर 'मेरा स्वभाव ही ऐसा है' कहना कहां तक ठीक है? स्वभाव हम खुद चुनते हैं। जो गुण हमें भाते हैं, हम उन्हें अपनाते हैं। क्रोध भाता है तो क्रोधी, लालच भाता है तो लालची। तो 'बहकना' भी एक चुनाव है, मजबूरी नहीं। भगवान ने स्त्री-पुरुष को पूरक बनाया था, प्रतियोगी नहीं। विष्णु भगवान से जब पूछा गया कि 'कौन सा वर्ण सर्वश्रेष्ठ है?' तो उन्होंने चारों वर्णों के काम गिनाकर, उन्हें अपने शरीर के अंगों से जोड़ा - सिर, भुजा, उदर, पैर। फिर कहा -'जैसे शरीर का हर अंग जरूरी है, कोई छोटा-बड़ा नहीं, वैसे ही समाज में हर वर्ण जरूरी है।' ठीक उसी तरह सृष्टि में स्त्री और पुरुष दोनों जरूरी हैं। कोई कम नहीं, कोई ज्यादा नहीं। भगवान ने किसी को सुपीरियर नहीं बनाया। यह ऊंच-नीच का खेल हमने बनाया। और इसमें हमारी भी गलती कम नहीं।बेटी पैदा होते ही हम उसकी शादी के सपने देखने लगते हैं -'कहां ब्याहेंगे, कैसा घर मिलेगा'। बेटा पैदा हो तो कहते हैं-'पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बनेगा, नाम रोशन करेगा'। हमने लड़की से उसका भविष्य छीनकर उसे 'पराया धन' बना दिया। उसे मौका ही कहां दिया कि वह साबित करे कि वह भी कलेक्टर बन सकती है या किसी अन्य ऊंची कुर्सी पर बैठ सकती है? मेरा मानना है कि अब वक्त आ गया है कि स्त्री अपनी खोज खुद करे। हालांकि यह आसान नहीं होगा। क्योंकि हजारों साल की जंजीरें एक दिन में नहीं टूटतीं। हमें हमेशा सिखाया गया -'पुरुषों के बराबर बनो'। स्कूल, कॉलेज, ऑफिस-हर जगह यही मंत्र। पर आज तक किसी पुरुष से ए क्यों नहीं कहा गया कि-बेटा, जरा मां या बहन ॗस्त्रीॠ के बराबर बनकर दिखा'? 'उसके जैसा सब्र ला, उसके जैसी ममता ला, उसके जैसा घर और बाहर दोनों संभालकर दिखा'। सृष्टि का पहिया दो पहियों से चलता है। एक पहिए को मर्द का अहंकार और दूसरे पहिए को औरत का शरीर बनाकर रखोगे, तो गाड़ी लुढ़क ही जाएगी।

> भगवान ने स्त्री-पुरुष को पूरक बनाया था, प्रतियोगी नहीं। विष्णु भगवान से जब पूछा गया कि 'कौन सा वर्ण सर्वश्रेष्ठ है?' तो उन्होंने चारों वर्णों के काम गिनाकर, उन्हें अपने शरीर के अंगों से जोड़ा - सिर, भुजा, उदर, पैर। फिर कहा -'जैसे शरीर का हर अंग जरूरी है, कोई छोटा-बड़ा नहीं, वैसे ही समाज में हर वर्ण जरूरी है।' ठीक उसी तरह सृष्टि में स्त्री और पुरुष दोनों जरूरी हैं। कोई कम नहीं, कोई ज्यादा नहीं। भगवान ने किसी को सुपीरियर नहीं बनाया। यह ऊंच-नीच का खेल हमने बनाया। और इसमें हमारी भी गलती कम नहीं।

इसलिए अब कोई यह कहकर नहीं बच सकता कि 'मैं पुरुष हूं, मेरा खून ही गरम है'। दोनों एक ही मिट्टी से बने हैं, एक ही धूप में तपे हैं। 'स्वभाव' का बहाना अब नहीं चलेगा। आटा एक ही है। उससे पराठा बने या लड्डू, मोयन ज्यादा-कम हो सकता है, पर मूल गुण वही रहते हैं-गेहूं के। बस आकार और स्वाद हमने अपनी सुविधा से बदल दिया। पुरुष ने स्त्री को अपने हिसाब से ढाला-कभी देवी का रूप, कभी दासी का। अब वक्त है कि स्त्री खुद तय करे कि उसे क्या बनना है-पराठा, लड्डू या फिर पूरा भोजन। परिभाषा अब वो खुद लिखेगी। भविष्य की कलम उसके हाथ में है।

# दिन-प्रतिदिन विद्या मंदिरों में लगते ताले



निर्मल रानी

देश के लगभग 21 लाख छात्रों का भविष्य पिछले दिनों उस समय फिर दांव पर लग गया जबकि NEET अर्थात नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट की राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा, पेपर लीक हो जाने के कारण रद्द कर दी गई। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था NTA अर्थात नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस मामले में स्वयं को जिम्मेदार मानते हुए परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। पेपर लीक होने के चलते देश में पहले भी नीट परीक्षाएं रद्द हो चुकी हैं।

इसके लिए जिम्मेदार कोई भी हो परन्तु इससे सबसे बड़ा नुक्सान उस मेहनतकश विद्यार्थी को हुआ है जिसने दिन रात एक कर परीक्षा दी और परीक्षा के परिणाम सुनने के बजाए उन्हें परीक्षा के रद्द होने जैसी मनहूस खबर सुनाई दी। इस घटना के बाद एक बार फिर हमारे देश की विद्या यहां के विद्यार्थियों तथा विद्यालयों के भविष्य को लेकर चर्चा छिड़ गई है। एक तरफ तो नीट परीक्षा देने वाले जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के वे छात्र जो भविष्य में डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर आदि बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं, उनका भविष्य अधर में लटका दिखाई दे रहा है। तो दूसरी तरफ शिक्षा को लेकर सरकार का एजेंडा व उसकी प्राथमिकताएं भी कुछ और ही नजर आ रही हैं। आज देश के विभिन्न राज्यों के विद्यालयों में अब भारतीय ज्ञान प्रणाली के नाम पर धर्म,अध्यात्म,कर्म काण्ड व पंडितों की शिक्षा दी जाने लगी है। यहां सरकारी और कुछ निजी स्कूलों में हिंदू धर्म, अध्यात्म, नैतिक मूल्यों, भारतीय ज्ञान प्रणाली और संबंधित ग्रंथों (जैसे भगवद्गीता, रामायण, वेद) की शिक्षा दी जा रही है और इससे संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत,मूल्य-आधारित शिक्षा, नैतिकता और सांस्कृतिक जागरूकता के नाम पर हो रहा है। हालांकि भारतीय संविधान (अनुच्छेद 28) सरक. ारी फंड वाले स्कूलों में धार्मिक शिक्षा पर रोक लगाता है, लेकिन धर्मों के बारे में शिक्षा की अनुम. ति है जिसे आधार बनाकर धार्मिक शिक्षा दी जा रही है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित व अन्य हिंदू संगठनों द्वारा संचालित स्कूलों में यह पहले से अधिक प्रचलित है। शिक्षा को लेकर हमारा देश इस समय एक ऐसे दुर्भागयपूर्ण दौर से गुजर रहा है जबकि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे अनेक लोगों की शिक्षा, उनकी डिग्रियां असली हैं या नकली, विधान निर्माता शिक्षित है या अशिक्षित,इसतरह के सवाल उठ रहे हैं। उधर उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए संपन्न लोग अपने बच्चों को पहले भी विदेश भेजा करते थे और आज भी भेजते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री व दुनिया के जाने माने अर्थशास्त्री स्व डॉ मनमोहन सिंह ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से 1957 में अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी ऑनर्स डिग्री हासिल की थी और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से 1962 में डी।फिल। की उपाधि ग्रहण की थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू व राजीव गांधी भी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं।

इसी तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण,ज्योतिरादित्य सिंधिया, राहुल गांधी, जयराम रमेश, पी. चिदंबरम, कपिल सिब्बल, सुब्रमण्यम स्वामी, जयंत सिन्हा, रतन टाटा, आनंद महिंद्रा जैसे अनेकानेक राजनेता उद्योगपति व प्रतिष्ठित लोग हारवर्ड, कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड या अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। परन्तु हमारे प्रधानमंत्री की नजरों में शायद इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों या यहां की पढ़ाई की उतनी अहमियत नहीं। तभी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि ष्एक तरफ वे लोग हैं जो हार्वर्ड की बात करते हैं, और दूसरी तरफ एक गरीब का बेटा है, जो अपनी कड़ी मेहनत से अर्थव्यवस्था को सुधारने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने तमिलनाडु में एक सभा में कहा था कि देश को विकास के लिए हार्वर्ड की नहीं, हार्ड वर्क की जरूरत है। प्रधानमंत्री के अनुसार हार्वर्ड वालों से ज्यादा दम श्हार्ड वर्कश वालों में है। जरा सोचिए कि क्या पढ़ाई करना हार्ड वर्क की श्रेणी में नहीं आता? जो बच्चा परीक्षा की तैयारी के लिए दिन रात एक किए रहता है,खाना पीना नींद आराम सब कुछ छोड़कर रोज 16 -18 घण्टे पढ़ाई करता है वह क्या हार्ड वर्क नहीं है ?

# सोने पर सरकारी नजर : वरदान या नियंत्रण का जाल



रजनीश कपूर

जब से प्रधानमंत्री ने देशवासियों को सोना न खरीदने की अपील की है सोशल मीडिया पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उनमें से एक वीडियो पोस्ट काफी वायरल हो रहा है, जिसमें सरकार की सोने से जुड़ी नई नीति पर गहरी चिंता जताई गई है। पोस्ट में कहा गया है कि सरकार अब आम घरों में पड़े सोने को वित्तीय संपत्ति बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। आयात के दबाव, रूपए पर तनाव और ई-गोल्ड को बढ़ावा देने के नाम पर यह कदम उठाया जा रहा है। वीडियो में स्पष्ट किया गया कि सोना अब सिर्फ जेवर या निवेश नहीं, बल्कि एक 'पावर' है। पर जब यह डिजिटल हो जाएगा तो नियंत्रण किसके हाथ में होगा? आपके, बैंक के या सिस्टम के? यह सवाल आज हर आम आदमी को सोचने पर मजबूर कर रहा है। वीडियो में सरकार की तर्कसंगतता को भी समझाया गया है। भारत में घरों, लॉकरों, जेवरों और सिक्कों के रूप में भारी मात्रा में सोना पड़ा हुआ है, लेकिन यह अर्थव्यवस्था में घूमता नहीं है। न बैंक इसका इस्तेमाल कर पाते हैं, न जेवराती। हर साल देश को नया सोना आयात करना पड़ता है, जिसके लिए डॉलर खर्च होते हैं और आयात बिल बढ़ता है। सरकार का तर्क है कि यदि यह निष्क्रिय सोना सिस्टम में आ जाए, तो आयात कम होगा, अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके लिए ई-गोल्ड यूनिट्स या गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें आप भौतिक सोना जमा करेंगे, डिजिटल यूनिट्स लेंगे, ब्याज कमाएंगे और लॉकर चार्ज बचाएंगे। वीडियो में सोने की शुद्धता जांच, बार-कॉइन-जेवर स्वीकार करने और रिनॉउन्ड रिफाइनर से टाई-अप जैसी सुविधाओं का जिक्र भी है।





लेकिन वीडियो सिर्फ सरकारी तर्क पर नहीं रुकता। यह चेतावनी देता है के कैश को 'यूपीआई' से डिजिटल बनाने, कागजी शेयरों को डीमैट में लाने के बाद अब सोने की बारी है। भौतिक सोना, जो लॉकर में 'अ.श्य' और 'निजीश्था, अब पंजीकृत, 'ट्रैकेबल' और नियमों के दायरे में आ जाएगा। वीडियो में 'सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड' का भी उदाहरण दिया गया है, जहां 1 लाख का निवेश 4.86 लाख हो गया, लेकिन अब फोकस घरेलू सोने पर है। सवाल उठाया गया है कि क्या यह सिर्फ आयात कम करने की रणनीति है या सिस्टम में पूर्ण नियंत्रण का खेल? यह पोस्ट आम आदमी की चिंताओं को छूता है। सोना भारतीय संस्कृति में सिर्फ संपत्ति नहीं, बल्कि सुरक्षा, विवाह और आपातकालीन फंड माना जाता है। महिलाओं के मंगलसूत्र से लेकर परिवार की पीढ़ी-दर-पीढ़ी की जमा पूंजी तक, यह भावनात्मक और आर्थिक रूप से जुड़ा है। वीडियो के संदेश को देखते हुए लगता है कि डिजिटल सोना बनने पर न सिर्फ रूप बदलेगा, बल्कि नियंत्रण, दृश्यता और भविष्य के नियम भी बदल जाएंगे। इस पोस्ट पर आए कमेंट्स इस चिंता को और गहरा करते हैं। एक यूजर ने लिखा, ह्बड़े-बड़े उद्योगपतियों का जेवर ले लो, आम जनता को बक्श दो। दूसरे ने कहा, डिजिटल इंडिया मतलब गुलामी, फंडामेंटल राइट्स खोना। कई कमेंट्स में डर जताया गया कि सरकार महिलाओं के मंगलसूत्र तक पर नजर रखेगी। एक ने चेतावनी दी, बैंक डूब गया तो क्या देंगे? फिजिकल गोल्ड ही अच्छा। कुछ यूजर्स ने इसे 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' या 'ग्लोबलिस्ट एजेंडे' से जोड़कर देखा, जहां सोना रजिस्टर कराने के बाद आम आदमी सड़क पर आ जाएगा। कुल मिलाकर, कमेंट सेक्शन सरकार पर अविश्वास, डिजिटल नियंत्रण के भय और व्यक्तिगत स्वायत्तता खोने की भावना से भरा पड़ा है। लोग याद दिला रहे हैं कि कैश और शेयरों की तरह सोना भी 'ट्रैकेबल' हो गया तो निजी संपत्ति पर सिस्टम की पकड़ मजबूत हो जाएगी। अब सवाल यह है कि यह नीति आम आदमी को कितना फायदा पहुंचाएगी? फायदों की बात करें तो यह निश्चित रूप से कुछ वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है। जो लोग अपना सोना लॉकर में बेकार पड़ा रखते हैं, उन्हें ब्याज कमाने का मौका मिलेगा। लॉकर चार्ज बचेंगे, सोने की शुद्धता की जांच होगी और जरूरत पड़ने पर इसे आसानी से लिक्विड किया जा सकेगा। अर्थव्यवस्था के स्तर पर आयात बिल कम होने से रूपया मजबूत होगा, महंगाई पर काबू रहेगा और विद. ेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित होगा। अप्रत्यक्ष रूप से आम आदमी को फायदा पहुंचेगा। यानी कि स्थिर अर्थव्यवस्था, बेहतर रोजगार और कम आयात निर्भरता। छोटे किसान, मध्यम वर्गीय परिवार या महिलाएं, जो सोने को सुरक्षित निवेश मानती हैं, बिना बेचे ब्याज कमा सकेंगी। गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम में शुद्धता जांच की सुविधा भी जेवरातों की विश्वसनीयता बढ़ाएगी, लेकिन नुकसान भी कम नहीं। सबसे बड़ा खतरा नियंत्रण का है। भौतिक सोना परिवार की स्वतंत्र संपत्ति है। डिजिटल होने पर बैंक या सरकार के पास डेटा होगा। कर चोरी, ब्लैक मनी या आपात स्थिति में सरकार इसका इस्तेमाल कर सकती है।



कुल्लू-मनाली। ग्रीष्म ऋतु के दौरान ब्यास नदी में रिवर रॉफ्टिंग का आनंद लेते पर्यटक।

## घातक फेंटानिल की आपूर्ति में भारतीय दवा विक्रेता वीजा प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत स्थित ऑनलाइन दवा विक्रेता केएस इंटरनेशनल ट्रेडर्स से जुड़े 13 करीबी व्यावसायिक सहयोगियों पर वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की है। अमेरिका ने इस नेटवर्क पर देश में घातक और अवैध फेंटानिल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता थॉमस 'टॉमी' पिंगॉट ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई उन अंतर्राष्ट्रीय तस्करी अभियानों को ध्वस्त करने के एक आक्रामक अभियान का हिस्सा है, जो अमेरिका में परिवारों को तबाह करने वाली अवैध फेंटानिल के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश विभाग के अनुसार, केएस इंटरनेशनल ट्रेडर्स ने कथित तौर पर पूरे अमेरिका में खरीदारों को अवैध फेंटानिल युक्त लाखों जाली दवाएं बेचीं।

## रूस के बेलगोरोद में पटरी से उतरी ट्रेन

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में रेल की पटरी में लगभग 6.5 फीट का अंतर आने के कारण एक ट्रेन पटरी से उतर गई है। बेलगोरोद क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने बुधवार को कहा कि यह घटना किसी विस्फोटक उपकरण के कारण हो सकती है। ग्लैदकोव ने टेलीग्राम पर लिखा कि याकोवलेवस्की जिले में एक आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हुई है। राजुमनोए-तोमारोवका मार्ग पर जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई। प्रारंभिक सूचना से पता चलता है कि यह घटना पटरी में लगभग दो मीटर के अंतर के कारण हुई, जो किसी विस्फोटक उपकरण के फटने से हो सकता है। गवर्नर ने बताया कि ट्रेन चालक को आपातकालीन ब्रेक लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके कारण डिब्बे का आधा हिस्सा पटरी से उतर गया।

# ईरान ने वॉशिंगटन पर साधा निशाना

### कहाः पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका के कदम शांति कायम होने में सबसे बड़ी बाधा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन के कदमों से भरोसे में कमी शांति कायम होने में सबसे बड़ी बाधा है। अराघची ने यह बात तेहरान में नार्वे के उप-विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कही।

ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी ने यह जानकारी दी। प्रेस टीवी के मुताबिक, अराघची ने अमेरिकी पक्ष के कथित अहंकारी रुख और धमकी भरी तथा भड़काऊ भाषा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नीयत में कमी और बेईमानी ही युद्ध को पूरी तरह खत्म करने में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमले ही मौजूदा स्थिति और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव की मुख्य वजह हैं। उन्होंने यह भी कहा कि



■ अराघची ने यह बात तेहरान में नार्वे के उप-विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कही

ईरान के समुद्री बंदरगाहों की लगातार नाकेबंदी करके कई बार युद्धविराम का उल्लंघन किया गया है। अराघची ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य के तटीय देश के रूप में ईरान अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार वहां की व्यवस्थाओं और नियमों को तय करने के लिए विचार-विमर्श कर रहा है। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल का हमला केवल जमीन, संसाधनों या भू-राजनीति का युद्ध नहीं है, बल्कि यह ऐसा युद्ध है जो वर्तमान और भविष्य में 'अच्छाई' और 'बुराई' के मायने तय करेगा। बघाई ने दोनों देशों पर युद्ध विराम के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष ईरान पर थोपा गया है।

### ईरान अमेरिका से पांच शर्तें पूरी करने पर बातचीत करेगा

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका पांच शर्त पूरी करें तो वह उससे बातचीत करेगा। फार्स न्यूज एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। मंगलवार को मिली रिपोर्ट के अनुसार इन शर्तों में सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करना (विशेषकर लेबनान में) ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना, ईरान की संपत्ति पर लगी रोक हटाना, नुकसान की भरपाई करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को मान्यता देना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने पाकिस्तान को (अमेरिका के साथ ईरान की बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है) यह संदेश दिया कि नौसैनिक नाकेबंदी ने ईरान के इस विचार को और मजबूत कर दिया है कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय हे कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के क्षेत्र पर हमले किए।

# ट्रम्प के रक्षा बजट पर मचा बवाल

## ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान, हेगसेथ ने किया सैन्य अभियान का जोरदार बचाव, बोलेः अब भी हमारे हाथ में सारे पत्ते

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान का जोरदार बचाव किया। उन्होंने कहा कि तमाम तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी संकट के बावजूद अमेरिका अब भी सभी पत्ते अपने हाथ में रखता है। सीनेट विनियोग उपसमिति के समक्ष रक्षा मामलों की सुनवाई के दौरान हेगसेथ ने डेमोक्रेट सांसदों के साथ तीखी बहस की। इस बैठक में जाइंट चीफ्स चेयरमैन डैन केन भी मौजूद थे।

सुनवाई का मुख्य मुद्दा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रस्तावित 1.5 ट्रिलियन डॉलर का रक्षा बजट, ईरान युद्ध की बढ़ती लागत, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से बढ़ती तेल कीमतें और चीन-यूक्रेन को लेकर अमेरिकी रणनीति रही। हेगसेथ ने कहा कि ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने दावा किया कि 47 वर्षों से ईरान अमेरिका पर हमला करता रहा है और परमाणु हथियार कार्यक्रम को लेकर झूठ बोलता रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने आखिरकार कार्रवाई करने का साहस दिखाया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की पूरी पारंपरिक नौसेना अब फारस की खाड़ी के तल में पड़ी है और मौजूदा स्थिति में अमेरिका के पास पहले से ज्यादा दबदबा है। हालांकि डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रम्प प्रशासन की रणनीति पर गंभीर



■ ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है: हेगसेथ

सवाल उठाए। सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि यह युद्ध बिना किसी स्पष्ट लक्ष्य और अंत की योजना के लड़ा जा रहा है, जिसकी कीमत अमेरिकी जनता चुका रही है। वहीं सीनेटर पैटी मरे ने बढ़ती ईंधन और खाद्य कीमतों के बीच भारी रक्षा खर्च पर सवाल उठाए। पेंटागन के मुताबिक ईरान संघर्ष पर अब तक करीब 29 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं, हालांकि अमेरिकी सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का पूरा आकलन अभी बाकी है। सुनवाई के दौरान सबसे बड़ा सवाल होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने को लेकर उठा। वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम इस समुद्री मार्ग में व्यवधान के कारण दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। इस पर हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका के पास सैन्य विकल्प मौजूद हैं, लेकिन वाशिंगटन अब भी बातचीत के जरिए समाधान चाहता है ताकि ईरान अंतर्राष्ट्रीय जलमार्गों में समुद्री डकैती बंद करे। जाइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल डैन केन ने भी माना कि ईरान अपनी सैन्य गतिविधियों के जरिए दुनिया की अर्थव्यवस्था को बंधक बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने सैन्य योजनाओं पर सार्वजनिक रूप से ज्यादा जानकारी देने से इन्कार कर दिया। सुनवाई में मिच मैककोनेल ने नाटो सहयोगियों और यूक्रेन को समर्थन जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया।

### एक्सपर्ट्स का दावाः ईरान युद्ध में 95 लाख करोड़ फूंक चुके ट्रम्प, बताया सिर्फ 2.77 लाख करोड़

**वाशिंगटन।** पिछले दो महीने से अमेरिका और ईरान में तनाव जारी है। इस युद्ध में अमेरिका के अब तक 2,77 लाख करोड़ खर्च हो चुके हैं। मंगलवार को पेंटागन के एक वरिष्ठ बजट अधिकारी अमेरिकी सांसदों को यह जानकारी दी। हालांकि यह आंकड़े पेंटागन की ओर से अमेरिकी कांग्रेस के समक्ष प्रस्तुत किए अनुमानित बजट से 2.39 लाख करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि ये अनुमान अमेरिकी युद्ध विभाग की ओर से खर्च को कम करके आंका गया अनुमान मात्र हैं। वहीं, कुल खर्च संभावित रूप से 95.67 लाख करोड़ रुपये तक जा सकता है। हार्वर्ड कैनेडी स्कूल द्वारा पिछले सप्ताह जारी एक शोध के अनुसार, युद्ध बजट विशेषज्ञ लिंडा बिल्मेस का कहना है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अनुमानित लागत 95 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि अल्पकालिक, अग्रिम लागतों में प्रतिदिन लगभग 19134 करोड़ रुपये खर्च होते हैं, जो उनके अनुसार हिमशैल का एक छोटा सा हिस्सा मात्र है।

## अमेरिका के हथियारों के जखीरे खाली होने के दावे गलतः हेगसेथ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान युद्ध में अमेरिका के हथियारों के जखीरे खाली होने की रिपोर्टें और राजनीतिक दावे मूर्खतापूर्ण एवं व्यर्थ रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं। हेगसेथ ने ईरान युद्ध के खर्च पर आयोजित संसदीय सुनवाई में इन दावों को सिरे से खारिज किया। हेगसेथ ने सदन विनियोग रक्षा उपसमिति के सामने कहा कि ईरान और पश्चिम एशिया में जारी तनाव से संबंधित मांग बढ़ने के बावजूद अमेरिकी सेना की पूरी परिचालन क्षमता बरकरार है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास अपने अभियानों को अंजाम देने के लिए आवश्यक सभी हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध हैं। उन्होंने उन रिपोर्टों को खारिज किया जिनमें कहा गया था कि रक्षा मंत्रालय महत्वपूर्ण हथियार प्रणालियों की कमी का सामना कर रहा है।

## राष्ट्रपति शी के साथ उच्च स्तरीय बैठक के लिए चीन पहुंचे ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प स्थानीय समयानुसार आज सुबह बीजिंग पहुंचे और वह यहां अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। ईरान युद्ध छिड़ने के कारण इस साल की शुरुआत में जो बातचीत टल गई थी, उसे अब फिर से शुरू किया जा रहा है। ट्रम्प मंगलवार को व्हाइट हाउस से रवाना हुए थे।

दोनों नेताओं के बीच बातचीत में व्यापार का मुद्दा सबसे अहम रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही, ईरान युद्ध और हॉर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति में आ रही बाधाओं पर भी गंभीर चर्चा होने की संभावना है। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि ऊर्जा सुरक्षा और ताइवान के मुद्दे भी चर्चा में शामिल होंगे। दरअसल, ताइवान का सवाल अमेरिका और चीन के रिश्तों के बीच सबसे संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है। अपनी यात्रा से

■ दानों नेताओं के बीच चर्चा के मुख्य विषय होंगे व्यापार, ताइवान और ईरान

पहले ट्रम्प ने सार्वजनिक बयानों में कई बार शी जिनपिंग की तारीफ की। सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे एक महान व्यक्ति हैं। मुझे वे बहुत ही अद्भुत इंसान लगते हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति शी के साथ मेरे रिश्ते बहुत अच्छे हैं। हम चीन के साथ काफी व्यापार करते हैं और बहुत पैसा कमा रहे हैं। ट्रम्प ने 'ट्रुथ सोशल' पर मजाक में यह भी लिखा कि जब दोनों नेता मिलेंगे, तो शी उन्हें 'गले लगाएंगे'। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, व्यापार, प्रतिबंधों और पश्चिम एशिया के संघर्ष के बावजूद विश्लेषकों का कहना है कि दोनों सरकारें रिश्तों को और बिगड़ने से रोकने तथा उन्हें बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हैं।




# ट्रम्प ने वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बताया

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने मानचित्र साझा किया, मजाक में दे चुके थे संकेत

■ ट्रम्प ने वेनेजुएला के तेल पर नियंत्रण करने के अपने इरादे की भी घोषणा की थी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक मानचित्र साझा किया है जिसमें वेनेजुएला को अमेरिका के 51वें राज्य के रूप में दिखाया गया है। ट्रम्प ने मजाक में वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ओर संकेत तब दिया जब उन्होंने मार्च में विश्व बेसबॉल क्लासिक सेमीफाइनल में इटली को हराने पर वेनेजुएला की राष्ट्रीय बेसबॉल टीम को बधाई दी थी।

उन्होंने इस त का श्रेय वेनेजुएला के अमेरिका के साथ सहयोग को दिया। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सोमवार को सोमवार को इस दक्षिण अमेरिकी देश के अमेरिका का 51वां राज्य बनने की कभी भी संभावना को खारिज कर दिया। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ने के लिए जनवरी की शुरुआत में वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई के बाद अमेरिका और वेनेजुएला ने राजनयिक संबंधों को बहाल करना शुरू कर दिया था। ट्रम्प ने वेनेजुएला के तेल पर नियंत्रण करने के अपने इरादे की भी घोषणा की थी।

## ट्रम्प के दावों के बावजूद ईरान की 70 प्रतिशत मिसाइल क्षमता सुरक्षितः रिपोर्ट

**वॉशिंगटन।** ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमता का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा सुरक्षित रखा है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास 33 में से 30 प्रक्षेपण स्थलों तक फिर से पहुंच बना ली है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी खुफिया आंकड़ों के हवाले से बताया कि ईरान के पास अभी भी अपनी मिसाइल प्रक्षेपण प्रणालियों का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अपने 90 प्रतिशत भूमिगत केंद्रों और प्रक्षेपण प्रणालियों तक पहुंच बहाल कर ली है जो आंशिक या पूर्ण रूप से उपयोग के लिए तैयार हैं। गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरानी क्षेत्र पर हमले शुरू किए थे। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य केंद्रों पर हमला किया। अमेरिका और इजरायल ने दावा किया कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से पैदा हुए खतरे का मुकाबला करने के लिए उनका 'निवारक' हमला आवश्यक था लेकिन उन्होंने जल्द ही यह स्पष्ट कर दिया कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं। गत सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान ने युद्धविराम की घोषणा की थी।




# भारत-रूस के बीच है अटूट रणनीतिक दोस्तीः लावरोव

■ गहरे भरोसे पर आधारित और लंबे समय से चल रही रणनीतिक साझेदारी करार दिया

**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को भारत-रूस संबंधों को 'गहरे भरोसे पर आधारित और लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक साझेदारी' करार देते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध केवल तेल और रक्षा सहयोग तक सीमित नहीं हैं।

लावरोव ने आरटी इंडिया को दिए एक विस्तृत साक्षात्कार में भारत की स्वतंत्रता के समय से द्विपक्षीय संबंधों की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि सोवियत संघ दौर के दशकों पुराने सहयोग ने आज की 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' की नींव रखी। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत-रूस संबंध मुख्य रूप से ऊर्जा और रक्षा व्यापार पर आधारित हैं, तो उन्होंने इस धारणा को खारिज करते हुए कहा कि यह केवल तेल और गैस तक सीमित नहीं है, यह इससे कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा, औद्योगिक उत्पादन, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया। लावरोव ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग 'खरीदार-विक्रेता' मॉडल से आगे बढ़कर संयुक्त उत्पादन व्यवस्था में बदल चुका है। उन्होंने ब्रह्मोस मिसाइल के संयुक्त उत्पादन, भारत में टी-90 टैंक के लाइसेंस प्राप्त निर्माण और कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल के उत्पादन जैसी परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ए पहल दोनों देशों के बीच 'उच्च स्तर के विश्वास' को दर्शाती हैं और रक्षा सहयोग में गोपनीयता भी न्यूनतम स्तर पर है। लावरोव ने भारत के लिए रूस को 'विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता' बताते हुए तेल, गैस, कोयला और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग जारी रहने की बात कही।




